हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



बोट क्लब में पर्यटक गर्म कपड़े में नजर आए

## देश के सबसे ठंडे टॉप 10 शहरों में 5 मप्र के, राजगढ़ लगातार दूसरे दिन टॉप पर

# 'भयंकर' सर्दी

## भोपाल में 5.2 डिग्री का नया रिकॉर्ड

- भोपाल में सर्दी ने तोड़ा ऑल टाइम रिकॉर्ड
- 5 शहरों में पारा 5 से 7 डिग्री के बीच
- कल के बाद कुछ राहत के आसार

**भीषण सर्दी क्यों?**

उत्तरी हवाओं के साथ राजस्थान से लगातार आ रही ठंडी हवाएं बढ़ा रही सर्दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में नवंबर में ही दिसंबर-जनवरी से भी अधिक सर्दी महसूस की जा रही है। सोमवार को मैदानी क्षेत्रों में देश के सबसे ठंडे 10 शहरों में 5 शहर मध्य प्रदेश के शामिल रहे हैं।

इनमें राजगढ़ में रात का पारा 5 डिग्री के साथ देश में लगातार दूसरे दिन सबसे ठंडा शहर रहा, जबकि भोपाल का पारा 1.2 डिग्री गिरकर 5.2 के साथ दूसरे नंबर पर रहा है। भोपाल में सर्दी ने अब तक सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 5.2 डिग्री का नया रिकॉर्ड कायम किया है। साथ ही उमरिया 7, इंदौर 7.2 और नौगांव 7.3 डिग्री के साथ देश के 10 सबसे ठंडे शहरों में शामिल हैं। कड़ाके की सर्दी और कोल्ड वेव को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर भोपाल और इंदौर ने सोमवार को स्कूलों के समय में बदलाव किया है। भोपाल में अब सुबह 8:30 और इंदौर में 9 बजे से स्कूल लगेंगे।

### स्कूलों का बदला समय

भोपाल व इंदौर जिले में स्कूलों का समय बदला, भोपाल में सुबह 8:30 बजे और इंदौर में 9 बजे से लगेंगे

### पांच शहर 7 डिग्री के नीचे

सोमवार को प्रदेश के 5 शहरों में रात का पारा 7 डिग्री के नीचे रहा है। इनमें राजगढ़ 5, भोपाल 5.2, शाजापुर 5.4, शहडोल 6.1 और सीहोर में रात का पारा 6.8 डिग्री दर्ज किया गया है।

### सीवियर कोल्ड वेव के साथ कोल्ड-डे



दिन में कोहरा नजर आया

सोमवार को धार, खंडवा, बड़वानी, रीवा, शहडोल, जबलपुर, मालाजखंड (बालाघाट), नौगांव (छतरपुर), बैतूल जिलों में शीतलहर रही। भोपाल, राजगढ़, सीहोर, इंदौर, शाजापुर जिलो में सीवियर कोल्ड वेव रही। साथ ही मलाजखंड में कोल्ड-डे रहा है।

### आज यहां कोल्ड वेव

मंगलवार को भोपाल और राजगढ़ में सीवियर कोल्ड वेव रहेगी, जबकि विदिशा, रायसेन, सीहोर, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, धार, देवास, शाजापुर, शिवपुरी, रीवा, सतना, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, सिवनी, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। इंदौर और बालाघाट में कोल्ड डे रह सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 50% आरक्षण की सीमा पार की तो चुनाव रोक देंगे



नई दिल्ली। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। भावी सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने चेतावनी दी कि स्थानीय निकाय चुनावों में 50% आरक्षण सीमा से अधिक नहीं दिया जा सकता। उल्लंघन किया तो चुनाव पर रोक लगा देंगे।

### एआई में 40 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान



नई दिल्ली। गूगल ने अगले कुछ वर्षों में अमेरिका के टेक्सास में 40 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान किया है। यह निवेश टेक, क्लिन एनर्जी और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर के एक प्रमुख केंद्र के रूप में टेक्सास में गूगल के लॉन्गटर्म विश्वास को दर्शाता है।

**शेख हसीना फिलहाल भारत में हैं**

अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने 'मानवता के खिलाफ' अपराध के मामले में दोषी करार दिया

# बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को 'फांसी की सजा'

शेख हसीना समेत अन्य अभियुक्तों पर पिछले साल 5 अगस्त को अशुलिया में छह छात्र प्रदर्शनकारियों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप था, जिनमें से पांच को बाद में जला दिया गया था, जबकि छठे को कथित तौर पर जीवित रहते हुए आग लगा दी गई थी



**शेख हसीना ने कहा- राजनीतिक प्रतिशोध के चलते उनके खिलाफ ये मुकदमे और फैसला, यह एक धांधली वाला न्यायाधिकरण**



फैसले से पहले हिंसा की तस्वीरें सामने आईं

**छात्र आंदोलन को कुचलने का भी आरोप**

### अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना को मौत की सजा देने की मांग की थी

शेख हसीना और अन्य पर आरोप था कि उन्होंने छात्र आंदोलन को कुचलने की कोशिश की और उनके नेतृत्व में जुलाई 2023 में सुरक्षा कार्रवाई में 1400 लोग मारे गए। अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना को हिंसा के पीछे का मास्टरमाइंड बताते हुए मौत की सजा की मांग की थी।

### हसीना को अब क्या अधिकार?

एक भगोड़ा, फरार रहते हुए अपील करने के अधिकारी नहीं है, सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर करने के लिए दोषी को या तो गिरफ्तार होना होगा या आत्मसमर्पण करना होगा 2. अपील फैसले के 30 दिनों के भीतर दायर की जानी चाहिए, और कानून के अनुसार अपीलीय प्रभाग को अपील दायर होने के 60 दिनों के भीतर उसका निपटारा करना होगा

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में दोषी करार दिया गया है। विशेष न्यायाधिकरण ने पूर्व पीएम को सभी पांचों मामलों में दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून के खिलाफ मामलों की सुनवाई पूरी कर सजा का ऐलान किया।

### ये हैं आरोप

अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना और अन्य पर हत्या, हत्या के प्रयास, यातना और अन्य अमानवीय कृत्यों का आरोप लगाया। साथ ही शेख हसीना और अन्य पर अवामी लीग और सशस्त्र बलों द्वारा नागरिकों के विरुद्ध किए गए इन अपराधों को बढ़ावा देने, भड़काने, सुगम बनाने, इनमें सहभागी होने और रोकने में विफल रहने का भी आरोप लगाया गया। आरोप था कि हसीना की 14 जुलाई की प्रेस वार्ता के बाद, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक मामून और तत्कालीन सरकार के अन्य उच्च अधिकारियों ने मानवता के खिलाफ अपराध में सहयोग किया, सहायता की और इसमें सहभागी थे। शेख हसीना पर हेलिकॉप्टरों, ड्रोनों और घातक हथियारों के इस्तेमाल से छात्र प्रदर्शनकारियों के सफाए का आदेश देने का आरोप है। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि तत्कालीन गृह मंत्री और तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक ने अपने अधीन कानून प्रवर्तन कर्मियों को निर्देश देकर इसमें



ढाका में प्रदर्शनकारियों को खदेड़ती पुलिस

हसीना पर फैसले से पहले ढाका में हिंसा और तनाव

## प्रदर्शनकारियों को गोली मारने के दिए आदेश

बांग्लादेश में हिंसा और अस्थिरता का दौर एक बार फिर तेज हो गया है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका समेत कई शहरों में धमाके और आगजनी हुई। इससे खासतौर से ढाका में तनाव बढ़ गया है। हिंसक प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश भी जारी कर दिया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब शेख हसीना के खिलाफ आईसीटी फैसला सुनाने जा रहा था। शेख हसीना ने अपने खिलाफ फैसला आने से पहले रविवार रात को सोशल मीडिया पर ऑडियो संदेश जारी किया। हसीना ने अपनी पार्टी अवामी लीग के समर्थकों से सरकारी प्रतिबंध के बावजूद विरोध प्रदर्शन जारी रखने के लिए कहा है।

### कई जगह धमाके और आगजनी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका और दूसरे शहरों में बीते कुछ दिनों में देसी बम विस्फोटों और वाहनों में आग लगाने की घटनाएं हुई हैं। इस कड़ी में रविवार देर रात अंतरिम सरकारी सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन के आवास के बाहर दो देसी बम फटे। रविवार को एक विस्फोट कारवां बाजार इलाके में हुआ। इससे किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ढाका में एक पुलिस स्टेशन परिसर में खड़ी बसों और कचरा डंपिंग स्थल को निशाना बनाकर आगजनी की गई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस आयुक्त एसएम सजात अली ने सुरक्षाबलों को हिंसा करने वाले प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश दिया है।

बिहार कैबिनेट में विधानसभा को भंग करने का प्रस्ताव पास

# नीतीश 19 को देंगे इस्तीफा, 20 नवंबर को नई सरकार का शपथ-ग्रहण संभव

**राज्यपाल से मुलाकात कर कैबिनेट के निर्णय की दी जानकारी**



नीतीश कुमार ने राज्यपाल से मुलाकात की

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजे आने के बाद राज्य में सरकार बनाने की हलचल तेज है। चुनाव में एनडीए को भारी जीत मिलने के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। उन्होंने सोमवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई, जिसमें मौजूदा विधानसभा को भंग करने का प्रस्ताव पास किया गया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में औपचारिक रूप से यह सिफारिश पारित की गई कि वर्तमान विधानसभा 19 नवंबर को भंग मानी जाएगी। कैबिनेट के फैसले के बाद मुख्यमंत्री तुरंत राजभवन पहुंचे और बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से उमुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को कैबिनेट के निर्णय की जानकारी दी। इससे साफ हो गया है कि नई सरकार के गठन की सभी संवैधानिक प्रक्रियाएं 19 नवंबर के बाद ही शुरू होंगी। 19 नवंबर को नीतीश कुमार राज्यपाल को अपना इस्तीफ़ा सौंपेंगे और माना जा रहा है कि उसके अगले ही दिन यानी 20 नवंबर को नई सरकार का शपथ-ग्रहण होगा। शपथ-ग्रहण समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए 20 तारीख तक आम लोगों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है।

### ये होगा

एनडीए की सभी पार्टियां अपने विधायक दल का नेता चुनेंगी, वहीं जेडीयू की बैठक में नीतीश कुमार को नेता चुना जाएगा। फिर एनडीए की साझा बैठक में नीतीश को सर्वसम्मति से नेता घोषित किया जाएगा

### फिर नीतीश ही बनाएंगे सरकार

अब साफ हो गया है कि आगामी सरकार का नेतृत्व भी नीतीश कुमार ही करेंगे। एनडीए ने 243 में से 202 सीटें जीतकर भारी बहुमत हासिल किया है। इसमें भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जबकि जेडीयू दूसरे नंबर पर रही।

चार दिनी 78 वें आलमी तबलीगी इज्तिमा का समापन

# भलाई मांगने लाखों लोगों ने उठाए दुआ में हाथ... एक साथ कहा-आमीन

**मौलाना सआद कांधालवी ने कराई दुआ**

**काजीकैंप से करोंद नबीबाग तक मेट्रो बेरिकेड्स बने अड़चन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले चार दिनों से ईंटखेड़ी के घासीपुरा में चल रहे 78वें आलमी तबलीगी इज्तिमा का समापन सोमवार सुबह देश में अमनो-अमन की दुआओं के साथ हुआ। मौलाना सआद कांधालवी ने दुआ कराई। आयोजन स्थल से लेकर तीन किमी तक सड़क खेत और घरों में बैठे लोगों ने आमीन कहा। दुआ में शिरकत के लिए बड़ी तादाद में लोगों ने रात से ही इज्तिमागाह पहुंचना शुरू कर दिया था। इंतजामिया कमेटी ने 12 लाख से अधिक लोगों के दुआ में शामिल होने का दावा किया है।



ईंटखेड़ी रोड पर जत्थे की वापसी के दौरान लाखों लोगों की भीड़ नजर आई

बाबा महाकाल की अगहन माह में सवारी निकालने की परंपरा, उमड़े श्रद्धालु

**मनमहेश रूप में जाना प्रजा का हाल**

# 5 किमी लंबे मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़...राजसी ठाठ-बाट से निकली महाकाल की अंतिम सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर से कार्तिक-अगहन माह की अंतिम शाही सवारी सोमवार को धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान भगवान मनमहेश के दर्शनों के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े।

सवारी का भ्रमण मार्ग लगभग पांच किलोमीटर लंबा था। सवारी निकलने से पहले शाम 3:30 बजे मंदिर के सभा मंडप में भगवान मनमहेश स्वरूप का पूजन किया गया। इसके बाद उन्हें रजत पालकी में विराजित किया गया। पूजन के समय एसपी प्रदीप शर्मा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने राजाधिराज को सलामी दी



बाबा महाकाल की जगह-जगह पूजा अर्चना करते श्रद्धालु

### सवारी में दिखा भव्य चल समारोह

चल समारोह में मंदिर का प्रचार वाहन सबसे आगे रहा, जिसके साथ यातायात पुलिस, तोपची दस्ते, श्री महाकालेश्वर का रजत ध्वज, महाकालेश्वर बैंड, घुड़सवार दस्ते और विशेष सशस्त्र बल शामिल हुए। पूरी यात्रा के दौरान भक्तों ने 'महाकाल महाराज की जय' के जयघोष के साथ वातावरण को पूर्णतः आध्यात्मिक रंग से भर दिया।

### मां क्षिप्रा के तट पर मनमहेश की आरती

रामघाट पर मां क्षिप्रा के तट पर भगवान श्री मनमहेश जी का पूजन, अभिषेक और आरती की गई। क्षिप्रा तट पर हुए इस पूजन के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की मौजूदगी देखी गई, जिन्होंने भगवान की दिव्य आरती के दर्शन किए। पूजन के बाद सवारी गंधर्व घाट, गणगौर दरवाजा, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती समाज का श्री जगदीश मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, मिर्जा नईम बेग, तेलीवाड़ा चौराहा, कंठाल, सतीगेट और सराफा होते हुए छत्री चौक पहुंची। इसके आगे बाबा की सवारी श्री गोपाल मंदिर पहुंची, जहां भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ प्रभु के दर्शन किए।

केरल में विशेष गहन पुनरीक्षण पर रार

# अधिकारी की आत्महत्या के बाद बीएलओ ने किया काम से बहिष्कार, जांच की मांग

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल में सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पूरे राज्य में प्रभावित रही क्योंकि बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) ने कथित तौर पर काम के तनाव के कारण एक अधिकारी की आत्महत्या के बाद काम का बहिष्कार कर दिया। जानकारी के मुताबिक, कन्नूर जिले के पय्यान्नूर में बीएलओ, 44 वर्षीय अनीश जॉर्ज रविवार को अपने घर में फंदे से लटके पाए गए। मामले में परिवार के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े काम के दबाव के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। इस बीच, सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जॉर्ज का शव उनके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया।


अनीश जॉर्ज

राज्य कर्मचारी संघों ने मांग की है कि सभी कर्मचारियों को ठीक से प्रशिक्षित किया जाए और ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में काम करने के लिए अतिरिक्त कर्मियों की नियुक्ति की जाए। इस विरोध में राजस्व विभाग के साथ-साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिड-डे मील कर्मचारी, नगर निगम और पंचायत कर्मी भी शामिल होंगे।संघ

## माकपा और कांग्रेस ने एक दूसरे पर लगाए आरोप

राज्य सरकार के कई संगठनों ने भी किया विरोध


घर-घर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण का काम करते बूथ स्तर के अधिकारी

### ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन

वहीं राज्य सरकार के कर्मचारियों के कई ट्रेड यूनियनों, जिनमें राज्य सरकार के कर्मचारियों और शिक्षकों की कार्य परिषद और शिक्षक सेवा संगठनों की संयुक्त समिति शामिल हैं, ने जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि अधिकारी बीएलओ पर अत्यधिक दबाव न डालें और एसआईआर को स्थगित करने पर विचार करें। केरल एनजीओ एसोसिएशन ने भी राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि आगे आत्महत्याओं को रोकने के लिए एसआईआर प्रक्रियाओं को रोका जाए।

### माकपा कार्यकर्ताओं की भूमिका की जांच होः सतीशन


वीडी सतीशन

विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि जॉर्ज की आत्महत्या में माकपा कार्यकर्ताओं की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। जॉर्ज को तब धमकाया गया था जब कांग्रेस का एक बूथ-स्तरीय एजेंट उनके साथ गणना के लिए गया था।

### माकपा कार्यकर्ताओं ने बीएलओ को धमकायाः जोसेफ


सनी जोसेफ

केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष सनी जोसेफ ने कहा कि गणना के दौरान कांग्रेस के बूथ-स्तरीय एजेंटों के साथ जाने पर माकपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें धमकी दी थी।

### बहिष्कार करेंगे राजस्व कर्मचारी

तमिलनाडु के राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने 18 नवंबर से शुरू होने वाले एसआईआर का बहिष्कार किया है। कर्मचारी संघों का कहना है कि उन पर बहुत अधिक काम का बोझ डाला जा रहा है, जबकि उपलब्ध जनशक्ति, प्रशिक्षण और संसाधन बेहद कम हैं।

असम में शुरू होगा एसआईआर

### 1 जनवरी तक जोड़े जाएंगे योग्य लोगों के नाम

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने असम में भी मतदाता सूची के एसआर का आदेश दिया। आयोग की ओर से असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जारी निर्देशों के अनुसार, एक जनवरी 2026 को वह तारीख मानी जाएगी, जिसके आधार पर यह विशेष पुनरीक्षण किया जाएगा। यानी उस दिन तक योग्य होने वाले लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा सकेंगे। यह वार्षिक विशेष सारांश पुनरीक्षण और मतदाता सूची के एसआईआर दोनों के बीच की प्रक्रिया जैसा है।

## खबर संक्षेप


### अंता उपचुनाव को लेकर विधायक सिंघवी नाराज

**बारां।** राजस्थान के बारां के अंता विधानसभा उपचुनाव के बाद छबड़ा से भाजपा विधायक प्रताप सिंह सिंघवी ने पार्टी द्वारा की गई उपेक्षा पर नाराजगी जताई है। उनकी यह नाराजगी वायरल हो रहे एक पत्र से सामने आई है जो उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखा था। पत्र में सिंघवी ने अपना दर्द बयां किया है।



### ईडी के समक्ष फिर पेश नहीं हुए अनिल अंबानी

**नई दिल्ली।** रिलायंस एडीएजी ग्रुप के चेयरमैन अनिल अंबानी जयपुर-रींगस हाइवे प्रोजेक्ट से जुड़ी फेमा जांच में सोमवार को दूसरे समन के बाद भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए। हालांकि, उन्होंने वर्चुअल पेशी का प्रस्ताव रखा है। इससे पहले शुक्रवार को भी वे पूछताछ के लिए नहीं आए।



### सहारा की संपत्ति बिक्री पर सुनवाई छह हफ्ते टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सहारा समूह की कंपनी की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह के लिए टाल दी है, जिसमें अदाणी समूह को अपनी कुछ संपत्तियां बेचने की अनुमति मांगी गई है। अदालत ने मामले में न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर नाफड़े की ओर से दाखिल नोट पर केंद्र सरकार से भी जवाब मांगा है।



### शिंदे की शिवसेना का पवार के साथ गठजोड़

**मुंबई।** नासिक जिले के येओला में राज्य के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने नगर पालिका परिषद चुनाव के लिए विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के साथ हाथ मिलाने का फैसला किया। येओला राज्य के मंत्री एवं राकांपा नेता छगन भुजबल का गृह क्षेत्र है। उनका मुकाबला भाजपा से होगा।



बिहार चुनाव में मिली करारी हार के बाद राजद का फैसला

# चुनाव परिणाम के खिलाफ कोर्ट जाएगी पार्टी तेजस्वी यादव विधायक दल के नेता चुने गए

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त मिलने के बाद सोमवार को डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेताओं के साथ समीक्षा बैठक की। पटना के पोलो रोड स्थित तेजस्वी आवास पर या बैठक हुई है। करीब चार घंटे तक बैठक चली। राजद नेताओं के साथ तेजस्वी ने बिहार विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा की गई।

नवनिर्वाचित विधायकों ने सोमवार को सर्वसम्मति से तेजस्वी यादव को विधायक दल का नेता चुन लिया। बैठक में विधायक आलोक मेहता ने कहा कि चुनाव के गड़बड़ी हुई है। इसीलिए ऐसा चौंकाने वाला परिणाम आया है। राजद के महज 25 प्रत्याशी ही विधानसभा चुनाव जीत पाए। मामले में राजद नेता रामानुज यादव ने बताया कि बैठक के हर एक नेता से बातचीत की गई। रिपोर्ट कार्ड देखा गया। इसके साथ ही चुनाव के परिणाम को लेकर कोर्ट जाने पर भी चर्चा हुई। इसे लेकर महागठबंधन के नेताओं की भी राय ली जाएगी। इधर, लालू परिवार जारी घमासान के बीच इस बैठक में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व सीएम राबड़ी देवी, सांसद मीसा भारती भी शामिल हुईं।

तेजस्वी यादव ने सभी हारे उम्मीदवारों से व्यक्तिगत तौर पर सुझाव भी लिया। उन्होंने बताया कि समीक्षा का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि गलती कहां हुई-क्या संगठन कमजोर पड़ा, बूथ प्रबंधन ढीला रहा, या चुनावी संदेश जनता तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाया

**हार पर विधायकों से वन-टू-वन चर्चा**

महागठबंधन के नेताओं से भी करेंगे बात

### सभी राजद नेता रिपोर्ट कार्ड लेकर आए


पटना के पोलो रोड स्थित तेजस्वी आवास पर बैठक में लालू यादव और तेजस्वी यादव

बैठक में तेजस्वी यादव ने चुनाव में जीते और हारे हुए विधायकों को बुलाया है। सभी राजद नेता अपना अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आए हैं। राजद सूत्रों ने बताया कि तेजस्वी यादव ने सभी हारे उम्मीदवारों से व्यक्तिगत तौर पर सुझाव भी लिया। उन्होंने बताया कि समीक्षा का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि गलती कहां हुई-क्या संगठन कमजोर पड़ा, बूथ प्रबंधन ढीला रहा, या चुनावी संदेश जनता तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पाया।

### निर्वाचन आयोग पर लगाया आरोप

पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि वोटिंग से पहले करोड़ों लोगों के खातों में दस-दस हजार रुपए भेजे गए तथा जनता से कहा गया कि सरकार बनवा दीजिए तो दो लाख रुपए और दिए जाएंगे। उन्होंने इसे लोकतंत्र का गला दबाने की संगठित कोशिश बताया। शाहीन ने यह भी दावा किया कि मतदान से

### हार की वजह खोजी जा रही

इस बैठक का मकसद यह पता करना था कि आखिर चूक कहां रह गई? जिन सीटों पर बेहद ही कम अंतर से हार मिली है उन सीटों की भी समीक्षा की जा रही। साथ ही सीमांचल में राष्ट्रीय जनता दल की जड़ें कमजोर होने की वजह भी खोजी जा रही। बैठक में आए विधायकों और प्रत्याशियों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर कई आरोप लगाए।

### राज्यपाल को नवनिर्वाचित विधायकों की सूची सौंपी


राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को 243 नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपी।

बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के दो दिन बाद, बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने पटना स्थित राजभवन में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को राज्य विधानसभा के 243 नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची सौंपी। सीईओ विनोद गुंजियाल और ईसीआई के अरविंद आनंद ने विधानसभा चुनाव-2025 की निर्वाचित सदस्यों की सूची और भारत के चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित अधिसूचना बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को सौंप दी।

राजभवन में हथियार होने का आरोप

## सुरक्षा बलों के साथ तलाशी अभियान चलाएंगे राज्यपाल


पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी के आरोपों के बाद राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राजभवन में तलाशी अभियान चलाने का फैसला किया है। दरअसल टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने हाल ही में आरोप लगाया कि राजभवन में भाजपा के अपराधियों को पनाह दी जा रही है और उन्हें हथियार दिए जा रहे हैं।

इसके बाद राज्यपाल ने भी टीएमसी राजभवन के अधिकारियों ने बताया कि एक संयुक्त टीम द्वारा पूरे राजभवन की तलाशी ली जाएगी। इस टीम में कोलकाता पुलिस, केंद्रीय सुरक्षाबल के लोग शामिल होंगे और इस टीम का नेतृत्व राज्यपाल सीवी आनंद बोस करेंगे। राज्यपाल के नेतृत्व वाली टीम राजभवन में हथियारों की मौजूदगी का पता लगाएगी।

### माफी मांगे सांसद

टीएमसी सांसद के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए राज्यपाल ने कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। राज्यपाल ने कहा कि जब सत्ताधारी पार्टी के सांसद कहते हैं कि राजभवन में हथियार उपलब्ध हैं तो इसका मतलब ये है कि उनका अपने ही राज्य की पुलिस पर भरोसा नहीं है? राज्यपाल ने चेतावनी दी है कि टीएमसी सांसद अपने बयान के लिए या तो माफी मांगें नहीं तो वे कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। राज्यपाल ने टीएमसी सांसद के आरोप पर कानून सलाह भी मांगी है। टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया था कि बंगाल के राज्यपाल को कह दें कि वे भाजपा के अपराधियों को राजभवन में बुलाना बंद करें। वह उन्हें वहां रख रहे हैं और उन्हें हथियार दे रहे हैं ताकि वे टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले कर सकें। जब तक ये राज्यपाल, राजभवन में हैं, तब तक बंगाल के साथ कुछ अच्छा नहीं हो सकता।

### वार्ताकार की नियुक्ति का आदेश रद्द करेंः ममता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने पीएम नरेंद्र मोदी को फिर से पत्र लिखकर केंद्र से अनुरोध किया कि वह दार्जिलिंग पहाड़ियों के गोरखाओं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी की वार्ताकार के रूप में नियुक्ति को रद्द कर दें। पत्र में बेनर्जी ने कहा कि यह कदम संवैधानिक प्रावधानों और गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन (जीटीए) अधिनियम, 2011 के तहत राज्य के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करता है। उन्होंने लिखा कि मेरे पत्र के जवाब में कोई और संवाद किए बिना वार्ताकार का कार्यालय पहले ही काम करना शुरू कर चुका है।

विधायकों की अयोग्यता का मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना स्पीकर को भेजा अवमानना नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बीआरएस विधायकों के अयोग्यता मामले पर तेलंगाना के स्पीकर को अवमानना नोटिस जारी किया है। यह नोटिस, विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लेने के निर्देश का पालन न करने के लिए जारी किया। बीती 31 जुलाई को मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने विधानसभा स्पीकर को निर्देश दिया था कि वे तीन महीने के भीतर बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लें। हालांकि स्पीकर ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद तय समयसीमा के भीतर फैसला नहीं लिया। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई, जिस पर सुनवाई के दौरान पीठ ने इसे अदालत की घोर अवमानना माना और स्पीकर को नोटिस जारी किया है। हालांकि पीठ ने तेलंगाना स्पीकर को अभी अगले आदेश तक अदालत में पेश होने से छूट दे दी है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल बोले

## जल्द ही प्लास्टिक का 100% रियूज और रिसाइक्लिंग करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार भारत के डीप टेक इकोसिस्टम को मजबूत करने, ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाने और इनोवेशन-एंटरप्रेन्योरशिप को प्रमोट करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के क्रम में आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क (आईआईएमसीआईपी) और प्लास्टइंडिया फाउंडेशन की स्टार्टअप सर्च पहल को लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि इस पहल के साथ प्लास्टिक इंडस्ट्री प्लास्टिक के 100 प्रतिशत रियूज और रिसाइक्लिंग की ओर एक महत्वपूर्ण छलांग लगाएगी। यह पहल देश के राष्ट्रीय सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों और एनवायरमेंटली रिस्पॉन्सिबल प्रोडक्ट्स को लेकर बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

'बहुत खराब' एक्यूआई पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## निर्माण कार्य पर कोई 'प्रतिबंध' नहीं लाखों लोगों की कमाई इस पर निर्भर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 'बहुत खराब' वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के बावजूद निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्माण कार्य में पूर्ण प्रतिबंध लगाने से इनकार करते हुए कहा कि पर्यावरण संबंधी चिंताओं को विकास के साथ संतुलित करने की जरूरत है। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह दिल्ली में तेजी से बढ़ते प्रदूषण के स्तर को रोकने के सख्त निर्देश जारी नहीं कर सकते। समस्या से निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान तैयार करने होंगे। पीठ ने केंद्र से 19 नवंबर तक संकट से निपटने के लिए एक योजना भी मांगी।


दिल्ली की सड़क पर एंटी स्मोग वाहन पानी की बौछार करते हुए

### केंद्र को आगे आना चाहिए

अदालत ने दोहराया कि वह दिल्ली के प्रदूषण प्रबंधन को साल-दर-साल नहीं चला सकती और इसकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी केंद्र सरकार की है। पीठ ने कहा कि लाखों परिवार आजीविका के लिए निर्माण और उससे जुड़ी गतिविधियों पर निर्भर हैं। कोर्ट ने कहा कि व्यापक प्रतिबंध के गंभीर सामाजिक-आर्थिक परिणाम होंगे।

### शीघ्र ही बुलाएंगे बैठक

केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने 11 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर के पर्यावरण मंत्रियों के साथ बैठक की थी तथा शीघ्र ही एक अन्य बैठक में तत्काल उपायों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। मानव अधिकारों को प्रभावित किए बिना प्रदूषण पर कितना अंकुश लगाया जा सकता है।

भारत के 17 बौद्ध संगठन पहली बार एक साथ

## बोधगया में होगा 20वां अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक जप समारोह, 15000 भिक्षु शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के 17 बौद्ध संगठन पहली बार बिहार के बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में 20वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक जप समारोह का सामूहिक आयोजन करने के लिए एक साथ आए हैं। 2006 से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह आयोजन 2-13 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसके बाद जेठियन घाटी से राजगीर के वेणुवन के बांस के बाग तक पारंपरिक स्मारक पदयात्रा होगी। इसका आयोजन दो दशकों से लाइट ऑफ बुद्धा धर्म फाउंडेशन इंटरनेशनल (एलबीडीएफआई-यूएसए) की संस्थापक और कार्यकारी निदेशक सुश्री वांगमो डिक्सी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बुद्ध की पवित्र मातृभूमि में धर्म की ध्वनि को वापस लाना एक अत्यंत सौभाग्य की बात है, जो भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय संघ सदस्यों और गृहस्थ भक्तों के सहयोग से संभव हुआ है।


समारोह की जानकारी देते अधिकारी

### सबसे बड़ा थेरवाद बौद्ध समागम

यह सबसे बड़ा थेरवाद बौद्ध समागम है, जिसमें दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से हज़ारों भिक्षु और श्रद्धालु आते हैं। इस वर्ष, 15,000 से ज़्यादा भारतीय भिक्षुओं और आम लोगों के साथ अमेरिका, बांग्लादेश, कंबोडिया, लाओस पीडीआर, इंडोनेशिया, नेपाल, म्यांमार, थाईलैंड, श्रीलंका और वियतनाम से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के भी इसमें शामिल होने की उम्मीद है। 1,000 स्वयंसेवक इस आयोजन के संचालन में सहयोग करेंगे।

वार्षिक तीर्थयात्रा के दिन केरल भाजपा का एक करोड़ हस्ताक्षर अभियान शुरू

# सबरीमाला सोना चोरी मामले में पीएम से हस्तक्षेप की मांग

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल भाजपा ने सोमवार को सबरीमाला के सोने से जुड़े विवाद को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए बड़ा कदम उठाया। पार्टी ने अयप्पा भक्तों से एक करोड़ हस्ताक्षर जुटाने का अभियान शुरू किया है, ताकि पीएम नरेंद्र मोदी से सीधे हस्तक्षेप की मांग की जा सके। यह अभियान मलयालम महीने वृश्चिकम के पहले दिन शुरू हुआ, यानी वह दिन जब सबरीमाला में वार्षिक तीर्थयात्रा की शुरुआत होती है। शुभारंभ तिरुवनंतपुरम के प्रसिद्ध पाझवंगड़ी गणपति मंदिर के सामने भाजपा राज्य महासचिव एस. सुरेश ने किया।

### सबरीमाला और त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड की कैग से विशेष ऑडिट कराएं


पीएम नरेंद्र मोदी


सबरीमाला मंदिर

### परत चढ़ाने के कामों में भारी अनियमितताएं

भाजपा के राज्य अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सबरीमाला में सोने की परत चढ़ाने से जुड़े कामों में अनियमितताएं हुई हैं, और यात्रियों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है। यह भी मांग की कि त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड की पिछले 30 वर्षों का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से विशेष ऑडिट कराया जाए।

### तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के अयप्पा भक्तों से भी अपील

एस. सुरेश ने कहा कि भक्तों के हस्ताक्षर पीएम को सौंपे जाएंगे। उन्होंने पड़ोसी तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के अयप्पा भक्तों से भी इस अभियान में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि सबरीमाला की रक्षा के लिए यह एकजुटता जरूरी है। सबरीमाला में जो हुआ, वह सिर्फ सोने की चोरी नहीं थी, बल्कि श्रद्धास्थल को चोट पहुंचाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा था।


महासचिव एस. सुरेश

### गुप्त रूप से सबरीमाला को कमजोर किया जा रहा

भाजपा नेता ने केरल की पिछली एलडीएफ (वाम लोकतांत्रिक मोर्चा) और यूडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) सरकारों पर आरोप लगाया कि वे 'सबरीमाला को कमजोर करने की कोशिशें करती रही हैं, और यह सब एजेंटों व बिचौलियों के जरिए गुप्त रूप से किया गया। यह मामला राष्ट्रीय मंच पर लाया जाना जरूरी है, और हस्ताक्षर अभियान उसी दिशा में पहला कदम है। राज्य के कई हिस्सों में सोमवार को हस्ताक्षर संग्रह भी शुरू हो गया।

जबलपुर
मंगलवार, 18 नवंबर 2025
- अगहन मास कृष्ण पक्ष –14
- वर्ष : 20, अंक : 200
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 25
न्यूनतम. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




8 भारत के अगले कदम का इंतजार

मैट्रो
14 धान खरीदी हुई एक माह लेट...



सोशल मीडिया में आई बस और टैंकर में टक्कर की तस्वीर

उमराह के लिए मदीना जा रहे लोगों की बस तेल टैंकर से टकराई

# बस में सवार सोते हुए 45 भारतीय जिंदा जले

- अब मृतकों की पहचान करना भी मुश्किल
- मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी
- इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सऊदी अरब में हुए एक भीषण सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई है। मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी थे। यह हादसा उस समय हुआ, जब उमराह के लिए गए लोगों को लेकर जा रही बस एक तेल के टैंकर से टकरा गई। हादसा मदीना के नजदीक हुआ और हादसे में मरने वाले भारतीय उमराह यात्री हैं। हैदराबाद के पुलिस आयुक्त ने इसकी पुष्टि की है। उमराह गए लोगों को लेकर बस मक्का से मदीना जा रही थी।

हैदराबाद पुलिस आयुक्त ने बताया

## हादसे में सिर्फ एक व्यक्ति जीवित बचा

हैदराबाद पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार ने बताया कि बीती 9 नवंबर को हैदराबाद से 54 लोग उमराह के लिए जेद्दाह गए थे और इन लोगों को 23 नवंबर को वापस आना था। इन 54 में से चार लोग एक कार से मक्का से मदीना जा रहे थे और चार अन्य लोग मक्का में ही रुक गए थे। बाकी लोग हादसे का शिकार हुई बस में सफर कर रहे थे। हादसे के समय बस में 46 लोग सवार थे। हादसे में सिर्फ एक व्यक्ति जीवित बचा है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर जताया दुख

## रियाद और जेद्दाह के दूतावास मदद मुहैया करवा रहे


नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सऊदी अरब हादसे पर दुख जताया। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुए हादसे से बेहद दुखी हूं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं हादसे में घायल लोगों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। रियाद स्थित हमारा दूतावास और जेद्दाह का महावाणिज्य दूतावास हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं।




## तेलंगाना से एक टीम सऊदी अरब रवाना

एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से हादसे में मारे गए लोगों के शवों को वापस भारत लाने में मदद की अपील की है। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने तुरंत मुख्य सचिव और डीजीपी को हादसे से जुड़ी पूरी जानकारी जुटाने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में एक कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए गए हैं ।

- जेद्दाह स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका टोल फ्री नंबर है 8002440003
- भारत में इन नंबरों पर ली जा सकती है जानकारी 8002440003 (टोल फ्री), 0122614093, 0126614276, 0556122301 (वाट्सएप नंबर)

राजधानी के रवींद्र भवन में आयोजित 29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में सीएम ने कहा

# ढाई लाख भर्तियों का टारगेट, जल्द 1 लाख शासकीय पदों पर मिलेंगे नौकरी के अवसर


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में 7 लाख युवाओं को स्वरोजगार के लिए 5 हजार करोड़ के ऋण प्रदान किए गए हैं, जिससे वे अपने स्वावलंबी जीवन की नींव रख सकें

विकसित भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में ही सुरक्षित


मुख्यमंत्री यादव खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करते हुए

11 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए

- भारत की पश्चिमी अंतर्राष्ट्रीय सीमा भ्रमण के लिए जा रहीं 3 बसों को हरी झंडी दिखाई इसमें 144 युवतियां
- सभी संभागों के युवाओं द्वारा तैयार प्रादर्शों (मॉडल्स) का अवलोकन किया

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकसित भारत का भविष्य युवाओं के हाथों में ही सुरक्षित है। यही राज्य की भी असली मैनपावर है। इसे ध्यान में रख कर ही हमारी सरकार ने वर्ष 2025 को निवेश, रोजगार और युवाओं के कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण वर्ष के रूप में मनाया। इस दौरान 11 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। कर्मचारी चयन मंडल एवं मप्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से लगभग एक लाख पदों पर भर्ती तेजी से जारी है। सरकार का लक्ष्य इसे 2.5 लाख भर्तियों तक पहुंचाने का है। डॉ. यादव सोमवार को रवींद्र भवन में आयोजित 29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में 7 लाख युवाओं को स्वरोजगार के लिए 5 हजार करोड़ के ऋण प्रदान किए गए हैं।

### नृत्याचार्य व खिलाड़ियों का किया सम्मान

डॉ. यादव ने नृत्याचार्य पद्मश्री श्री रामलाल बरेठ को 51 हजार रुपए, शूटिंग प्लेयर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को 2 लाख रुपए एवं एथलीट सुश्री रंजना यादव को एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि के चेक एवं सम्मान-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने मां तुझे प्रणाम योजना के तहत 144 युवतियों को भारत की पश्चिमी अंतर्राष्ट्रीय सीमा भ्रमण के लिए जा रहीं 3 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### युवाओं ने सभी क्षेत्रों में लगाई लंबी छलांग

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए हमारी युवा शक्ति नए-नए कीर्तिमान गढ़ रही है। मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने ओलिंपिक से लेकर अनेकों प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आज युवा शक्ति के माध्यम से भारत ने सभी क्षेत्रों में लंबी छलांग लगाई है। खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि युवा खेल के माध्यम से शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहें। इसके लिए युवाओं को योग और खेल से जोड़ा जा रहा है। हमारे युवा विकासित भारत @2047 एवं मध्यप्रदेश को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

धर्मेंद्र 8 दिसंबर को 90 साल के हो जाएंगे

धर्मेंद्र की तबीयत में हो रहा सुधार

# हेमा मालिनी से मिले शत्रुघ्न ड्रीम गर्ल के चेहरे पर मायूसी

परिवार में जन्मदिन मनाने की प्लानिंग


शत्रुघ्न सिन्हा पत्नी पूनम सिन्हा के साथ हेमा मालिनी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कुछ दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र फिलहाल अपने घर पर डॉक्टर्स की देखरेख में हैं। धर्मेंद्र अब धीरे धीरे रिकवर हो रहे हैं। एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा पत्नी पूनम सिन्हा के साथ हेमा मालिनी से मिलने गए और धर्मेंद्र के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। हेमा मालिनी से मिलने के बाद, शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने एक्स अकाउंट पर हेमामालिनी के साथ अपनी मुलाकात की कुछ तस्वीरें शेयर कीं और लिखा- पूनम सिन्हा के साथ, हमारी बहुत प्यारी पारिवारिक दोस्त, बेहतरीन इंसानों में से एक, बेहतरीन स्टार, उच्चतम क्षमता की कलाकार, एक योग्य सांसद ड्रीम गर्ल हेमा से मिलने, उनका अभिवादन करने और ईश्वर की कृपा पाने के लिए गया। बताया जाता है कि हेमामालिनी के चेहरे पर अभी मायूसी ही है।






सीएम आज करेंगे राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का शुभारंभ

# 31 प्रदेशों के 900 से ज्यादा विद्यार्थी करेंगे 'सहभागिता'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

- 23 नवंबर तक होंगी विज्ञान पर केंद्रित गतिविधियां

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में 18 नवंबर मंगलवार को प्रातः 9:45 पर 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। प्रदर्शनी का आयोजन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, श्यामला हिल्स, भोपाल में किया जा रहा है। प्रदर्शनी के आयोजन में स्कूल शिक्षा विभाग सहभागिता कर रहा है। इसमें 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 900 से ज्यादा विद्यार्थी एवं शिक्षक विज्ञान पर केंद्रित प्रोजेक्ट एवं मॉडल प्रदर्शित करेंगे। कार्यक्रम में देश के समस्त प्रदेश एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के स्कूली विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से विभिन्न वैज्ञानिक संस्थाओं जैसे आंचलिक विज्ञान केंद्र, आईसर, मैनिट, आईसेक्ट एवं ग्लोबल स्किल पार्क के वैज्ञानिक सहभागी विद्यार्थियों के साथ वैज्ञानिक वार्ता में विशेष व्याख्यान देंगे।

### 240 साइंस मॉडल का होगा प्रदर्शन

प्रदर्शनी में प्रतिदिन 2 हजार विद्यार्थी एवं नागरिक अवलोकन करने पहुंचेंगे। प्रदर्शनी में 240 साइंस मॉडल का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसमें प्रतिभागी विद्यालयों की संख्या 229 है। यह प्रदर्शनी देश के विभिन्न भागों के युवाओं एवं बच्चों को विज्ञान, गणित तथा पर्यावरण संबंधी मुद्दों के विभिन्न पहलुओं के विषय में जानकारी प्राप्त करने और एक-दूसरे के साथ अपनी विविध संस्कृतियों को साझा करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगी।

## अल फलाह विवि. अध्यक्ष के भाई पर शिकंजा, महू पुलिस ने दबोच लिया

इंदौर। दिल्ली विस्फोट मामले में जांच के घेरे में आए अल फलाह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जावेद सिद्दीकी के भाई को मप्र पुलिस ने महू में वित्तीय धोखाधड़ी के सिलसिले में हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 25 साल पहले महू में बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी करने के आरोपी हमूद अहमद सिद्दीकी को रविवार को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया। महू के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ललित सिंह सिकरवार ने बताया कि हमूद 2000 में कथित तौर पर एक फर्जी निजी बैंक स्थापित करने और सैकड़ों निवासियों को उनकी जमा राशि दोगुनी करने का वादा करके उन्हें लुभाने के बाद महू से गायब हो गया था।

जापान में अनोखी शादीः लेकिन, एआई इंसानी इंटिमेसी की जगह नहीं ले सकता

महिला ने ब्रेकअप के बाद चैटजीपीटी से बनाए गए एआई पार्टनर से प्रतीकात्मक शादी की

# 32 वर्षीय महिला ने एआई को बनाया जीवनसाथी कहा- अब इंसानों से ज्यादा 'एआई' पर ही भरोसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल अब सिर्फ आपकी मदद करने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ये इससे कहीं आगे बढ़ चुका है। एआई के इन्वेंशन ने तकनीक के इस्तेमाल का तरीका पूरी तरह बदल दिया है। अब इंसान इससे केवल मदद ही नहीं ले रहे, बल्कि भावनात्मक रिश्ता भी जोड़ रहे हैं।


हैरानी की बात तो ये है कि अब यह इंसानों के बीच के रिश्तों को भी प्रभावित करने लगा है। कई मामलों में देखा गया है कि लोग इंसानों के बजाए एआई को अपना बेहतर साथी मान रहे हैं।

निजी समारोह में रिंग एक्सचेंज से लेकर पारंपरिक रीति-रिवाज तक सभी रस्में निभाई गईं


एआई फोटो के साथ महिला कानो

**एआर ग्लासेज पहन कर**

चूंकि दूल्हा एक एआई था इसलिए उसे एआर ग्लास के उपयोग से एक वर्चुअल माहौल में लाया गया ताकि असली जैसा महसूस हो। एआर ग्लास में वह महिला के सामने खड़ा दिख रहा था। ग्लास पहने ही महिला ने एआई से रिंग एक्सचेंज किया।

ठंड के प्रकोप को देखते हुए महापौर खुद रैन बसेरों में पहुंचे

# बिना छत के न कोई सोयेगा न कोई भूखा रहेगा : महापौर

## वृद्धा को हाथ पकड़कर खुद उनका बैग लेकर आटो में बिठाकर महापौर पहुंचे रैनबसेरा

जबलपुर।

**बिना छत के शहर में न कोई सोयेगा न ही कोई भूखा रहेगा, यह उद्गार नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने व्यक्त किया और इस संकल्प को पूरा करने शहर के चारों, तिराहों पर खुले आसमान के नीचे सोने वाले निराश्रितों को ठंड के प्रकोप से बचाने तथा रैन बसेरों में आश्रय दिलाने निकल पड़े। महापौर श्री अन्नू ने मानवीय पहल करते हुए हाईकोर्ट, तहसील, मालगोदाम चौक के साथ-साथ एम्पायर चौक, सिविल लाइन चौक, रेलवे स्टेशन प्लेट फार्म नं. 1 एवं 6 के बाहर फुटपाथ पर चौराहों एवं तिराहों पर सोने वाले 30 निराश्रितों को आग्रह के साथ राजा गोकुलदास धर्मशाला परिसर में संचालित रैन बसेरा में पहुँचाने का कार्य किया।**



महापौर श्री अन्नू ने बताया कि नगर निगम के द्वारा निराश्रितों को रहने एवं खाने के लिए रैन बसेरों में उत्तम व्यवस्थाएं कराई गयी है, जहाँ पर पलंग, तकिया, कम्बल, के साथ हीटर, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ बगल में दीनदयाल अंत्योदय रसोई घर की व्यवस्था है जहाँ पर खाने की व्यवस्था भी उत्तम है। इस संबंध में सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया। महापौर श्री अन्नू के द्वारा खुद अपने हाथों से बैग उठाकर माँ स्वरूपा वृद्धा को हाथ पकड़कर रैन बसेरा में पहुचाया। इस अवसर पर उन्होंने 30 निराश्रितों को रैन बसेरों में पहुँचाने का कार्य किया। इस अवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, पार्षद अनुराग दाहिया, दल प्रभारी लक्ष्मण कोरी, सिटी मिशन मैनेजर चंदन प्रजापति भी उपस्थित रहे। महापौर ने बताया कि यह मानवीय पहल लगातार जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा भी सभी रैनबसेरों में बेहतर व्यवस्थाएं कराई गयी है और इस पुनीत कार्यो में एन.यू.एल.एम. टीम के साथ-साथ अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को भी सहयोग करने के निर्देश दिये गए हैं।



# बाजार क्षेत्रों से हटाये जा रहे हैं अतिक्रमण हो रहा है यातायात सुगम : निगमायुक्त

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा शहरहित में तथा नागरिकों के सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था प्रदान करने लगातार कार्य योजना के अनुरूप अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार आज सुपर मार्किट से होते हुए लॉर्ड गंज थाना, बड़ा फुहारा, गल्ला मंडी से पड़ाव, बड़ा फुहारा से कमानिया, विजय कट पीस, अंदेर देव, गंजीपुरा तक रोड़ फुटपात पे लगे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई, जिससे नागरिकों को आवागमन करने में बहुत राहत मिली। इसी प्रकार धन्वंतरी चौक से अतिक्रमण हटाये गए, गढ़ा थाने के पास खटवानी शोरूम के पास अवैध पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को हटाने और चालान की कारवाही की गयी। इस संबंध में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ सड़क किनारे दुकान लगाकर यातायात प्रभावित न करने की समझाईश भी दी जा रही है। इस कार्रवाई की सराहना नागरिकों ने की है। कार्रवाई के संबंध में अपर आयुक्त अरविन्द शाह, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से एवं सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दिनांक 17 नवम्बर 2025 को सुपर मार्किट से होते हुए लॉर्ड गंज थाना, बड़ा फुहारा, गल्ला मंडी से पड़ाव, बड़ा फुहारा से कमानिया, विजय कट पीस, अंदेर देव, गंजीपुरा तक फुटपाथ पर लगे स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को हटवाकर यातायात व्यवस्थाएँ सुदृढ कराई गयी तथा बैनर, पोस्टरों को भी हटाया गया। अधिकारी द्वय ने यह भी जानकारी दी कि स्वच्छता को प्रभावित करने वाले वर्षों से सड़क किनारे जमे चाय पान के टपरों को भी जप्त करने की कार्रवाई के साथ-साथ विद्युत पोलों और सड़क किनारे की जालियों में लगे पुराने फटे बैनर पोस्टर को भी निकालने की कार्रवाई की गयी। कार्रवाई के दौरान मौके पर दलप्रभारी जोसफ प्रवीण, लक्ष्मण कोरी, दुर्गा राव, अंकित पारस, वीरेन्द्र मिश्रा, कुलदीप त्रिपाठी, अभिषेक समुद्रे, ब्रज किशोर तिवारी, नदीम अहमद खान और सहायक दल प्रभारी आरिफ अहमद खान, शुभम खरे मौके पर मौजूद रहे।

## मोबाइल लूटने के आरोपियों को 3-3 साल की कैद

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अरूण कुमार गोयल की अदालत ने लार्डगंज थाना क्षेत्र में हुई लूट के वारदात के आरोपी मोहित उर्फ अनुज कोरी व देवांश श्रीवास्तव का दोष सिद्ध पाते हुए दोनों को तीन-तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही अर्थदंड भी लगाया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक गत 31 मार्च 2025 को राहुल मेहरा जब मोटर सायकिल से रानीताल स्थित अपने होटल जा रहा था तभी नायक अस्पताल के तिराहे पर एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन लूट लिया। लुटेरे में से एक को उसने पकड़ लिया, तभी दूसरे ने उस पर चाकू से वार कर दिया और एक्टिवा में भाग गए। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी मोहित उर्फ अनुज कोरी व देवांश श्रीवास्तव के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी भगवत उइके ने पैरवी की, जिनके तर्को से सहमत होकर अदालत ने आरोपियों को सजा सुना दी।

# महापौर गुरूकुल के मेधावी छात्र-छात्राओं ने पूरी की सपनों की उड़ान

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने 3 वर्ष पूर्व नगर निगम के स्कूलों के बच्चों से वादा किया था कि वे यदि 85 प्रतिशत के ऊपर अंक लेकर आते हैं तो उनको हवाई यात्रा कराई जायेगी। छात्र-छात्राओं के लिये यह टास्क एक सपने जैसा था, लेकिन बच्चे भी कहां पीछे हटने वाले थे। प्रतिदिन निःशुल्क कोचिंग के साथ खेलकूद एवं संगीत की भी शिक्षा सभी बच्चे विद्यालय के शिक्षकों और महापौर गुरूकुल के शिक्षकों द्वारा दी जा रही निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से तैयारियों में जुट गये। इसका परिणाम यह रहा कि इस साल 15 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत अंक अर्जित किये। उन सभी मेधावी छात्र-छात्राओं ने हवाई यात्रा कर इन्दौर नगर का भ्रमण कर जीवन का आनंद लिया। छात्र-छात्राओं का कहना था कि उन्होंने जो सपना देखा था आज वो पूरा हुआ है। यह महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के संकल्प की वजह से साकार हो पाया है।



बच्चों ने हवाई यात्रा के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि उनके जीवन की पहली उड़ान उनके लिए रोमांच भरी एवं सपनों को पूरा करने जैसी रही है। इस दौरान उन्होंने इन्दौर के फाइव स्टार होटल में रूकने का अनुभव, इन्दौर शहर की साफ सफाई एवं विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर बेहतर जानकारी एवं नया अनुभव प्राप्त किया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने उनके इस अनुभव को एक अच्छे अनुभव के रूप में छात्र-छात्राओं को जीवन में शामिल करने के लिए कहा एवं उनसे ये अपेक्षा की कि उपलब्धियाँ उन्हें जीवन में आगे भी प्राप्त होगी उसके लिए आप सभी को अपने लक्ष्य को केन्द्रित करके रखना होगा साथ ही आगे भविष्य में आने वाली पीढ़ी को भी आपको प्रोत्साहित करने का कार्य करना होगा। इस दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने चर्चा के दौरान बताया कि नगर निगम के पाँचों स्कूल जो स्मार्ट क्लास से सुसज्जित हैं, महापौर गुरूकुल के माध्यम से अब स्मार्ट भी हो रहे हैं। जिसमें बच्चों को निःशुल्क कोचिंग के साथ-साथ, ग्रीष्म कालीन शिविर के माध्यम से तैराकी, शूटिंग, टर्फ मैदान में क्रिकेट एवं फुटबाल जैसे का प्रशिक्षण दिया जाता है साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनकी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन कराया जाता है वहीं शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के सम्मान के साथ राष्ट्र प्रेम की अलख जगाने के लिए बच्चों को देशभक्ति से ओतप्रोत फिल्म भी दिखाई जाती है। इन्दौर शहर की यात्रा करने के उपरांत महापौर श्री अन्नू द्वारा हवाई यात्रा के अनुभव को साझा करने के लिए महापौर कक्ष में बच्चों ने महापौर से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया और इस दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर निगम शाला के प्राचार्य प्राचार्य डॉं. शैलेन्द्र पाण्डेय, डॉं. नर्मदा प्रसाद शर्मा, श्रीमती दीप्ती शर्मा, डॉं. राकेश जैन, श्रीमती कीर्ति परोहा, श्रीमती रागनी गर्ग, श्रीमती संगीता दीक्षित, महापौर कुरूकुल मेकलसुता इंस्टीट्यूट के संचालक जयदीप मिश्रा, को ऑर्डिनेटर अभिषेक पाठक आदि भी शामिल रहे।

## निराश्रित वृद्धाश्रम में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

### विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन

**जबलपुर।** सोमवार को निराश्रित वृद्धाश्रम में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ। शक्ति वर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों को इस अधिनियम के महत्व और उनके अधिकारों के विषय में जागरूक किया। श्रीमती वर्मा ने बताया कि यह अधिनियम एक भारतीय कानून है, जो माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण, सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रभावी प्रावधान प्रदान करता है। यह अधिनियम बच्चों और रिश्तेदारों पर अपने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल करने की कानूनी जिम्मेदारी डालता है और भरण-पोषण के लिए एक त्वरित और सस्ती प्रक्रिया उपलब्ध कराता है।

## प्राचार्यों को राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति में संविलियन के संबंध में निर्णय लो

### हाईकोर्ट का निर्देश

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने अलग-अलग विद्यालयों में पदस्थ प्राचार्यों को राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) में संविलियन करने के संबंध में निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने नेशनल एजुकेशन सोसायटी फॉर ट्रायबल स्टूडेंट्स को इस संबंध में 60 दिन में याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए।

जबलपुर निवासी राजकुमार डेहरिया सहित अन्य की ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिकाकर्ता एकलव्य आदर्श



आवासीय विद्यालय में प्राचार्य के पद पर पदस्थ हैं। एकलव्य विद्यालय केन्द्र सरकार द्वारा संचालित हैं। याचिकाकर्ता अभी राज्य शासन के कर्मचारी हैं और उन्हें हटाने की कार्रवाई की जा रही है। याचिकाकर्ताओं ने 5 मई 2025 को उनका संविलियन एनईएसटीएस में करने की मांग को लेकर सोसायटी को अभ्यावेदन दिया था।

# एसआईआर अंतर्गत डिजिटलाइजेशन में प्रगति लायें : कलेक्टर सिंह

**जबलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लेने शहर के चारों विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आधारताल क्षेत्र के आनंद नगर और जय प्रकाश नगर, नव जागरण स्कूल में एसआईआर अंतर्गत गणना पत्रकों के वितरण व संग्रहण तथा उनके डिजिटलाइजेश़न की प्रक्रिया को देखा। उन्होंने कहा कि एसआईआर अंतर्गत ऑनलाईन गणना पत्रक से भी डिजिटलाइजेश़न किया जा सकता है। मौके पर उन्होंने स्वयं संग्रहित गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेश़न किया। नगर निगम के संभागीय कार्यालय संभाग क्रमांक 15 सुहागी में भी पहुंचकर एसआईआर के डिजिटलाइजेश़न का कार्य देखा। कलेक्टर श्री सिंह ने केंट विधानसभा अंतर्गत उदय नगर तथा तहसील कार्यालय गोरखपुर पहुंचकर एसआईआर के



डिजिटलाइजेश़न के कार्य का निरीक्षण किया और निर्देशित किया कि इस कार्य को प्राथमिकता से करें। उन्होंने बीएलओ से भी संवाद कर डिजिटलाइज़ेशन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ज्योति परस्ते व संबंधित क्षेत्र के एसडीएम तथा तहसीलदार मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में वन रक्षक की मौत, डिप्टी रेंजर घायल

हरिभूमि, जबलपुर।

**कुंडम रोड पर दर्दनाक हादसा**

कुंडम थाना अतंर्गत कुडे हरदुली और सातमझिर के बीच सड़क दुर्घटना में वन रक्षक की मौके पर ही मौत हो गई वही एक डिप्टीरेंजर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कुंडम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सोठी निवासी 49 वर्षीय वन रक्षक अघनू सिंह कडोपे झिरिया बीट में ड्यूटी करते थे। गत शाम लगभग 7 बजे कुडे हरदुली और सातमझिर के बीच रोड एक्सीडेंट होने से अघनू सिंह और डिप्टीरेंजर एएसएल राजपूत घायल अवस्था में पड़े थे। अघनू सिंह का दाहिना पैर शरीर से अलग हो चुका था। सूचना मिलते ही अघनू सिंह का बड़ा भाई लोक सिंह कडोपे मौके पर पहुंचा और दोनों घायलों को उपचार हेतु एम्बुलेंस से सीएचसी कुण्डम लेकर आये जहां डॉक्टर ने चैक कर अघनू सिंह कडोपे को मृत घोषित कर दिया वहीं एसएल राजपूत को उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# रक्षा मंत्री से मुलाकात के बाद जागी कैंट बोर्ड चुनाव की आस

**जबलपुर।** कैंट बोर्ड के चुनाव लंबे समय से टलते-टलते अब फिर करीब आते नजर आ रहे हैं। लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से पूर्व कैंट बोर्ड मेंबर्स की मुलाकात के बाद चुनाव की आहट तेज हो गई है। सबसे खास बात यह है कि इस खबर ने कैंट क्षेत्रों की ठंडी पड़ चुकी राजनीति में मानो नई जान फूंक दी है। महीनों से शांत बैठे जनप्रतिनिधि, संभावित उम्मीदवार और स्थानीय नेता अचानक एक्टिव मोड में आ गए हैं। जिन दफ्तरों में पिछले तीन वर्षों से सन्नाटा छाया था, वहां अब बैठकों, चर्चाओं और रणनीति बनाने का दौर शुरू हो गया है। स्थानीय नागरिकों में भी उत्साह का माहौल है और संभावित चुनाव तारीखों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कई लोग खुले तौर पर कह रहे हैं कि लंबे समय से ठप पड़े विकास कार्यों को पटरी पर लाने का समय अब शायद आ ही गया है।

### लखनऊ से लौटी उम्मीद

गौरतलब है की बीते शनिवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ के दौरे पर थे। इसी दौरान जबलपुर समेत देशभर के पूर्व कैंट बोर्ड मेंबर्स उनसे मिले और चुनाव न होने से जनता के कार्य प्रभावित होने की बात रखी। मुलाकात के बाद पूर्व मेंबर्स का दावा है कि रक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही कैंट बोर्ड के चुनाव कराए जाएंगे। यह बयान लखनऊ के कई स्थानीय समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हुआ है, जिसके आधार पर लखनऊ के पूर्व कैंट बोर्ड सदस्य संजय दयाल ने भी इसकी पुष्टि की है। इस एक कथन ने कैंट राजनीति में गजब की गर्माहट ला दी है।

## नेताओं में अचानक बढ़ी हलचल

### दफ्तरों में फिर चहल-पहल

रक्षा मंत्री के कथन के बाद कैंट क्षेत्र में वह माहौल फिर लौट आया है, जो किसी भी चुनाव की तैयारी से पहले दिखाई देता है। कई नेता अपने पुराने समर्थकों से संपर्क साधने लगे हैं, संभावित उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ा रहे हैं और सामाजिक संगठनों में भी नियमित बैठकों का दौर शुरू हो गया है। राजनीतिक दलों के बंद पड़े कार्यालयों में भी अचानक रौनक लौट आई है और सुबह से लेकर देर रात तक रणनीति और समीकरणों पर चर्चा होने लगी है। कई नेताओं ने तो महीनों से बंद पड़े अपने कार्यालयों की सफाई करवाकर उन्हें दोबारा खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। यह सब संकेत दे रहा है कि कैंट क्षेत्र में चुनावी हलचल अब तेज होने वाली है।

### 2015 के बाद से ठप है चुनाव प्रक्रिया

कैंट बोर्ड रक्षा मंत्रालय का स्थानीय निकाय है, जो नगर निगम की तर्ज पर सफाई, स्वास्थ्य और नागरिक सुविधाओं का जिम्मा संभालता है। कैंट क्षेत्र में आखिरी बार फरवरी 2015 में आम चुनाव हुए थे, जिसके बाद फरवरी 2020 में बोर्ड का नियमित कार्यकाल पूरा हुआ। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने दो बार छह-छह महीने का विस्तार दिया, लेकिन फरवरी 2021 में सदन को भंग कर दिया गया और उसकी जगह वेरी बोर्ड की व्यवस्था लागू कर दी गई। तब से अब तक कोई चुनाव नहीं हुआ है और इसी वजह से कई विकास कार्य वर्षों से अधर में लटके पड़े हैं।

### नागरिकों में बढ़ी उम्मीदें

चुनाव की सुगबुगाहट ने कैंट क्षेत्र के निवासियों में भी नई उम्मीद जगाई है। उनका कहना है कि चुने हुए प्रतिनिधियों के अभाव में विकास कार्यों की गति पूरी तरह रुक गई थी। अब चुनाव की चर्चाओं ने उम्मीद बढ़ाई है कि जल्द ही उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी और समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, लेकिन राजनीतिक गलियारों की हलचल साफ संकेत दे रही है कि कैंट बोर्ड चुनाव की दस्तक ने स्थानीय राजनीति को एक बार फिर जीवंत कर दिया है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**पंच दिवसीय नर्मदा पुराण कथा का आज तीसरा दिन**

# नर्म (सुख) देने वाली नर्मदा : ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप

हरिभूमि जबलपुर।

पंच दिवसीय नर्मदा पुराण के द्वितीय दिवस की कथा प्रारंभ करते हुए कथा व्यास ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप महाराज ने बताया कि नर्मदा जी पितरों को तृप्त करने के लिए हिरण्य तेजा नाम के राजर्षि ने पृथ्वी पर उतारा था। एक कल्प में ये कथा आती है, ऐसे कई कल्पों में नर्मदा जी पृथ्वी पर आती हैं। एक कल्प में ये कथा आती है उदयगिरी पर्वत से नर्मदा जी प्रवाहित हुईं, हर कल्प में जब आती हैं तब पश्चिम में ही आती हैं, चार पर्वत बनाये शंकरजी ने नर्मदा जी को धारण करने के लिए सुमेरु, कैलाश, हिमालय और विंध्य, ये चार पर्वत शंकर जी ने नर्मदा जी धारण करने बनाये ये कथा आती है। साथ ही पूज्य श्री ने बताया कि नर्मदा जी के नामों की अनेक व्युत्पत्ति हैं।



शंकर जी ने इनका नाम नर्मदा रखा, नर्मदा नाम क्यों रखा? दूसरा नाम क्यों नहीं रखा, तो कहते हैं ये अपनी चेष्टाओं से हाव- भाव से सबको 'नर्म' दे रही है, सुख दे रही हैं इसलिए इस नदी (इस कन्या) का नाम नर्मदा रखा। सुख देने वाली जो है उसे नर्मदा कहते हैं 'नर्म' का मतलब सुख 'दा' का मतलब देने वाली वो नर्मदा हैं और दूसरी नर्मदा शब्द की व्युत्पत्ति है कि जिसने स्वरूप में स्थित शंकर जी को भी हास्य प्रदान किया।

ये हास्य प्रदान करने वाली हैं, इसलिए भी इनका नाम नर्मदा पड़ा। एक और नर्मदा जी का अर्थ है जो नहीं मरती उसे नर्मदा कहते हैं। सात कल्प व्यतीत हो गए फिर भी ये नहीं मरी इसलिए ये नर्मदा। इस प्रकार से माँ नर्मदा जी के अनेक नाम के अर्थ हैं। साथ ही कथा में जबलपुर महानगर से बहुत से प्रतिष्ठित लोगों का आना हो रहा है सिवनी ब्रह्म समाज जबलपुर के अध्यक्ष अशोक मिश्रा एवं पदाधिकारीगण, गीता पराभक्ति मंडल की अध्यक्ष सुधा मिश्रा एवं सिहोरा के पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खम्परिया सहित अन्य लोग माँ नर्मदा जी की कथा सुनने पहुँचे।



## नर्मदा स्वच्छता को जन-आंदोलन बना रहा है 'नर्मदा मार्जान सेवा' समूह

**जबलपुर**। नर्मदा तट को स्वच्छ, निर्मल और प्रदूषणमुक्त रखने के उद्देश्य से नर्मदा मार्जान सेवा, जबलपुर द्वारा पिछले कई वर्षों से निरंतर और समर्पित रूप से स्वच्छता एवं मार्जन अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय बात यह है कि यह अभियान किसी विशेष दिवस तक सीमित न होकर वर्षभर नियमित रूप से संचालित होने वाला जन-आंदोलन बन चुका है।

हर रविवार सुबह लगभग 8:30 बजे समूह के सदस्य नर्मदा किनारे एकत्र होते हैं और श्रमदान के माध्यम से घाटों पर जमा कचरा, प्लास्टिक, पूजा सामग्री तथा अन्य प्रदूषणकारी वस्तुओं को हटाकर नदी तट को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना भी है। अभियान को सफल बनाने में समूह के प्रमुख सदस्यों नीरज नेमा, चंद्रभान नेमा, लक्की उपाध्याय, रूपेश उपाध्याय, राजेश ठाकुर, आलोक विश्वकर्मा, ऐश्वर्या शर्मा, प्राची नेमा सहित अनेक सेवाभावी लोगों का विशेष योगदान रहा है। इनके नेतृत्व और प्रेरणा से आज शहर के अनेक युवा, महिलाएँ और वरिष्ठ नागरिक भी इस पवित्र मुहिम से जुड़ रहे हैं। नर्मदा माता की स्वच्छता को केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर की रक्षा मानते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण तैयार करना।

नर्मदा मार्जान सेवा, जबलपुर ने शहरवासियों, युवाओं, समाजसेवी संस्थाओं तथा स्थानीय समुदायों से आग्रह किया है कि वे इस अभियान से स्वेच्छा से जुड़ें। हर रविवार का थोड़ा-सा समय भी नर्मदा माता के संरक्षण में एक महत्वपूर्ण योगदान बन सकता है।



## संत रविदास विचार मंच ने शिक्षा दी दान में

**जबलपुर**। संत रविदास विचार मंच के सलाहकार मंत्री मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 16 नवम्बर को दमोहनाका चेरीताल में मीना चौधरी के निवास पर मंच की सभा संपन्न हुई। इस सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, अध्यक्षता रामसिपाही सेठ ने की। सभा को संबोधित करते हुए शारदा प्रसाद चौधरी ने बताया समाज के सबसे गरीब और वंचित लोगों तक शिक्षा, जागरूकता और सहयोग पहुंचाना मंच का प्रथम लक्ष्य है, यदि किसी परिवार में किसी स्त्री या पुरुष की मृत्यु हो जाती है, तो अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों को अपनी श्रद्धा और क्षमता के अनुसार दान राशि देकर सहयोग करना चाहिए, ताकि शोकग्रस्त परिवार उस सहयोग राशि का उपयोग आवश्यक कार्यों में कर सके। सभा में मीनाबाई, गुड्डी बाई चौधरी, श्यामा बाई, आशु चौधरी, चंदाबाई, रामबाई, सियाबाई, आशीष चौधरी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

**23 हजार करोड़ की दो नई विद्युत ईकाईयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त**

## पावर जनरेटिंग कंपनी ने भेल के साथ किया अनुबंध

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश की बढ़ती विद्युत आवश्यकताओं को दीर्घकालिक रूप से पूर्ण करने और राज्य में विद्युत उत्पादन क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने 660-660 मेगावाट की दो नई ताप विद्युत इकाइयों की स्थापना के लिए गत दिवस भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल-भेल) के साथ विद्युत कम्पनियों के मुख्यालय शक्ति भवन जबलपुर में महत्वपूर्ण अनुबंध हस्ताक्षरित किया। हस्ताक्षरित अनुबंधों का कुल मूल्य 23 हजार 600 करोड़ है। यह दो नई इकाईयां सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी और अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में स्थापित होंगी। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टर टेक्नकिल सुबोध निगम व डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर की उपस्थिति में इस अनुबंध पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभयिंता परियोजना विवेक नारद और भेल के महाप्रबंधक जोगेश गुलाटी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर भेल की ओर से सहायक प्रबंधक अजय जैन, उप महाप्रबंधक सुधांशु कुमार सहित पावर जनरेटिंग कंपनी के वरिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।



प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस अनुबंध को दोनों परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन की दिशा में एक अहम पड़ाव बताया तथा बीएचईएल की तकनीकी विशेषज्ञता पर विश्वास व्यक्त किया। परियोजना पूर्ण होने पर एपीपीजीसीएल की ताप व जल विद्युत की संयुक्त उत्पादन क्षमता बढ़कर 6,812 मेगावाट हो जाएगी, जिससे प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक स्थिरता एवं मजबूती प्राप्त होगी।

## श्रीराम संदेश यात्रा का 50वां कार्यक्रमः पारदेश्वर शिवलिंग पूजन के साथ भक्ति का अद्भुत संगम

**मझौली**। समाजसेवी संस्था टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसायटी, मझौली द्वारा नशा मुक्ति, युवा जागृति एवं अयोध्या में निर्मित भगवान श्रीराम मंदिर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु संचालित श्रीराम के 158वें एवं श्रीराम संदेश यात्रा के 50वें कार्यक्रम का आयोजन नगर मझौली के वार्ड नंबर 08 स्थित पारद शिवलिंग निर्माता अनिल दुबे के निवास पर किया गया। संस्था के अध्यक्ष आशीष तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान अनिल दुबे द्वारा 200 ग्राम के पारा (पारद) से निर्मित शंकर भगवान टारगेट टीम को भेंट किए गए। इस पवित्र पारदेश्वर रूप शिवलिंग का षोडशोपचार विधि से पूजन कटाव धाम के संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर वेदांत महाराज द्वारा संपन्न किया गया।



कार्यक्रम में अनिल दुबे ने श्रीराम यात्रा के सभी साथियों का श्रीराम के गमछे से सम्मान किया। साथ ही नवरात्रि में मझौली की सभी देवी प्रतिमाओं का स्वागत करने वाले अंचल साहू का जन्मदिन भी शाल एवं श्रीफल पहनाकर मनाया गया।

50वें कार्यक्रम में भक्तों और समाजसेवियों की भारी भीड़ मौजूद रही। उपस्थित प्रमुखजन आशीष तिवारी, दीपक तिवारी, प्रतापभानु साहू, श्रीकांत साहू, रामजी भैया, गिरीश पालीवाल, प्रभु दुबे, अजय खरे, महेंद्र तिवारी, सिद्धार्थ उपाध्याय, अनुराग दुबे, ब्रजेश दुबे, लल्ला गोटियां, ताराचंद्र साहू, शिवकुमार प्रजापति, उमाकांत कोष्टा, हिमांशु साहू, सचिन चौधरी, संतोष पंडा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद छात्राओं को स्वेटर्स उपलब्ध कराए




**जबलपुर**। रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा बिदामबाई कन्याशाला की प्राचार्या डॉ.शशिकला के अनुरोध पर जरूरतमंद छात्राओं को स्वेटर्स उपलब्ध कराए गए। स्व. श्रीमती पुष्पल अग्रवाल की स्मृति में पूर्वाध्यक्ष आर.पी.अग्रवाल के सौजन्य से विगत अनेक वर्षों से यह पुनीत कार्य किया जा रहा है। निवर्तमान प्रांतपाल रोटे.अखिल मिश्र ने व्यक्त किया कि 'स्वयं से परे सेवा' का यह अनुपम उदाहरण है। अध्यक्ष सारंग भिड़े व सचिव अखिल खण्डेलवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अरुण कांत अग्रवाल, अमरेन्द्र नारायण,राकेश गिदरौनिया, नरेंद्र बतरा डॉक्टर शशि आदि उपस्थित थे।

## छात्र हनी रजक का राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन



**सिहोरा**। सागर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री इवेंट में सांदीपनी विद्यालय कक्षा 12 वीं के छात्र हनी रजक ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए पात्रता प्राप्त की साथ ही भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 12 वीं की छात्रा रजनी रजक ने 3000 मी पैदल चाल में कांस्य पदक प्राप्त किया दोनों ही विद्यार्थियों का सम्मान विद्यालय में प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा शील्ड एवं नगद राशि प्रदान कर किया गया इस मौके पर उप प्राचार्य शैलेंद्र मिश्रा समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

## एमपी ट्रांसको में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर आज

**जबलपुर**। भारत सरकार के डिजिटल इंडिया विजन के तहत मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा पेंशनर्स की सुविधा के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर का आयोजन 18 नवंबर को जबलपुर में किया गया है। शिविर का उद्देश्य पेंशनर्स को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट करने की प्रक्रिया से अवगत कराना और उन्हें सरल, त्वरित सेवा उपलब्ध कराना है। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि शिविर में पेंशनर्स को लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने की प्रक्रिया समझाई जायेगी ताकि वे इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ ले सकें।

## कुशयारी में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

**सिहोरा**। भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर नवांकुर संस्था मानस मां नर्मदा सामाजिक विकास समिति फनवानी द्वारा इतिहास,संस्कृति, आदिवासी गौरव,जागरूकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयंती कार्यक्रम का आयोजन म प्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया एवं ब्लॉक समन्वयक भरत महरौलिया के मार्गदर्शन में कुशयारी में किया गया जिसमें भगवान मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ महिलाओं ने रैली निकाली गई। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के दीपक चौरसिया, सोनू कोरी, परामर्शदाता प्रवीण गौतम, अनुराग दुबे, रामराज पटेल आदि उपस्थित थे।

*उज्जैन के 5 सिंहस्थों को दी निर्बाध आपूर्ति, 6वें सिंहस्थ 2028 के लिए भी तैयार*

## प्रदेश के पहले 132 के.वी. सबस्टेशन के 65 वर्ष पूर्ण

**जबलपुर**। सिंहस्थ 2028 को देखते हुए उज्जैन की विद्युत पारेषण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ व आधुनिक बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश का पहला 132 के.वी. सबस्टेशन — ज्योति नगर उज्जैन अपनी 65 वर्षीय गौरवपूर्ण सेवा यात्रा के साथ आगामी सिंहस्थ के लिए विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। 17 नवंबर वर्ष 1960 में प्रारंभ हुआ यह सबस्टेशन प्रदेश में ट्रांसमिशन नेटवर्क के विकास का एक महत्वपूर्ण आधार रहा है। इसने बीते पाँच सिंहस्थों में उज्जैन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देकर अपनी तकनीकी क्षमता और विश्वसनीयता सिद्ध की है तथा अब छठे सिंहस्थ 2028 की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु उन्नत सुविधाओं के साथ तैयार है।

### सिंहस्थ 2028 सर्वोच्च प्राथमिकता : तोमर

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि सिंहस्थ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को सिंहस्थ 2028 के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु इस ऐतिहासिक सबस्टेशन मे तकनीकी उन्नयन, आधुनिकीकरण और समुचित रखरखाव के निर्देश दियें हैं। सिंहस्थ क्षेत्र को विद्युत उपलब्ध कराने में इस सब स्टेशन से निकलने वाले 33 के.वी. खेड़ापति फीडर की भूमिका विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण रही है।

## कोर्ट से पुराना केस वापस लेने बदमाशों ने दो भाईयों से की मारपीट

**जबलपुर**। रांझी थाना अतंर्गत मड़ई गुप्ता होटल के पास पुराने केस को कोर्ट से वापस लेने और समझौता करने की बात पर चार बदमाशों ने दो भाईयों के साथ वाद विवाद कर



मारपीट कर दी। इस दौरान एक युवक का मोबाइल कहीं गिर गया।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलपुरा कालोनी निवासी 27 वर्षीय दिव्यांशु सिंह को 2019-20 में आदित्य रजक के द्वारा चाकू मारा गया था, जिसका केस कोर्ट में चल रहा है। गत दिवस दिव्यांशु का भाई हिमांशु सिंह मड़ई गुटखा लेने के लिये गुप्ता होटल के पास गया था, उसे फोन पर सूचना मिली की हिमांशु के साथ आदित्य रजक, करन, अमन उर्फ बिनोद बेन, शुभम दुबे वाद विवाद कर मारपीट की तो वह सूचना पाकर मड़ई गुप्ता होटल के पास पहुंचा जहां आदित्य रजक, करन, अमन उर्फ बिनोद बेन, शुभम दुबे उसके भाई के साथ पुराने केस को कोर्ट से वापस लेने एवं आपसी समझौता करने की बात को लेकर वाद विवाद कर रहे थे, उसने एवं उसके भाई ने केस वापस लेने से मना किया तो सभी ने गाली गलौज कर दोनों के साथ मारपीट कर दी। इस दौरान हिमांशु का मोबाइल कहीं गिर गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 333, 232(2), 115(2), 324(4), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 2 कार टकराई, पति पत्नी व बच्ची घायल

**जबलपुर**। मझगवां थाना अतंर्गत खम्परिया खितौला मझगवां सिलौड़ी मेन रोड पर राग्न साईड से आ रही एक कार ने एक दूसरी कार में टक्कर मार दी, जिसमें सवार पति पत्नी और उनकी 2 साल की बेटी को चोटें आ गई वहीं उनकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 103 ट्रीनटी राइज सेक्टर 1 ग्रेटर नोयडा उप्र निवासी 35 वर्षीय साफ्टवेयर इंजीनियर निखिल जैन गत दिवस अपनी कार क्रमांक यूपी 16 ईबी 8427 से अपने परिवार के साथ अपनी ससुराल सिलौड़ी जिला कटनी जा रहा था। रात लगभग 9.15 बजे खम्परिया खितौला मझगवां सिलौड़ी मेन रोड पर पहुंचा तभी सामने से रांग साईड से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 जेड एल 6192 का चालक शराब के नशे की हालत में कार को तेज गति से चलाते हुये उसकी कार में टक्कर मार दी, जिससे निखिल जैन के हाथ, पत्नी आकांक्षा जैन को गर्दन, कंधे में तथा 2 साल की बेटी पाशर्वी हाथ के अंगूठे में चोटे आ गई एवं उसकी कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पत्रकार आशीष शुक्ला को भ्रातृ शोक



**जबलपुर**। समाचार पत्र यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला और आशीष ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के संचालक अभिषेक शुक्ला के छोटे भाई एवं स्व. श्री अरूण शुक्ला के पुत्र श्री अजय शुक्ला का सोमवार को निधन हो गया है। वे अस्तित्व शुक्ला (पुत्र) एवं सांझ (पुत्री) के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार सोमवार की शाम 4:00 बजे रानीताल मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि दी। श्री अजय शुक्ला के असामयिक निधन पर हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।




**श्री गुरप्रीत सिंह-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री गुरप्रीत सिंह (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री साहिल कुंडू-** कंचनपुर रोड सुभाषनगर अधारताल निवासी श्री शंकर कुंडू के पुत्र श्री साहिल कुंडू (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती देवी जैसवानी-** शताब्दीपुरम उखरी रोड निवासी श्री गुल्लूमल जैसवानी की धर्मपत्नी श्रीमती देवी जैसवानी (102) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भारत चौधरी-** रामहरख का बगीचा नेहरू वार्ड निवासी श्री किशन लाल चौधरी के पुत्र श्री भारत चौधरी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश यादव-** गोरखपुर अनगढ़ महावीर मंदिर के सामने निवासी श्री रमेश यादव (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती नरवीदा देवी पटेल-** पोलीपाथर निवासी श्री राम दुलारे पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती नरवीदा देवी पटेल (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कंधी लाल जैन-** छोटा फुहारा हरदौल मंदिर के पास निवासी श्री कंधी लाल जैन (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रेम कुमार गुप्ता-** रांझी निवासी श्री प्रेम कुमार गुप्ता का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीएस काण्डा-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री जीएस काण्डा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शक्तिपद सरकार-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ पोलीपाथर निवासी श्री शक्तिपद सरकार (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रूपा साहू-** गंजीपुरा निवासी श्री दिलीप साहू की धर्मपत्नी श्रीमती रूपा साहू का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रोहित आप्टे-** रेलवे टैगोर कॉलोनी सतपुड़ा क्लब के पीछे सिविल लाइन निवासी श्री ब्रजेश दामोदर आप्टे के पुत्र श्री रोहित आप्टे (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दस्सी लाल यादव-** महेशपुर मदनमहल निवासी श्री दस्सी लाल यादव (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री पद्माकर गणेश दामले-** श्याम काम्पलेक्स ब्यौहारबाग निवास श्री पद्माकर गणेश दामले (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री एलपी शर्मा-** विजय नगर निवासी श्री एलपी शर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
[illegible]
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- [illegible]

# एक-चौथाई भारतीय कंपनियों ने साइबर नुकसान की दी सूचना

## पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के अनुसार 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

एक सर्वे में करीब एक-चौथाई भारतीय उद्यमों ने पिछले तीन वर्षों में साइबर उल्लंघनों से 10 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 8.8 करोड़ रुपये) से अधिक के नुकसान की सूचना दी है। यह जोखिम विशेष रूप से उन कंपनियों में अधिक है जिनकी वार्षिक आय पांच अरब डॉलर या उससे अधिक है। पीडब्ल्यूसी की सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, साइबर बजट बढ़ रहे हैं। हालांकि, यह गति धीमी है। भारत में 87 प्रतिशत संगठन अगले 12 महीनों में अपने साइबर सुरक्षा खर्च को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। 'पीडब्ल्यूसी 2026 ग्लोबल डिजिटल ट्रस्ट इनसाइट्स' सर्वेक्षण में पाया गया कि कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश 46 प्रतिशत के साथ बजट प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। उसके बाद क्लाउड सुरक्षा 33 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है।

### राजस्व उत्पन्न करने वाले उद्योगों में नुकसान सबसे अधिक

यह सर्वेक्षण 138 भारतीय व्यापार और प्रौद्योगिकी अधिकारियों के जवाबों पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया, "...25 प्रतिशत कंपनियों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों में उनके सबसे नुकसानदायक 'डेटा' उल्लंघन से उनके संगठन को कम से कम 10 लाख डॉलर का नुकसान हुआ है और यह नुकसान पांच अरब डॉलर या उससे अधिक राजस्व उत्पन्न करने वाले उद्यमों (45 प्रतिशत) में सबसे अधिक है।




### बजट 10 फीसदी से अधिक बढ़ाने की योजना

इसके अनुसार, "इस वर्ष, भारतीय कंपनियों के 87 प्रतिशत प्रमुखों को उम्मीद है कि आने वाले वर्ष में उनके साइबर बजट में वृद्धि होगी और उनमें से लगभग एक-तिहाई ने खर्च को 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की योजना बनाई है। यह पिछले वर्ष के 93 प्रतिशत से थोड़ी कम है फिर भी निरंतर निवेश का एक मजबूत संकेत है।

### एआई से जुड़ी चेतावनी से निपटने को प्राथमिकता दे रहें

उल्लेखनीय रूप से, इनमें से लगभग एक-तिहाई (38 प्रतिशत) ने कहा कि उनके बजट में 6-10 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।" आधे से ज्यादा (60 प्रतिशत) सुरक्षा प्रमुख एआई से जुड़ी चेतावनी से निपटने को प्राथमिकता दे रहे हैं, जबकि लगभग 47 प्रतिशत 'एजेंटिक एआई' जैसे अन्य एआई-संचालित कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप




### एनबीसीसी को दामोदर घाटी निगम से मिला बड़ा ठेका

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली एनबीसीसी लिमिटेड को झारखंड में एक टाउनशिप बनाने के लिए दामोदर घाटी निगम से लगभग 500 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। सोमवार को शेयर बाजार को भेजी सूचना में कंपनी ने बताया कि उसे दामोदर घाटी निगम से 498.30 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन, चंद्रपुरा, झारखंड में एक एकीकृत टाउनशिप के निर्माण के संबंध में है। हाल ही में, उच्च आय के कारण एनबीसीसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध मुनाफा सितंबर तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 156.68 करोड़ रुपये हो गया।

### वोल्टसन लैब्स आंध्र में सौर संयंत्र करेगी स्थापित


**अमरावती।** वोल्टसन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के नायुडुपेटा में 1,743 करोड़ रुपये की लागत से सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी।



कंपनी ने सौर सेल और मॉड्यूल विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के साथ सोमवार को औपचारिक रूप से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। परियोजना को शुरू करने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार एकमुश्त लागत पर 37 एकड़ भूमि की अनुमति दे रही है।

### प्रैक्सिस होम रिटेल का शुद्ध लाभ 81 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** प्रैक्सिस होम रिटेल का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 81 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने जुलाई-सितंबर 2024 में तीन करोड़ रुपये और अप्रैल-जून 2025 में 16 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था।




बयान के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की प्रति शेयर आय (ईपीएस) 4.38 रुपये रही। इस वर्ष कंपनी की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक यह है कि प्रैक्सिस पूरी तरह से ऋण मुक्त हो गई है।

### नवी मुंबई पर 25 दिसंबर से वाणिज्यिक उड़ानें होगी शुरू

**मुंबई।** नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएमआईए) 25 दिसंबर से वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन शुरू करेगा। प्रारंभिक चरण में दिन में 23 निर्धारित उड़ानें संचालित की जाएंगी।




सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पहले महीने में हवाई अड्डा सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक 12 घंटे तक संचालित होगा और इस दौरान हवाई अड्डा प्रति घंटे अधिकतम 10 उड़ानों का संचालन संभाल सकेगा।

### देश का निर्यात अक्टूबर में 11.8 प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली।** भारत का निर्यात अक्टूबर में 11.8 प्रतिशत घटकर 34.38 अरब डॉलर रहा है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में आयात 16.63 प्रतिशत बढ़कर 76.06 अरब डॉलर पहुंच गया। इससे देश का व्यापार घाटा 41.68 अरब डॉलर पर रहा। सोने और चांदी के आयात में वृद्धि के कारण कुल आयात में उछाल आया है। पिछले महीने सोने का आयात बढ़कर 14.72 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 4.92 अरब डॉलर था।

## रिपोर्ट केंद्र व राज्यों के बीच करों के हस्तांतरण का फार्मूला करेगी प्रदान

# 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन पनगढ़िया ने राष्ट्रपति मुर्मू को सौंपी समिति की रिपोर्ट

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सोलहवें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को समिति की रिपोर्ट सौंपी। यह रिपोर्ट केंद्र और राज्यों के बीच करों के हस्तांतरण का फॉर्मूला प्रदान करेगी। आयोग को पहले 31 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देनी थी। हालांकि, उसे 30 नवंबर तक एक महीने का विस्तार दिया गया था।

**आयोग को 30 नवंबर तक एक माह का विस्तार दिया गया था**

राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "16वें वित्त आयोग के चेयरमैन डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में आयोग के सदस्यों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और 2026-31 के लिए आयोग की रिपोर्ट सौंपी।' नियम एवं शर्तों के अनुसार, 16वें वित्त आयोग को 2026-27 से शुरू होने वाले पांच वर्षों के लिए केंद्रीय करों में राज्यों के हिस्से और अनुदान सहायता का फॉर्मूला तय करने का अधिकार मिला हुआ है।

### आयोग को पहले 31 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट देनी थी



### आयोग में चार सदस्य है

आयोग ने अनुदान सहायता और करों में राज्यों के हिस्से पर अपने विचारों को पुष्ट करने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा किया है। आयोग में चार सदस्य हैं... सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू और अर्थशास्त्री मनोज पांडा इसके पूर्णकालिक सदस्य हैं, जबकि एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर अंशकालिक सदस्य हैं।

### 16वें वित्त आयोग की स्थापना 2023 में हुई थी

केंद्र और राज्यों के बीच कर हस्तांतरण और राजस्व वृद्धि के उपायों का सुझाव देने के अलावा, आयोग ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत गठित निधियों के संदर्भ में आपदा प्रबंधन पहल के वित्तपोषण की वर्तमान व्यवस्था की भी समीक्षा की है। वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है जो केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर सुझाव देता है। 16वें वित्त आयोग की स्थापना 31 दिसंबर, 2023 को हुई थी।

### 15वें वित्त आयोग ने भी सिफारिश की थी

एन के सिंह के नेतृत्व में 15वें वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि राज्यों को 2021-22 से 2025-26 की पांच वर्ष की अवधि के दौरान केंद्र के विभाजन योग्य कर राशि का 41 प्रतिशत दिया जाए, जो वाईवी रेड्डी के नेतृत्व में 14वें वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिश के समान ही है।

### दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या उपयोग पर आपत्ति जताई

दक्षिणी राज्यों ने भी कर हस्तांतरण के मानदंड के रूप में जनसंख्या के उपयोग पर आपत्ति जताई है, उनका तर्क है कि जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने में उनकी सफलता के बावजूद यह उन्हें दंडित करता है। पंद्रहवें वित्त आयोग ने जनसंख्या को 15 प्रतिशत, क्षेत्रफल को 15 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन को 12.5 प्रतिशत, वन कवर और पारिस्थितिकी को 10 प्रतिशत और कर एवं राजकोषीय प्रयासों को 2.5 प्रतिशत महत्व दिया था।

## सरकारी सर्वेक्षण में दी गई जानकारी

# बेरोजगारी दर अक्टूबर में 5.2 प्रतिशत पर स्थिर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों में अक्टूबर में बेरोजगारी दर 5.2 प्रतिशत पर स्थिर रही। सोमवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, बेरोजगारी दर (यूआर) सितंबर में 5.2 प्रतिशत, अगस्त में 5.1 प्रतिशत, जुलाई में 5.2 प्रतिशत तथा मई और जून में 5.6 प्रतिशत थी। मई, 2025 में जारी प्रथम पीएलएफएस बुलेटिन के अनुसार, अप्रैल में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, "15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच बेरोजगारी दर सितंबर, 2025 और अक्टूबर, 2025 के बीच 5.2 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही।" बयान के अनुसार, ग्रामीण बेरोजगारी दर में मामूली गिरावट आई है। यह सितंबर, 2025 के 4.6 प्रतिशत से अक्टूबर, 2025 में 4.4 प्रतिशत रह गई है।


शहरी बेरोजगारी दर 6.8 प्रतिशत से बढ़कर 7.0 प्रतिशत हो गई है। बयान में कहा गया कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में बेरोजगारी दर सितंबर, 2025 के 5.5 प्रतिशत से घटकर अक्टूबर, 2025 में 5.4 प्रतिशत रह गई।

### पुरुषों में बेरोजगारी दर स्थिर रही

पुरुषों में बेरोजगारी की दर पिछले महीने की तुलना में अक्टूबर, 2025 में 5.1 प्रतिशत पर स्थिर रही। ग्रामीण पुरुषों में बेरोजगारी सितंबर, 2025 में 4.7 प्रतिशत से अक्टूबर, 2025 में 4.6 प्रतिशत तक थोड़ी कम हुई, जबकि शहरी पुरुषों में बेरोजगारी में 6.0 प्रतिशत से 6.1 प्रतिशत तक मामूली वृद्धि हुई, जिससे कुल बेरोजगारी स्थिर रही। अक्टूबर, 2025 में समग्र श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 52.5 प्रतिशत था, जो जून, 2025 से लगातार बढ़ रहा है।

## शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी

# सेंसेक्स 388 अंक चढ़ा, निफ्टी फिर 26,000 अंक के पार



एजेंसी ▸▸| मुंबई

थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 388 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के पार बंद हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार, चौतरफा लिवाली और कंपनियों के मजबूत तिमाही नतीजों से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 388.17 अंक चढ़कर 84,950.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 425.31 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 103.40 अंक बढ़कर 26,013.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 114.15 अंक तक चढ़ गया था। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत लिवाली ने तेजी को बढ़ावा दिया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "बाजार ने अपनी सकारात्मक गति बनाए रखी है और 26,000 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के आसपास बना हुआ है। इसका कारण निवेशकों को आगे तेजी की उम्मीद है।" नायर ने कहा, "एक संभावित व्यापार समझौता महत्वपूर्ण संकेतक बना हुआ है जिस पर निवेशक बारीकी से नजर रख रहे हैं। वर्तमान में, जोखिम-लाभ अनुपात काफी हद तक अनुकूल है।

### एशिया के बाजार रहे नुकसान में

एशिया के अन्य बाजारों में, हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की नुकसान में रहे जबकि जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार काफी हद तक गिरावट के साथ बंद हुए थे।

### सोना 300 रुपए बढ़कर 1,29,700 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी टूटी

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,29,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बाजार सूत्रों ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 300 रुपये बढ़कर 1,29,100 रुपये (सभी करों सहित) हो गई। हालांकि, सोमवार को चांदी की कीमत 1,000 रुपये घटकर 1,63,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 4,077.35 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा, जबकि हाजिर चांदी 0.66 प्रतिशत बढ़कर 50.89 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई।

# आयकर विभाग जनवरी तक सरलीकृत आयकर अधिनियम अधिसूचित कर देगा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के प्रमुख रवि अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि आयकर विभाग जनवरी तक सरलीकृत आयकर अधिनियम, 2025 के तहत आईटीआर फॉर्म और नियमों को अधिसूचित कर देगा। यह अधिनियम एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष से प्रभावी होगा। अग्रवाल ने कहा कि विभाग का उद्देश्य नए कानून के तहत अनुपालन को आसान बनाने के लिए आयकर रिटर्न फॉर्म को सरल रखना है। नया कानून छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में करदाताओं के 'लाउंज' का शुभारंभ करने के बाद बातचीत में अग्रवाल ने कहा, " हम फॉर्म व नियम तैयार करने की प्रक्रिया में हैं। हम जनवरी तक इन्हें लागू करने की दिशा में काम कर रहे हैं ताकि करदाताओं को अपनी प्रणाली के भीतर अपनी प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।" अग्रवाल ने कहा कि इसका उद्देश्य करदाताओं के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) फॉर्म को सरल रखना है ताकि अनुपालन आसान हो सके। आयकर अधिनियम, 2025 संसद द्वारा 12 अगस्त को पारित किया गया था। आयकर अधिनियम के तहत लागू सभी विभिन्न फॉर्म, जैसे टीडीएस त्रैमासिक रिटर्न फॉर्म और आईटीआर फॉर्म पर पुनः काम किया जा रहा है।


**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Office of the Superintending Engineer (P&W), A.T.P.S., Chachai
Phone : 07659-299469, Email : sepnwatps23@gmail.com, Mobile No. : 9425808960
No. 001-04/P&W/NIT/2395 Chachai, Dtd. 14.11.2025

**NOTICE INVITING TENDER "THROUGH E-TENDERING ONLY"**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites electronic tenders from experienced contractors/vendors for the works/supplies as detailed below for ATPS, MPPGCL, Chachai :-

| Tender ID. | Name of Works/Material | EMD Rs. | Last Date of Online Submission of E-Tender | Due Date of Technical Opening of E-Tender |
|---|---|---|---|---|
| Tender ID_2025_MPPGC_457944 | Work Contract for air, water & noise pollution monitoring at ATPS Chachai and coal loading/unloading platform at Sangma Siding Sohagpur area at ATPS MPPGCL Chachai | Rs 72,100.00 | 08.12.2025 Up to 15:00 Hrs | 11.12.2025 from 15.30 Hrs. onwards |

**Note :-** For details please visit the website **www.mptenders.gov.in F**or any change in specification/technical data please visit regularly website **www.mptenders.gov.in.** Any addendum/corrigendum shall not be published in newspaper.
M.P. Madhyam/123031/2025 **"SAVE ELECTRICITY"** **SE (P&W)**



**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहपुर**
क्रमांक / 7675 / जनपद / भंडार/ 2025 नरसिंहपुर दिनांक 17/11/2025

**विज्ञप्ति**

कार्यालय जिला पंचायत नरसिंहपुर के पत्र क्रमांक 1477 / तक/ ग्रायासेवा / 2025 नरसिंहपुर दिनांक 11.11.2025 के परिपालन में जनपद पंचायत परिसर स्थित आवासीय भवनों को कण्डम घोषित कर ऑफसेट वेल्यू कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नरसिंहपुर द्वारा निर्धारित की गई है।

अतः इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जनपद पंचायत परिसर स्थित आवासीय भवनों को ऑफसेट वेल्यू अनुसार विनिष्टीकरण की कार्यवाही की जाना है। इच्छुक व्यक्ति / स्थानीय संस्था / अधिकारी / कर्मचारी अपना बंद लिफाफा में दिनांक 28.11.2025 दोपहर 2 बजे तक अमानत राशि 5000-00 (पांच हजार) के साथ आमंत्रित किये जाते है। इस से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समय पर व नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

समस्त प्राप्त बंद लिफाफा कोटेशन दिनांक 28.11.2025 को समय 3:00 बजे खोले जाएंगे।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत ,नरसिंहपुर**



**कार्यालय प्राचार्य शासकीय संभागीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्था जबलपुर (म.प्र.)**
E-mail- jabalpuriti@gmail.com Industrial Training Institute
क्र./ शासंभा औप्रसं/जबल / प्लेस. / 2025/ 4335 जबलपुर, दिनांक: 13/11/2025

शासकीय संभागीय आईटीआई माढ़ोताल जबलपुर में ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल के साथ स्पोक एण्ड हब मॉडल पर बेसिक कम्प्यूटर, बेसिक इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में रोजगारोन्मुखी शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण (01 माह) प्रदाय किया जाना हैं, जिसमें न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रशिक्षणार्थियों को संस्था स्तर का प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। इच्छुक अभ्यार्थी तालिका में दर्शाए गये गये समय चक्र के अनुसार आवेदन कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र. | कोर्स का नाम | प्रशिक्षण अवधि | प्रशिक्षण शुल्क | रजिस्ट्रेशन हेतु अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बेसिक कम्प्यूटर | 01.12.2025 से 30.12.2025 तक | रुपये 250/- | 27 दिसंबर 2025 |
| 2 | बेसिक इलेक्ट्रीशियन | 01.12.2025 से 30.12.2025 तक | रुपये 250/- | 27 दिसंबर 2025 |

उक्त प्रशिक्षण में रजिस्ट्रेशन हेतु अभ्यार्थी संस्था में उपस्थित होकर हेल्पडेस्क से अपना रजिस्ट्रेशन दिनांक 27 दिसंबर 2025 तक करवा सकते हैं। प्रशिक्षण हेतु रुपए 250/- शुल्क देय होगा, जो संबंधित प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संस्था में जमा करना होगा। प्रशिक्षण संस्था के प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा प्रदान किया जावेगा। साथ ही सॉफ्ट स्किल एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जावेगी।
दस्तावेजों की सूची:- 1. मार्कशीट ( 8वीं, 10वीं, 12वीं), 2. आधार कार्ड, 3. मूल निवासी सर्टिफिकेट स्थान:- शासकीय संभागीय आईटीआई दमोह रोड चुंगी नाका माढ़ोताल जबलपुर
समय:- 9:30 से 5:30 तक

**प्राचार्य**
**शासकीय संभागीय आईटीआई**
**जबलपुर (म.प्र.)**
G-21591/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**खंड -I**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन,**
**कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2025_MPFD_463012_1/ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 17/11/2025

● वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमंडल डिण्डौरी द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित 2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ● सामग्री क्रय हेतु निविदा को निर्धारित प्रारूप में वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in/ पर ऑन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। ● निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेशिफिकेशन | अनुमानित मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 KW OFF GRID SOLAR SYSTEM | 2 KW OFF GRID Solar SYSTEM Solar Panel (MNRE Approved ) - 540 Watts Watts * 4 Nos. Type- Mono Panel, (Min.25 Yr. Warranty) Structure Type-Hot Dip GI, Fix Type, ISI Mark. Inverter (MPPT Based Technology) Capacity- 3KVA/48 V.(Min. 5 Yr. Warranty) 1 One.Battery Type Solar (ISO, ISI ) -LFP (LiFePO4 ) -Dry Lithium Battery Capacity- 150 AH/ 12v,04Nos. Single Rack, Energy Stored (Wh) - 2400 Watt-Hours (Min.5 Yr. Warranty) Weight 50.7 lbs. (23.0 kg) All Accessories Including With Installation. | अनुमानित | 37950/- | 1000/- |
| 2 | 1 KW OFF GRID SOLAR SYSTEM | 1 KW OFF GRID Solar SYSTEM Solar Panel (MNRE Approved ) - 540 Watts Watts * 2 Nos. Type- Mono Panel, (Min.25 Yr. Warranty) Structure Type-Hot Dip GI, Fix Type, ISI Mark.Inverter (MPPT Based Technology) Capacity- 2KVA/24 V.(Min.5 Yr. Warranty) 1 One. Battery Type Solar (ISO, ISI )- LFP (LiFePO4 ) -Dry Lithium Battery Capacity- 150 AH/ 12v,02Nos. Single Rack, Energy Stored (Wh) - 2400 Watt-Hours (Min.5 Yr. Warranty) Weight 50.7 lbs. (23.0 kg) All Accessories Including With Installation. | | | |

● निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। ● इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 17 /11 / 2025 Time 06:00pm बजे से दिनांक 07/12/2025 Time 06:00 Pm बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है। ● ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। ● निविदा पूर्व बैठक दिनांक 26/12/2025 समय 04:00 Pm को डिण्डौरी सामान्य वनमण्डल कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं। Wednesday, November 26 - 4:00- 5:00pm Video call link: https://meet.google.com/nux-jcjd-tsm ● **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं। ● ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

**वनमण्डलाधिकारी**
**सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी**
G-21592/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

चिंतन

# शेख हसीना को फांसी की सजा पर उठे गंभीर सवाल

जिसका डर था वही हुआ, बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। वह पिछले साल उग्र आंदोलन के बाद ढाका छोड़कर भारत आई थीं और 15 महीनों से दिल्ली के एक सेफ हाउस में रह रही हैं। बांग्लादेश ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के फैसले के बाद भारत से शेख हसीना को सौंपने का आग्रह किया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने प्रत्यर्पण संधि का हवाला देते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच मौजूदा प्रत्यर्पण संधि के अनुसार, यह भारत का अनिवार्य कर्तव्य है।' उसने यह भी कहा कि शेख हसीना को शरण देना अमित्रतापूर्ण और न्याय के प्रति अवमानना होगा। यह बात सही है कि भारत-बंग्लादेश के बीच 2013 में एक्स्ट्रडिशन ट्रीटी साइन हुई थी, जिसमें दोनों देशों के बीच अपराधियों के एक्सचेंज की शर्तें हैं, लेकिन बांग्लादेश का विदेश मंत्रालय शायद इस समझौते की शर्तों को भूल गया है। इसके ट्रीटी के आर्टिकल 8 के तहत अगर आरोपी की जान को खतरा हो, उसे निष्पक्ष ट्रायल नहीं मिला हो या ट्रिब्यूनल का उद्देश्य न्याय नहीं, बल्कि राजनीतिक हो तो भारत प्रत्यर्पण से मना कर सकता है। कौन नहीं जानता कि बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हरीना के खिलाफ किस तरह मुकदमा चलाया गया। किसी भी मुकदमे का पहला वाक्य यही होता है कि चाहे सौ गुनाहगार छूट जाएं, किसी एक बेगुनाह को सजा नहीं होनी चाहिए। कौन नहीं जानता कि शेख हसीना पर चलाए गए केस में उनका पक्ष ही नहीं है। सबसे पहले तो यह देखा जाता है कि जिस पर आरोप लगाया गया है, उसने अपने बचाव में क्या कहा, लेकिन पूरे मुकदमे और सुनवाई में शेख हसीना पक्ष है ही नहीं। हसीना को अपना पक्ष रखने के लिए वकील तक नहीं मिला। जब से इस मामले की सुनवाई शुरू हुई है, अनेक रिपोर्ट सामने आ चुकी हैं कि केस की सुनवाई करने वाले जज सरकारी दबाव में थे। इस पूरे केस की जांच पर अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन चिंता जता चुके हैं। खुद हसीना लगातार राजनीतिक बदले का आरोप लगा रही हैं। महज दो दिन पूर्व ही कार्रवाई को राजनीतिक बदला बताते हुए उन्होंने कहा था कि मेरे खिलाफ चल रहा मुकदमा झूठा तमाशा है। यह पूरी तरह राजनीतिक बदले की कार्रवाई है। मैं ट्रायल में न तो अपनी सफाई पेश कर सकी और न ही अपने वकील नियुक्त कर सकी। भारत-बांग्लादेश समझौते के आर्टिकल 6 के मुताबिक अगर अपराध राजनीतिक माना जाए तो भारत प्रत्यर्पण से इनकार कर सकता है। वैसे भी यह आदेश बांग्लादेश की सर्वोच्च अदालत का नहीं है। शेख हसीना ट्रिब्यूनल के फैसले को बांग्लादेश की ऊपरी अदालत में चुनौती दे सकती हैं। वे सबूतों की दोबारा जांच और अनफेयर ट्रायल का हवाला देकर रिव्यू करने की मांग कर सकती हैं। हसीना निष्पक्ष ट्रायल न होने को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों या कानूनी संस्थाओं में शिकायत कर सकती हैं। इससे पहले ही बांग्लादेश का भारत को पत्र लिखकर हसीना को सौंपने का आग्रह करने का कोई औचित्य नजर नहीं आता। भारत ने इस फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन साफ है कि कार्यवाही होगी जो न्यायसंगत हो।



बम विस्फोट
योगेंद्र माथुर

# भारत के अगले कदम का इंतजार

सुबह फरीदाबाद में डॉक्टर की गिरफ्तारी और विस्फोटक बरामदगी के कुछ घंटों में ही देश की राजधानी दिल्ली में आत्मघाती विस्फोट कर आतंकी आखिर क्या संदेश देना चाहते थे? क्या देश में कुछ बड़ा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था या अन्य कहीं रखे विस्फोटक को पकड़े जाने के डर से दूसरी जगह स्थानांतरित करने की हड़बड़ी में बीच में ही यह विस्फोट हो गया अथवा अपने साथियों के पकड़े जाने के बाद अन्य आतंकी देश की राजधानी में विस्फोट कर सरकार को देश में अपनी मौजूदगी व सक्रियता का संदेश देना चाहते थे? एक यह भी वजह हो सकती है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद वहां लौटा अमन चैन आतंकियों को रास नहीं आ रहा।

देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को आतंकियों ने एक बार फिर कायराना कृत्य का परिचय देते हुए कार में आत्मघाती विस्फोट कर कई बेगुनाह लोगों की जान ले ली। दिल्ली में एक दशक से अधिक समय बाद हुई इस आतंकी घटना से समूचा देश स्तब्ध भी है और खासा गुस्से में भी। लगभग समूचा देश यह बात तय मानकर कि इस घटना में पाकिस्तान और वहां बैठे दहशतगर्दों का ही हाथ है, सरकार के जवाबी कदम की प्रतीक्षा में है।

सोमवार की सुबह ही दिल्ली से सटे हरियाणा के फरीदाबाद से खबर मिली थी कि वहां एक डॉक्टर को संदिग्ध आतंकी कनेक्शन में हिरासत में लिया गया है और उसके पास से करीब 3 हजार किलो विस्फोटक असला बरामद किया गया है। साथ ही उसकी निशानदेही व सम्बन्धों के आधार पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से बाद में और कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।

इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक असला बरामद होना और आतंकियों का पकड़ा जाना सभी के लिए बड़ी खबर थी। लोग एक प्रकार से राहत की सांस ले रहे थे कि शाम को दिन ढलते-ढलते यह बुरी खबर देश को मिल गई कि दिल्ली के लाल किले के समीप एक कार में विस्फोट हो गया है और उस कार सहित वहां रखी अन्य कुछ कारों में खासे नुकसान के साथ आग लगने से बड़ी संख्या में वहां मौजूद लोग हताहत हुए हैं।

सुबह फरीदाबाद में डॉक्टर की गिरफ्तारी और विस्फोटक बरामदगी के कुछ घंटों में ही देश की राजधानी दिल्ली में आत्मघाती विस्फोट कर आतंकी आखिर क्या संदेश देना चाहते थे? क्या देश में कुछ बड़ा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था और पकड़े जाने पर तुरत-फुरत में विस्फोट की घटना को अंजाम दिया गया या अन्य कहीं रखे विस्फोटक को पकड़े जाने के डर से दूसरी जगह स्थानांतरित करने की हड़बड़ी में बीच में ही यह विस्फोट हो गया अथवा अपने कुछ साथियों के पकड़े जाने के बाद अन्य आतंकी देश की राजधानी के व्यस्ततम व संवेदनशील क्षेत्र में विस्फोट कर सरकार को देश में अपनी मौजूदगी व सक्रियता का संदेश देना चाहते थे? एक यह भी वजह हो सकती है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद वहां लौटा अमन चैन आतंकियों को रास नहीं आ रहा हो और देश की राजधानी में आतंकी घटना कर समूची दुनिया का ध्यान अपनी मौजूदगी व सक्रियता के साथ कश्मीर मुद्दे की तरफ पुनः खींचना चाहते हों। ऐसा इसलिए लगता है कि विस्फोट की घटना से जुड़े लोगों के तार कश्मीर से भी जुड़ रहे हैं।

फिलहाल सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहकर इसे लेकर मंथन कर रही है और सुरक्षा एजेंसियां घटना के तार जोड़कर पूरे षड्यंत्र की जांच करने में तेजी से जुट गई हैं। सरकार ने घटना की जांच का जिम्मा एनआईए को सौंप दिया है और घटना से जुड़े आतंकियों के सीमा पार पड़ोसी देश से जुड़े होने के सबूत खोजे जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों को आरंभिक जांच में घटना से जुड़े आतंकियों के तार पाकिस्तान सहित तुर्किये तक से जुड़ने के संकेत मिलने लगे हैं।

आने वाले दिनों में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी और जैसा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व रक्षामंत्री तक ने कहा है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

विगत अप्रैल में कश्मीर में हुई बड़ी आतंकी घटना के



बाद भी देश में खासा आक्रोश देखा गया था। निसंदेह सरकार भी गुस्से में थी। जिसका परिणाम यह हुआ था कि घटना के चंद दिनों बाद ही सरकार की हरी झंडी मिलने पर सेना ने पड़ोसी आतंकी देश पाकिस्तान को सबक सिखाने और वहां सरकार व सेना के संरक्षण में पल-बढ़ रहे जेहादियों को जहन्नुम पहुंचाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर लांच किया था।

उस समय हमारा लक्ष्य एक पूर्ण युद्ध नहीं बल्कि केवल वहां बैठे आतंक के आकाओं व उनके अड्डों को समाप्त करना था। हमने हमारे लक्ष्य को बड़ी तेजी से प्राप्त भी कर लिया था। हालांकि बाद में वहां की सेना द्वारा ड्रोन हमले के द्वारा प्रतिक्रिया देने का दुस्साहस करने पर हमारी सेना ने उनके हवाई ठिकानों को भी नष्ट कर उसे खासा नुकसान पहुंचाया था।

भारतीय सेना की जोरदार कार्रवाई से शीघ्र ही हौसला पस्त व घबराई वहां की सेना के डीजीएमओ द्वारा भारत के समक्ष घुटने टेकने और कार्रवाई रोकने की प्रार्थना पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित तो कर दिया, लेकिन साथ ही यह सख्त चेतावनी भी दे दी थी कि भविष्य में भारत में होने वाली किसी भी आतंकी घटना को भारत के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा और इससे भी कड़ा व मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर स्थगित होने के बाद हाल ही के कुछ महीनों में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व सेना प्रमुख मुनीर द्वारा दुनिया के कुछ बड़े देशों की यात्रा कर भारत से भविष्य के लिए सुरक्षा को लेकर कवायद की गई। इन देशों के साथ आधुनिक हथियारों की खरीद के साथ-साथ सुरक्षा समझौते भी किए गए। इसके लिए पाकिस्तान द्वारा इन देशों को कई प्रकार के अन्य लाभ व प्रलोभन भी दिए गए हैं।

वहां की सरकार व सेना यह मानकर चलने लगी है कि भविष्य में भारत के साथ उसके किसी भी प्रकार के संघर्ष में ये देश उसकी सहायता व सहयोग करेंगे और वह भारत को मात देने में सक्षम होगा। वहां की सरकार में बैठे कुछ लोग व सेना प्रमुख मुनीर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को भूल कर या नजर अंदाज कर भारत को एक बार फिर परमाणु धमकी दी जाने लगी है।

लेकिन पाकिस्तान संभवतः यह भूल गया है कि भारत अब पहले से कहीं अधिक शक्ति सम्पन्न देश है और किसी भी वैश्विक स्थिति या संकट से निपटने में सक्षम है। वह 47, 65, 71 व कारगिल में भारत की सेना की शक्ति देख चुका है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना का शौर्य व साहस उसके सहित समूची दुनिया ने देखा है। फिर भी वह अपनी फ़ितरतों से बाज नहीं आ रहा है।

निःसंदेह भारत सरकार व सेना हर स्थिति और संकट का सामना करने में सक्षम है और पूरी तरह से सतर्क व तैयार भी है। भारत अपने हितों व संप्रभुता का संरक्षण करने में पूर्ण सक्षम है। भारत अब किसी दबाव में आने वाला भी नहीं है। ताजा घटनाक्रम के बाद इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत दहशतगर्दों के संरक्षक व पालन-पोषण करने वाले पड़ोसी देश पाकिस्तान के विरुद्ध कड़ी जवाबी कार्रवाई करेगा और पाकिस्तान ने कोई दुस्साहस करने की कोशिश की तो संभवतः पाकिस्तान टुकड़ों में बंट जाए और पाकिस्तान के तौर पर उसकी पहचान नक्शे से मिट जाए, इसमें भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

भारत के लिए कश्मीर का पाक अधिगृहीत हिस्सा लेने का यह महत्वपूर्ण अवसर है और भारत को अब देर नहीं करना चाहिए। हालांकि सब कुछ इतना सरल व आसान भी नहीं है लेकिन आने वाले दिनों में भारत की जवाबी कार्रवाई की प्रतीक्षा पूरी दुनिया को है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विशेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# बाल अपराध प्रतिबंध पर संयुक्त राष्ट्र की पहल

बाल अपराधों पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य ये संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष-2022 को 18 नवंबर की तारीख को 'विश्व बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम' दिवस मुकर्रर किया था। दिवस का मकसद बच्चों के यौन शोषण व दुर्व्यवहार को रोकना और प्रभावित बच्चों को कानूनी सहायता प्रदान करवाने के प्रति जागरूक करना था। जिस हिसाब से अपराध बढ़ रहे हैं, उन्हें देखकर लगता है कि ये कृत्य सीधे-सीधे बाल अधिकारों का घोर उल्लंघन है। ये एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या में भी तब्दील हो चुकी है। ये असहनीय कृत्य किशोरों के स्वास्थ्य पर कितना प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं जिसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता है।



आज इस खास दिन पर बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत तमाम सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाएं बकायदा कैंप लगाकर पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों को कानूनी मदद और अन्य सहायता के लिए जागरूक करती हैं। साथ ही नौनिहालों की रक्षा-सुरक्षा के संबंध में जागरुकता फैलाना और शोषण के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने के लिए भी यह दिन अति-महत्वपूर्ण है। निश्चित रूप से ऐसे दिवस पीड़ितों को यौन शोषण के आघात से उबरने में काफ़ी मददगार साबित होते हैं। एनसीआरबी और 'जोनल इंटीग्रेटेड पुलिस नेटवर्क'(जिपनेट) की हालिया रिपोर्ट ने भी बच्चों से जुड़े अपराधों में बेहताशा वृद्धि बताई है।

एनसीआरबी रिपोर्ट ने ना सिर्फ शासकीय महकमों में खलबली मचाई है,बल्कि जनमानस में भी भय का माहौल उत्पन्न किया है। ऐसे नौनिहाल जो या तो पार्कों में खेलने गए या ट्यूशन पढ़ने, बाद में वापस ही नहीं लौटे। बिहार, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, हरियाणा व दिल्ली में ऐसे राज्य हैं जहां ऐसे मामलों में खासी वृद्धि हुई। बाल अपराध कैसे रूकें, इसके लिए क्या किया जाना चाहिए, इन्हीं सभी बातों पर मंथन आज किया जाएगा। कई क्षेत्रों में बाल यौन शोषण को छुपाया और कलंकित किया जाता है, जबकि ऐसा कतई नहीं किया जाना चाहिए। इस समस्या से निपटने और चुप्पी व प्रतिरोध की सांस्कृतिक बाधाओं को तोड़ने के लिए, सामुदायिक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक ज्ञान और प्रभावी रणनीतियों का प्रसार आवश्यक है।

संयुक्त राष्ट्र की मैनुअल रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023-24 में लगभग 190 देशों के बच्चों के साथ जितनी यातनाएं बढ़ी, उतनी इसके पूर्व कभी नहीं रही? इसमें भारत भी शामिल है। दुनिया भर में बच्चों के अधिकारों के साथ खुलेआम उल्लंघन और दुर्व्यवहार होता है। इस तरह के उल्लंघन सभी देशों और सामाजिक स्तरों में व्याप्त हैं। बच्चों, विशेषकर लड़कियों के साथ जबरन यौन संबंध, शारीरिक शोषण, दुर्व्यवहार व हिंसा के मामले बढ रहे हैं जिसमें ऑनलाइन और डिजीटल अपराध सबसे ज्यादा हैं। बच्चों की गरिमा और हिंसा से मुक्त जीवन जीने के उनके अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने करीब 90 देशों के साथ 2030 तक एक एजेंडा तय किया, जिसमें यह सुनिश्चित हुआ कि विभिन्न बाल अपराधों को रोकने में अपने कानूनों को धारदार बनाएंगे। बाल अपराध तभी रूक पाएंगे, जब हुकूमती शक्तियां कठोर होंगी। वैसे, कई मुल्कों में बाल अपराध पर फांसी की सजा निर्धारित हैं। दुबई में बाल अपराध न के बराबर हैं। लक्ष्यों और उद्देश्यों की श्रृंखला को कार्यान्वयन करने के लिए सभी पीड़ित देश अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंडे के साथ जुड़े हैं। ये पहल बाल शोषण, दुर्व्यवहार, बाल तस्करी, यातनाएं और बच्चों के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा को समाप्त करने के साथ-साथ बाल विवाह और महिला जननांग विकृति जैसी हानिकारक प्रथाओं को समाप्त करने में मदद करेगी।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित
दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

# दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित
प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## सारा संसार



मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर आंध्रप्रदेश के प्रसिद्ध मंदिर और भगवान शिव को समर्पित 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक हैं। यह पवित्र शिव मंदिर आंध्रप्रदेश राज्य के दक्षिणी भाग में श्रीशैलम पर्वत पर कृष्णा नदी के तट पर स्थित हैं जिसे 'दक्षिण के कैलाश' के नाम से भी जाना जाता है और यह भगवान शिव के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। मंदिर का निर्माण 6 वी शताब्दी में विजयनगर के राजा हरिहर राय द्वारा किया गया था।

## आज की पाती

### बिहार चुनाव में मुद्दे आए काम

हाल ही में बिहार विधानसभा चुनाव में जो एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला उस पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। इसके लिए कोई नीतीश कुमार के कामों को कारण बता रहा है, तो कोई वहां भी महागठबंधन में कमियों को दोषी मान रहा है। लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट मतदाता बिठा दे, इसका अंदाजा लगाया नहीं जा सकता। आम चुनाव में मतदाता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को ध्यान में रखता है। जबकि स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनाव में मूलभूत सुविधाओं और अन्य स्थानीय मुद्दों को। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को ज्यादा सीटों पर जीत मिलना यह भी साबित कर रहा है कि मतदाता अब डबल इंजन की सरकार को ध्यान में रख रहा है।

*- विवेक पाठक, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बातचीत का अवसर



निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की। पहली बुलेट ट्रेन परियोजना पर काम कर रही टीम से बातचीत करने का अवसर भी मिला।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नाइंसाफी और जुल्म




सत्ता के गुरूर में जो नाइंसाफी और जुल्म की हदें पार कर देते हैं, वो खुद एक दिन कुदरत के फैसले की गिरफ्त में आकर एक बेहद बुरे अंत की ओर जाते हैं। वो सब देख रहा है। किसी के साथ भी बेइंसाफी पर वो जरूर सुनता है।
**- अखिलेश यादव, सपा नेता**

### गर्व का अनुभव



मुझे यह बताते हुए गर्व और प्रसन्नता हो रही है कि मेरी बेटी निहारिका ने ओलिवा, वेलेंसिया, स्पेन में मेडिटेरेनियन इक्वेस्ट्रियन टूर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसकी इस कामयाबी पर गर्व का अनुभव कर रहा हूं।
**- गौतम सिंघानिया, उद्योगपति**

### दर्शकों का शुक्रिया



मेरे नाटक कुछ भी हो सकता है के लिए प्यार, गर्मजोशी, प्रशंसा और अंतहीन तालियों के लिए दिल्ली के दर्शकों का शुक्रिया। आयोजकों और सभी स्वयंसेवकों ने एक शानदार और कठिन काम को इतनी सहजता और सहजता से अंजाम दिया।
**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# टाइम्स स्क्वायर पर महिला सशक्तिकरण का जश्न

न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर में भारतीय प्रवासी समुदाय और अन्य देशों की महिलाओं ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान साड़ी की खूबसूरती, विरासत, कलात्मकता और समुदाय के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण का जश्न मनाया। इस दौरान रंग-बिरंगी और विभिन्न शैलियों की साड़ियां इस लोकप्रिय स्थल पर छा गईं। 'साड़ी गोज़ ग्लोबल' कार्यक्रम के दूसरे संस्करण का आयोजन रविवार को न्यूयॉर्क स्थित परोपकारी संगठन 'उमा ग्लोबल' ने न्यूयॉर्क के भारतीय वाणिज्य दूतावास के सहयोग से किया। उमा ग्लोबल द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इस वर्ष के उत्सव में भारत, बांग्लादेश, ब्रिटेन, वेस्ट इंडीज, मलेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका, अमेरिका के कई शहरों और स्थानीय न्यूयॉर्क निवासियों ने हिस्सा लिया। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में काउंसलर (चांसरी प्रमुख) प्रज्ञा सिंह ने साड़ी के गहन सांस्कृतिक इतिहास और विविधता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "साड़ी दुनिया के सबसे पुराने लगातार पहने जाने वाले परिधानों में से एक है, जिसकी परंपरा हजारों साल पुरानी है। इसकी अनगिनत शैलियां, पहनने के तरीके और कपड़े भारत की असाधारण विविधता और कलात्मक विरासत को प्रतिबिंबित करते हैं।'



## ऑफ बीट

# हिंसा कई बच्चों के जीवन का एक सामान्य हिस्सा

दुनियाभर के कई देशों में बच्चे हिंसा के बीच बड़े हो रहे हैं। यह हिंसा घर पर, उनके पड़ोस में या दोनों जगह हो सकती है। इससे कुछ बच्चों को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचता है जबकि कुछ बच्चों को उनकी देखभाल करने वालों के बीच या अपने समुदायों में हिंसा के कारण अप्रत्यक्ष नुकसान होता है। किसी भी प्रकार से हिंसा के बीच बड़े होने का बच्चों पर गहरा असर पड़ सकता है। साक्ष्य दर्शाते हैं कि हिंसा और खराब मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध बच्चे के स्कूल की आयु से पहले ही देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, बचपन में हिंसा के संपर्क में आने से इसका असर जीवन भर नजर आता है। हम बाल चिकित्सा तंत्रिका विज्ञान एवं मनोविज्ञान के शोधकर्ता हैं और यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हिंसा के शुरुआती अनुभव छोटे बच्चों के संज्ञानात्मक और भावनात्मक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित कर रहे हैं। यहां हम 20 देशों में किए गए अध्ययनों की समीक्षा और दक्षिण अफ्रीका में बच्चों के एक बड़े समूह से प्राप्त नए आंकड़ों से प्राप्त निष्कर्षों पर चर्चा कर रहे हैं। हमने पाया कि जिन देशों का हमने अध्ययन किया, उन सभी में बच्चों के लिए हिंसा का सामना करना बेहद आम है और मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव बचपन में ही दिखाई देने लगता है।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# वोटर लिस्ट की एक गलती बदल सकती है परिणाम, एसआईआर को दें प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं एसआईआर के राष्ट्रीय प्रभारी तरूण चुघ, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रविवार को ग्वालियर के आकाशवाणी तिराहा स्थित होटल रमाया में ग्वालियर-चंबल संभाग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआरआई) को लेकर आयोजित संभागीय बैठक को संबोधित किया। चुघ ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है।

एसआईआर एक पूरी तरह सामान्य, नियमित और संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसका पालन हर सरकार, चाहे किसी भी दल की हो अनिवार्य रूप से करती है। एसआईआर लोकतंत्र की मजबूती का सबसे प्रभावी साधन है, इसलिए कार्यकर्ताओं को पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ जुटना हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि एसआईआर कोई साधारण या एक दल से संबंधित प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वर्ष 2028 के चुनाव में भाजपा की जीत और हार को निर्णायक रूप से प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण चुनावी सफलता की कुंजी है।

## मेरा बूथ सबसे मजबूत करने की पहली सीढ़ी मतदाता सूची को सही करना है

*एसआईआर प्रक्रिया हमारे लिए भविष्य की चुनावी सफलता की कुंजी*

*एसआईआर को पूरी गंभीरता से लागू कर मजबूत करें मेरा बूथ सबसे मजबूत*



भाजपा की ग्वालियर-चंबल संभाग की संभागीय बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

### 2028 की जीत के लिए युद्धस्तर पर काम जरूरी: खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि मप्र की तासीर ही ऐसी है कि यहाँ भाजपा का काम हर क्षेत्र में उत्कृष्ट रहता है और संगठन हर चुनौती को अवसर में बदलने की क्षमता रखता है। एसआईआर कोई साधारण या एक दल से संबंधित प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वर्ष 2028 के चुनाव में भाजपा की जीत और हार को निर्णायक रूप से प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक है। वर्ष 2028 की चुनावी सफलता के लिए जितनी अधिक गंभीरता अभी दिखाई जाएगी, सफलता उतनी ही सुनिश्चित होगी।

### मतदाता सूची त्रुटिरहित बनाना हम कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी

*खंडेलवाल ने कहा कि संगठन की शक्ति और 2028 की जीत दोनों का आधार एसआईआर है। मतदाता सूची की एक गलती से परिणाम बदल सकते है, इसलिए कार्यकर्ता एसआईआर को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर कार्य में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2028 एवं लोकसभा चुनाव की प्रचंड जीत का आधार, बूथ मजबूती और बीएलए की सक्रिय भूमिका रहेगी। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। एसआईआर को पूरी गंभीरता से लागू कर मेरा बूथ सबसे मजबूत बनाने की जिम्मेदारी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की है। बैठक को एसआईआर समिति के प्रदेश संयोजक व विधायक भगवानदास सबनानी ने भी संबोधित किया।*

### भाजपा का उद्देश्य मात्र सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि जनसेवा है

*भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव चुघ ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक और प्रत्येक कार्यकर्ता को वोट देने का अधिकार सुनिश्चित करना अत्यधिक जरूरी है और इसी मतदान व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसआईआर की प्रक्रिया की आवश्यकता पड़ती है। यह केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गंभीर जिम्मेदारी है। इसलिए हर कार्यकर्ता को इसे अत्यंत गंभीरता, प्रतिबद्धता और पूर्ण दक्षता के साथ पूरा करना है। मप्र और गुजरात के भाजपा कार्यकर्ता हमेशा से संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने, बूथ प्रबंधन मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### 209 मरीजों का नेत्र परीक्षण, चश्मा एवं दवाइयां वितरित



**भोपाल।** सत्य मंदिर विदिशा रोड बैरसिया में रविवार को लॉयंस क्लब बैरसिया सत्य समाज शाखा, लायंस क्लब कपल द्वारा मासिक रूप में 69वां नेत्र जांच एवं स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 209 मरीजों की जांच की गई और 107 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयन कर ऑपरेशन हेतु सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर भेजा गया।

### प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार के लिए श्रीकृष्ण पाण्डेय चयनित

**भोपाल।** प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार-2025 की चयन समिति ने इस वर्ष पुरस्कार के लिए 'स्माइल रोटी बैंक फाउंडेशन' के अध्यक्ष श्रीकृष्ण पाण्डेय 'आजाद' (गोरखपुर, उत्तर प्रदेश) का चयन किया है, वे बाल भिक्षावृत्ति रोकने, निस्सहाय मनोरोगियों के पुनर्वास तथा सेवा, विभिन्न कारागारों में निरूद्ध बंदियों के मनोविकास हेतु परामर्श द्वारा अपराध छोड़ समाज की मुख्यधारा में वापस आने, नशाखोरी रोकने आदि सामाजिक कार्यों से समाज में परिवर्तन लाने हेतु उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं।



## उज्जैन और शाजापुर हैं जुड़वां भाई, शाजापुर को भी मिल रहा उज्जैन के विकास का लाभ

### मुख्यमंत्री औद्योगिक प्रक्षेत्र मक्सी में आयोजित समारोह में हुए शामिल

# मक्सी अब ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में पहचाना जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से उज्जैन-शाजापुर की पुण्यधरा हरित ऊर्जा उत्पादन में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों का प्रोडक्शन सेंटर बनने जा रही है। मक्सी नगर अब सेंट्रल इंडिया के ग्रीन मैनुफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित होकर अपनी नई पहचान कायम करेगा।

इससे यहां के किसानों को अपने ही क्षेत्र में प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और भंडारण की भी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को शाजापुर जिले के औद्योगिक प्रक्षेत्र मक्सी के दशहरा मैदान में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने मक्सी नगर में करीब 8174 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 6 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें चार इकाइयों का भूमिपूजन एवं दो इकाइयों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने करीब 384 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से उज्जैन से मक्सी तक निर्मित होने वाली करीब 38.95 किमी लंबी फोर लेन रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया।

**» मुख्यमंत्री ने मक्सी में किया 8174 करोड़ रुपए लागत वाली 6 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण**

**» 487 करोड़ लागत वाले 20 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन**


मक्सी में आयोजित समारोह में सीएम डॉ यादव

### 4 हजार नए रोजगार के अवसरों का स्रोत बनेगा

*सीएम ने कहा कि 60 से अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थानीय रोजगार का बड़ा आधार बन चुकी हैं। इन इकाइयों से लगभग 9 हजार लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि शाजापुर के भदौनी-बामनियाखेड़ी-खेरखेड़ी क्षेत्र में 30 करोड़ से अधिक की लागत से विकसित हो रहे एमएसएमई पार्क में लगभग 2500 करोड़ का पूंजी निवेश हो रहा है। यह क्षेत्र 4 हजार नए रोजगार के अवसरों का स्रोत बनेगा।*

### एक-एक ईंट मालवा क्षेत्र की नई ऊर्जा और विकास का आधार बनेगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज मक्सी औद्योगिक क्षेत्र में हुआ विभिन्न नवीन औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन की एक-एक ईंट मालवा क्षेत्र की नई ऊर्जा और विकास का आधार बनेगी। बहुतजल्द यह भूमि न केवल आध्यात्मिक प्रकाश में आलोकित होगी, बल्कि औद्योगिक ऊर्जा से भी दमकेगी। पार्वती-कालीसिंध नदी जोड़ो लिंक परियोजना का लाभ भी क्षेत्र को मिलेगा। यहां 487 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से 20 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन सम्पन्न हुआ है। छह औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन और लोकार्पण से यहां 8174 करोड़ रुपए से अधिक का पूंजी निवेश आएगा। इससे इस क्षेत्र के 15 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

### प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को हम 20 प्रतिशत तक लेकर जाएंगे

उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना के तहत 1500 रुपए की मासिक आर्थिक सहायता के अलावा हमारी सरकार रोजगार आधारित उद्योगों में रोजगार पाने वाली कामकाजी बहनों को हर महीने 5 हजार रुपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देगी। उनके नियोक्ता की तरफ से जो मासिक वेतन मिलेगा, सो अलग। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए हम हर जरूरी प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को हम 20 प्रतिशत तक लेकर जाएंगे। गाय पालने वाले लोगों को हम 40 रुपए प्रति गौमाता अनुदान देंगे। हम गीता जयंती भी हर्ष और आनंद के साथ मनाएंगे। साथ ही प्रदेश के सभी नगरों में गीता भवन भी बनाएंगे।

### उज्जैन, शाजापुर और देवास बन रहा है नया औद्योगिक सर्किट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन, देवास और शाजापुर मिलकर अब मप्र की नई औद्योगिक त्रिवेणी बन रहे हैं। यहां निवेश, इंडस्ट्री, उपजाऊ भूमि और स्किल्ड वर्कफोर्स भी उपलब्ध है। उज्जैन-देवास-शाजापुर कॉरिडोर की सबसे बड़ी ताकत इसकी ऑल टाइम कनेक्टिविटी है। यह क्षेत्र केवल औद्योगिक भूमि का समूह नहीं रहा, बल्कि ग्रीन एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग, एमएसएमई, सप्लाई चेन, खाद्य प्रसंस्करण और ऊर्जा उपकरणों के निर्माण का तेजी से उभरता हुआ क्लस्टर बन चुका है। उन्होंने कहा कि शाजापुर के मक्सी नगर में 88 हेक्टेयर क्षेत्रफल में एक बहुउद्देशीय औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है।

### यादव को बड़ी जिम्मेदारी के आसार

# मध्यप्रदेश में कई आईपीएस अफसरों की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कैडर के सीनियर आईपीएस अफसर अंशुमान यादव और अनंत कुमार सिंह सहित कई आईपीएस मध्य प्रदेश लौट जा रहे हैं। अंशुमन तकरीबन साढ़े छह बाद प्रदेश में वापसी कर रहे हैं। उन्हें मध्य प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी मिलने के आसार हैं। अंशुमान फिलहाल दिल्ली में केंद्रीय प्रति नियुक्ति पर सीआरपीएफ में पदस्थ हैं। 1 दिसंबर को मध्य प्रदेश आकर आमद देंगे।

अंशुआन को मध्य प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। अनंत सिंह का कार्यकाल 23 नवंबर 2025 में हो रहा है। उन्हें भी केंद्रीय पत्र नियुक्ति में हुए करीबन 5 साल हो गए हैं। अनंत केंद्र में डिजी पैनल में शामिल है। वह मध्य प्रदेश लौटेंगे तो स्पेशल डीजी के पद पर पदस्थ किए जाएंगे। मध्य प्रदेश में 1992 बैच के आईपीएस अफसर पवन श्रीवास्तव 31 दिसंबर 2025 को रिटायर होने वाले हैं। उनकी जगह अनंत सिंह स्पेशल डीजी बनाए जाएंगे। एक संभावना यह भी है कि उनकी जगह केंद्र में डीजी रैंक एक पद खाली हो जाएगा तो मध्य प्रदेश लौटने पर भी पुनर्विचार किया जा सकता है। मध्य प्रदेश के 1997 बैच के आईपीएस अफसर डी श्रीनिवास वर्मा भी केंद्रीय प्रतिनिधि से वापस आ रहे हैं। उन्हें वापस बुलाने के लिए पीएचक्यू ने राज्य सरकार के जरिए केंद्र को पत्र लिखा है।

### सालोमन की भी हो रही राज्य में वापसी

वर्मा फिलहाल हैदराबाद अकादमी में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं। इससे पहले वह लंबे समय तक सीआईडी में संयुक्त निर्देशक के पद पर रहे हैं। माना जा रहा है कि राज्य सरकार के पत्र के आधार पर केंद्र उन्हें रिलीफ कर देगा। उनके भी दिसंबर में ज्वाइन करने के पूरे आसार है। चौथे अधिकारी सालोमन कुमार मिंज है। मिंज फिलहाल बीएसएफ में पदस्थ है। वह भी वापस आ रहे हैं।

### नए साल में कई अधिकारी होंगे रिटायर

मध्य प्रदेश कैडर के कई अधिकारी अगले साल रिटायर होने वाले हैं। साल 2026 में जून में संजीव समी रिटायर होने वाले हैं। अभी स्पेशल डीजी टेलीकॉम के पद पर पदस्थ हैं। अगस्त महीने में अजय कुमार शर्मा रिटायर होंगे। अभी मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन स्पेशल डीजी के पद पर पदस्थ है। दिल्ली में पदस्थ एनसीआरबी के डायरेक्टर आलोक रंजन भी जुलाई में रिटायर हो जाएंगे। हालांकि उससे पहले सीआईडी में स्पेशल डीजी पवन श्रीवास्तव रिटायर हो रहे हैं। वही दिल्ली में डीजी आरपीएफ सोनाली मिश्रा भी साल 2026 अक्टूबर में रिटायर होंगी।

## अटल स्मारक कार्यों का निरीक्षण...


अटल स्मारक का निरीक्षण करते खंडेलवाल।

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को ग्वालियर में सिरोल पहाड़ी पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में निर्माणाधीन अटल स्मारक के कार्यों का निरीक्षण किया।

### जगदलपुर के पुलिस लाइन परिसर में संचालित हो रहा कैफे

# सीएम ने किया 'पंडुम कैफ़े' का शुभारंभ फिर दोहराई पुनर्वास से बदलाव की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर में सामाजिक आर्थिक बदलाव के नए अध्याय की शुरुआत करते हुए जगदलपुर में 'पंडुम कैफ़े' का शुभारंभ किया। यह कैफ़े नक्सली हिंसा के पीड़ितों और समर्पण कर चुके सदस्यों के पुनर्वास हेतु छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसने हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में लौटने वालों को सम्मानजनक और स्थाई आजीविका प्रदान करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है। यह अनूठी पहल संघर्ष से सहयोग तक के प्रेरणादायक सफर को दर्शाती है। 'पंडुम कैफ़े' जगदलपुर के पुलिस लाइन परिसर में स्थित है। मुख्यमंत्री साय ने पंडुम कैफे में कार्यरत नारायणपुर की फगनी, सुकमा की पुष्पा ठाकुर, बीरेंद्र ठाकुर, बस्तर की आशमती और प्रेमिला बघेल के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत की। उन्होंने नई शुरुआत के लिए उनका हौसला बढ़ाया और 'पंडुम कैफ़े' के बेहतर संचालन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि 'पंडुम कैफ़े' का शुभारंभ बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का एक प्रेरक प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने साय ने कहा कि पंडुम कैफे आशा, प्रगति और शांति का उज्ज्वल प्रतीक है। कैफे में कार्यरत युवा, जो नक्सली हिंसा के पीड़ित तथा हिंसा का मार्ग छोड़ चुके सदस्य हैं, अब शांति के पथ पर अग्रसर हो चुके हैं। जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग से उन्हें आतिथ्य सेवाओं, कैफ़े प्रबंधन, ग्राहक सेवा, स्वच्छता मानकों, खाद्य सुरक्षा और उद्यमिता कौशल का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति के पथ पर लौटे और कैफ़े में कार्यरत एक महिला ने इस अवसर पर भावुक होकर इस पुनर्वास पहल से हुए बदलाव की बात दोहराई। एक पूर्व नक्सली कैडर ने कहा कि हमने अपने अतीत में अंधेरा देखा था। आज हमें समाज की सेवा करने का यह अवसर मिला है, यह हमारे लिए एक नया जन्म है। बारूद की जगह कॉफी परोसना और अपनी मेहनत की कमाई से जीना-यह एहसास हमें शांति और सम्मान दे रहा है।

### सम्मानजनक जीवन का सपना पूरा

एक अन्य सहयोगी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि,पहले हम अपने परिवार को सम्मानजनक जीवन देने का सपना भी नहीं देख सकते थे। अब हम अपनी मेहनत से कमाए पैसों से घर के सदस्यों का भविष्य संवार सकते हैं। यह सब प्रशासन और इस कैफ़े की वजह से संभव हुआ है। एक अन्य सदस्य ने समुदाय के सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि हमें लगा था कि मुख्यधारा में लौटना आसान नहीं होगा, लेकिन पुलिस और जिला प्रशासन ने हमें प्रशिक्षण दिया और हमारा विश्वास जीता। सबसे बड़ी बात यह है कि हम अब पीड़ितों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे हमें अपने अतीत के अपराधों को सुधारने और शांति स्थापित करने का अवसर मिला है।

## एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत लेते सब इंजीनियर को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सब इंजीनियर को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। लंबे समय से चल रही शिकायतों की पुष्टि के बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और शिकायतकर्ता द्वारा रकम सौंपते ही अधिकारी ने मौके पर सब इंजीनियर को दबोच लिया। जानकारी के मुताबिक यह कार्रवाई जिले के छिंदगढ़ ब्लॉक में स्थित सरकारी आवास में की गई। जैसे ही टीम ने कमरे में प्रवेश किया, वहां रिश्वत की रकम टेबल पर रखी मिली जिसे तुरंत जब्त कर लिया गया। इसके साथ ही एसीबी अधिकारियों ने सब इंजीनियर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि यह रकम किसी निर्माण कार्य की फाइल आगे बढ़ाने के एवज में मांगी गई थी। छापेमारी के बाद एसीबी की टीम अब सब इंजीनियर के आवास और कार्यालय से जुड़े दस्तावेज़ों की विस्तृत जांच कर रही है। टीम ने लैपटॉप, मोबाइल फोन, रजिस्टर और कई संदिग्ध फाइलें कब्जे में लेकर उनकी पड़ताल शुरू की है। अधिकारियों का कहना है कि आगे भी और वित्तीय अनियमितताओं के खुलासे की संभावना है।

### एक करोड़ से अधिक की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा।** जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम बिलारी में जमीन खरीदी बिक्री और शेयर मार्केट में अच्छा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 1.88 करोड़ रुपए की ठगी के आरोपी भूपेंद्र साहू 48 वर्ष, पुत्र हिरेंद्र साहू 21 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। दरअसल पीड़ित राजेश कुमार साहू ने शिवरीनारायण थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की, बिलारी गांव का रहने वाला भूपेंद्र साहू से जान पहचान होने पर उसने दो ढाई साल पहले बताया कि वह जमीन खरीदी बिक्री का काम चालू किया हूं साथ में बेटा हिरेंद्र शेयर मार्केट में काम कर रहा है जिससे अच्छा मुनाफा हो रहा है। जिसमें पैसे लगाने पर 25 महीनों में ढाई गुना रकम ब्याज के साथ मिलेगा।

### 10% से अधिक गणना पत्रक के डिजिटलाइजेशन का लक्ष्य करें तय

# एसआईआर की धीमी प्रोग्रेस में शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, भोपाल, इंदौर, गुना, भिंड कलेक्टर पर चुनाव आयोग नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसआईआर की धीमी प्रोग्रेस पर आज शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, भोपाल, इंदौर, गुना और भिंड कलेक्टरों को चुनाव आयोग की जमकर फटकार लगी। आयोग की ओर से इन जिलों के कलेक्टरों से कहा गया है कि ट्राइबल और अर्बन के नाम पर काम टाले जा रहे है, यह ठीक स्थिति नहीं है।

किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डिजिटाइजेशन का काम समय पर पूरा करना होगा। चुनाव आयोग मध्यप्रदेश की प्रभारी और डायरेक्टर शुभ्रा सक्सेना और सचिव विनोद कुमार ने दिल्ली से एमपी में कराई जा रही एसआईआर की वर्चुअल समीक्षा के दौरान यह नाराजगी जताई है। इन जिलों के कलेक्टरों की परफार्मेंस के साथ बाकी जिलों के कलेक्टरों से भी कहा गया है कि वे टाइम लिमिट पर फोकस करें और गणना पत्रक वितरण के बाद उसे एकत्र करने और डिजिटाइजेशन का काम तय समय सीमा में पूरा कराएं। कोई भी बात इसमें सुनी नहीं जाएगी। जो यह कह रहे हैं कि ट्राइबल एरिया के कारण दिक्कत हो रही है या शहरी क्षेत्र की आबादी के कारण काम प्रभावित हो रहा है, उन्हें यह देखना चाहिए कि जिन जिलों में अच्छा काम हो रहा है वे कैसे इसे पूरा कर ले रहे हैं। बताया जाता है कि समीक्षा की शुरूआत में ही शहडोल जिले की कमजोर परफार्मेंस के चलते कलेक्टर केदार सिंह को सबसे पहले फटकार लगी। इसके बाद बाकी कलेक्टरों की प्रोग्रेस पर भी नाराजगी जताई गई।

### ट्राइबल और अर्बन के नाम पर काम टाला जाना ठीक नहीं


फाइल फोटो

### अशोकनगर की परफार्मेंस सबसे अच्छी

एसआईआर में डिजिटाइजेशन प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह के काम की चुनाव आयोग के अफसरों ने सराहना की। इसके अलावा सीहोर, नीमच और पांढुर्णा जिलों का भी डिजिटाइजेशन का परफार्मेंस अच्छा है। वर्चुअल समीक्षा के दौरान भोपाल में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा और संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आरपीएस जादौन शामिल हुए।

### 16 जिलों के नगर निगम आयुक्त भी रहे मौजूद

- जिलों से कलेक्टर, 16 जिलों के नगर निगम आयुक्त और उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। आयोग के अफसरों ने नगर निगम आयुक्तों से कहा है कि जो काम सौंपे गए हैं उसे गंभीरता से पूरा कराएं अन्यथा वे भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे। बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने सभी कलेक्टर्स को जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर प्रतिदिन समीक्षा और मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 10% से अधिक गणना पत्रक के डिजिटलाइजेशन के कार्य का लक्ष्य तय करें। एक सप्ताह के अंदर सभी कार्य पूरा करें।

### बीएलओ के काम की रोज करें समीक्षा

आयोग के अफसरों ने कहा कि सभी जिले कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। हर दिन बीएलओ के कार्य की समीक्षा करें और बीएलओ से स्वयं संवाद करें एवं कार्य में आ रही कठिनाइयों का तुरंत निराकरण करें। सहयोग के लिए वालेंटियर्स को लगाएं। कलेक्टर मैदानी स्तर पर जाकर एसआईआर कार्य की प्रगति देखें। आयोग द्वारा प्रतिदिन आपके कार्य की निगरानी और समीक्षा की जा रही है।

# प्रसन्नता ईश्वर की पूजा, आराधना और उपासना है : गिरि बापू

## नौ दिवसीय श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा शुरु



**जबलपुर।** संस्कारधानी के घड़ी चौक विजय नगर स्थित नर्मदा एक्सीलेंस कॉलेज परिसर में सोमवार की सुबह श्री शिव समाराधन महायज्ञ का पूजन यज्ञशाला में प्रातः विधिवत रूप से किया गया। पूजन यज्ञ प्रारंभ होने के पूर्व प्राश्चितय एवं पचांग पूजन, नंदी श्राद्ध एवं यज्ञ मंडप में मुख्य यजमान पंडित जितेन्द्र पचौरी एवं डॉ. मुक्तेवरी पचौरी का प्रवेश हुआ। इसके बाद दोपहर में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य श्री गिरि बापू जी द्वारा शिव महापुराण पोथी का पूजन यज्ञ जजमान पंडित देवेन्द्र पचौरी व पंडित. जितेन्द्र पचौरी द्वारा किया गया। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक पूज्य श्री गिरिबापू महाराज अपने ओजस्वी श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का वाचन करते हुए कहा शिव महापुराण एक दिव्य ग्रंथ है जो महादेव के भक्तों के लिए जीवन में मार्गदर्शक है। प्रसन्नता ईश्वर की पूजा, आराधना और उपासना है, जिसके जीवन में लालच न हो वह प्रसन्न रह सकता है। महादेव की कथा मनोरंजन नहीं है इसके श्रवण से जीवनशैली और व्यवहार बदलता है। कथा श्रवण से मनुष्य भव पार हो सकता है। मनुष्य को पावन करने वाली यह कथा है इसका श्रवण जो करता है उसे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष मांगना नहीं पड़ता सब मिल जाता है। जिस स्थल पर कथा का आयोजन होता है वहां पर तीर्थ दौड़े चले आते हैं श्रवण करने वाले के सभी पाप भस्म हो जाते हैं। मुझे 30 वर्ष बाद मां नर्मदा की नगरी संस्कारधानी जबलपुर में महादेव की कथा वाचन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और उससे भी सौभाग्यशाली आप सभी हैं जो कि श्रवण के लिए आज यहां पर बैठे हुए हैं। शिव महापुराण की आदर के साथ वंदना करने से ही फल की पुण्य की प्राप्ति हो जाती है। माँ नर्मदा के जल को स्वच्छ रखने के लिए सभी संकल्पित हो क्योंकि जल सभी को चाहिए।

### आज आशीर्वचन देंगे शंकराचार्यजी

स्वामी महेन्द्रानंद जी ने बताया कि मंगलवार 18 नवम्बर को कथा स्थल पर परम पूज्य अनन्तश्री विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का आगमन होगा। इस अवसर पर वे भक्तों को अपना आशीर्वचन भी प्रदान करेंगे।

### व्यास पीठ इन्होंने किया स्वागत एवं पूजन

व्यास पीठ पर पोथी का पूजन श्री शिव महापुराण कथा समिति के मुख्य समायोजक स्वामी महेंद्रानंद महाराज एवं सुरेन्द्रानंद महाराज, चंदकिरण महंत दयानंद गिरि जी जनपद अध्यक्ष ने किया। व्यास पीठ पर विराजे पूज्य श्री गिरि बापू जी का आशीर्वाद कथा मुख्य यजमान पं. देवेन्द्र पचौरी, यज्ञ मुख्य यजमान पं. जितेन्द्र पचौरी, कार्यवाहक समायोजक चित्रा देवी, नवनीत माहेश्वरी, विभव माहेश्वरी, प्रभव माहेश्वरी जी, कार्यक्रम अध्यक्ष पंडित राममूर्ति मिश्रा, कार्यवाह समायोजक हरकृष्ण पचौरी, पुष्पा पचौरी, अतिथि श्रोता हरगोविंद सिंह, पुर्विया राजा भैया, पवन दुबे, महामंत्री कौशल यादव, भंडारा प्रमुख मुकेश ठाकुर, एड. चंद्रपुरी गोस्वामी, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, बलराम यादव ने माल्यार्पण कर प्राप्त किया। स्वागताध्यक्ष दयानंद गिरि ने पूज्य बापू जी का स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के पं. श्याम मनोहर पचौरी, विष्णु शंकर पटेल, ब्रजेश बादल, गौरी शंकर तिवारी, आनंद मोहन पलहा, ठाकुर देवेन्द्र सिंह, मनोज पटेल, रामप्रकाश शर्मा, अवधेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में प्रथम दिवस पर भक्त सरला दुबे द्वारा भंडारे की व्यवस्था की गई थी।




# भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** भारतीय मजदूर संघ जिला जबलपुर द्वारा श्रमिक हितों से संबंधित महत्वपूर्ण मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम 46 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन प्रदेश के सभी श्रमिकों की अलग-अलग मांगों को एक साथ स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है एवं निराकरण के उपाय भी सुजाता है। सभी साथियों ने एकजुट होकर श्रमिक हितों की समस्याओं और उनके समाधान हेतु अपनी आवाज सशक्त रूप से प्रस्तुत की।



# रोटरी क्लब ने छात्राओं को स्वेटर प्रदत्त की

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा बिदामबाई कन्या शाला की प्राचार्य डॉ. शशिकला के अनुरोध पर जरूरतमंद छात्राओं को स्वेटर्स उपलब्ध कराए गए। पूर्वाध्यक्ष अरुणकान्त अग्रवाल ने जानकारी दी कि श्रीमती पुष्पल अग्रवाल की स्मृति में पूर्वाध्यक्ष आर.पी. अग्रवाल के सौजन्य से विगत अनेक वर्षों से यह पुनीत कार्य सम्पन्न किया जा रहा है। इस मौके पर निवर्तमान प्रांतपाल रोटे.अखिल मिश्र ने व्यक्त किया कि 'स्वयं से परे सेवा' का यह अनुपम उदाहरण है। नगर के शैक्षणिक विकास हेतु यह सहयोग अपरिहार्य है। ठंड का प्रकोप प्रारंभ होने के साथ ही यह आयोजन सम्पन्न करने के लिए क्लब साधुवाद का पात्र है। अन्य संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। अध्यक्ष सारंग भिड़े व सचिव अखिल खण्डेलवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अमरेन्द्र नारायण, राकेश गिदरौनिया, नरेंद्र बतरा आदि अनेक सदस्यों की उपस्थिति प्रेरणा प्रदायक थी।

# जीएस कॉलेज से निकली एसआईआर जागरूकता रैली



**जबलपुर।** जी.एस. कॉलेज मतदाता साक्षरता क्लब एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर के लिये जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत रैली का आयोजन 17/11/2025 को किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश चंद्र त्रिपाठी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली में जिला निर्वाचन कार्यालय से स्वीप समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं यह भी बताया कि किस प्रकार विद्यार्थी इस प्रक्रिया में सहयोग कर सकते हैं। रैली में शामिल लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न नारे लगाकर महाविद्यालय प्रांगण से डिलाइट बाजार तक रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस रैली में महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. शिव कुमार व्यास तथा डॉ. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी एवं प्राध्यापक डॉ. डी.बी. कोष्टा, डॉ. आर.के. गौतम, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. शक्ति प्रताभन, डॉ. सुनील देशपांडे, डॉ. शरद रजक, अनुराग उपाध्याय, डॉ. अर्पणा पांडे, डॉ. डिम्पल भल्ला, डॉ. तृप्ति दीक्षित, डॉ. वंदना परोहा, डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, सुमोना घोष, डॉ. अर्चना मुठ्ये, मुईन अहमद एवं अन्य समस्त प्राध्यापक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त रैली का संयोजन एवं संचालन प्रवीण कुमार सिंह एवं डॉ. आर.के. पटेल, नोडल अधिकारी, ईएलसी द्वारा किया गया।

# केंद्र सरकार को सौंपा जायेगा किसानों की मांगों व सुझावों का 15 सूत्रीय ज्ञापन

## अखिल भारतीय कृषक परिषद की बैठक का आयोजन वाराणसी में सम्पन्न

### देश के किसानों की समस्याओं पर हुआ गहन विचार विमर्श




**जबलपुर।** जबलपुर से बैठक में भाग लेकर लौटे कृषक समाज के के. के. अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वाराणसी के धर्म संघ शिक्षा मंडल दुर्गा कुंड भवन में आयोजित अखिल भारतीय कृषक परिषद की बैठक में देश के सभी प्रांतों से कृषक प्रतिनिधियों, कृषि विशेषज्ञों ने भाग लेकर किसानों की समायाओं पर विचार मंथन कर केंद्र सरकार को सौपे जाने के लिए 15 सूत्रीय ज्ञापन/ मसौदा तैयार किया गया, जिसमे किसानों के हितों के अनुकूल कृषि नीतियों का निर्धारण, एमएसपी पर कृषि उत्पाद की खरीद व उसके विकल्प, कृषि उत्पाद के आयात निर्यात की वर्तमान नीति में सुधार, फसल बीमा की विसंगतियों तथा बीमा के विकल्पो, कृषि अनुसन्धान व किसानों के लिए बजट में बढ़ोतरी, सब्सिडी, कृषि की योजनाओ के मैदान में प्रभावी संचालन हेतु प्रदेश सरकार के साथ तालमेल व संसाधन, कृषि की आदान सामग्रियों तथा खाद, बीज, सिचाई, विद्युत के भ्रस्टाचार रहित बेहतर प्रबंधन पर विशेष प्रयास किये जाने, किसानो की न्युनतम आय सुनिश्चित करने कृषक आयोग के गठन आदि मांगे व सुझाव सम्मलित है। भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मंचासीन उपाध्यक्ष अंदूगौड़ा (तमिलनाडु), पी सी मोहन्ती (उडीसा), के के अग्रवाल (मध्यप्रदेश), लोकेन्द्र सिंह ( दिल्ली ), विश्वासराव पाटिल ( महाराष्ट्र ) ने किसानों की समस्याएं प्रस्तुत करते हुए किसानों को अपने हकों एवं हितो के लिए एक जुट रहने का आह्वाहन किया। महाराष्ट्र से डॉ लुंगे पाटिल, मध्यप्रदेश से एड रमेश पटेल, पंजाब से के एल चावला, उत्तर प्रदेश से विजय दीक्षित, वेस्ट बंगाल से हसानू जामान, अपूर्बाकुमार माल, करनाटक से सुब्रमणियम, डॉ सिद्राम्प्पा, आदि ने किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के के अग्रवाल ने किया। जबलपुर जिले से कृषक प्रतिनिधि के के अग्रवाल, रूपेंद्र पटेल, रामगोपाल पटेल, रमेश पटेल, बिहारी पटेल, अशोक पटेल, राजेश पटेल, अर्जुन बच्चू पटेल, विपेन्द्र राजपूत, यश दुबे सम्मलित थे।



# संत समाज चलता फिरता तीर्थ : भानुदेवाचार्य महाराज

**जबलपुर।** श्री राम मानस महिला मण्डल के तत्वावधान में अनंत श्री विभूषित परम पूज्य स्वामी राम प्रपन्नाचार्य महाराज के कृपा पात्र शिष्य मानस प्रपन्न भानु देवाचार्य महाराज ने संगीतमयी श्रीराम कथा के तृतीय दिवस व्यास पीठ की आसंदी से कहा कि संपूर्ण दुनिया के सार राम नाम में समाए हुए हैं। राम विपरीत परिस्थितियों में मुस्कराने, जीवन में मर्यादित रहने और दुश्मनों के प्रति मित्रता की प्रेरणा देते हैं। खुशी हो या गम हो, संकट हो सभी दिशाओं में श्रीराम का नाम विनम्रतापूर्वक लिया जाना चाहिए। व्यास पीठ का पूजन अर्चन यजमान एड. अमोल सिंह राजपूत, सुधा राजपूत, गणेश दत्त दुबे, संध्या दुबे, प्रतीक श्वेता दुबे ने किया। इस अवसर पर श्री रामम के पं. संतोष शास्त्री महाराज का मंगल प्रवेश हुआ। कथा में श्री रामलीला समिति गढ़ा से अशोक मनोध्या, श्री सिद्ध दुर्गा समिति के राजेश पटेल, के.के. शुक्ला, देवेन्द्र कुमार तिवारी, जवाहर पटेल ,भानुप्रताप सिंह, विराज तिवारी, एड. राजकुमार अवस्थी, नितिन बसेडिया, एड. विनीत टहनगुरिया, डॉ. अजय फौजदार, सौरभ सिंह, राज चोपड़ा के साथ ही श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ से डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला सहित सैकड़ों श्रोताओं एवं मातृशक्तियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# वृद्धों की सेवा में ही नारायण के दर्शन : दंडी स्वामी

**जबलपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीमठ मदनमहल आमनपुर जबलपुर में दिनांक 12 से 19 नवम्बर तक माँ निरंकार काली की 50वीं स्वर्णिम वर्षगाँठ के अवसर पर माँ निरंकार काली लोक कल्याण सेवा समिति द्वारा सफ़ाई कर्मी एवं वृद्ध माताओं का पूजन एवं सम्मान कालीमठ के महंत चंद्रशेखरानंद महाराज द्वारा किया गया। अनिल उसरेटे ने जानकारी दी है कि दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सेवा भावना का सजीव उदाहरण है। वृद्ध माताएँ- जो हमारी भारतीय संस्कृति की जीवंत धरोहर हैं उन सभी को हार्दिक एवं आत्मिक नमन। वृद्धों की सेवा में ही नारायण के दर्शन होते हैं।

इस अवसर पर माँ निरंकार काली लोक कल्याण सेवा समिति के भैयाराम राम अवस्थी, पूरन सिंह राजपूत, संतोष केशरवानी, अनिल सराठे बबलू, धर्मेश तिवारी, अजय ग्रोवर, मुकेश तिवारी, शेखर ठाकुर, रवि बाबा, अनिल उसरेटे, अजय यादव, अभिषेक चौकसे, अमित मिश्रा, शैलेष श्रीवास, रोहित तिवारी, मदन गोपाल साहू, विनोद लोखंडे, बृज चौकसे आदि ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया।

# कालीमठ मदनमहल आमनपुर की 50वीं वर्षगांठ के कार्यक्रमों का समापन कल





# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 354 मरीजों ने कराई जाँच

**जबलपुर।** स्व. हेमराज सिंह गौर की स्मृति में 15वां नि:शुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर हेमराज आई केयर ऑप्टिकल सेंटर बस स्टैंड शहपुरा (भिटौनी) में बरगी विधायक नीरज सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, जिसमें जबलपुर के देवजी नेत्रालय के संथापक नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक एवं हेमराज आई केयर के डायरेक्टर ऑप्टोमेट्रिस्ट नीतेश सिंह गौर एवं स्टाफ द्वारा लगभग 354 मरीजों की नि:शुल्क नेत्र जांच कर नि:शुल्क परामर्श दिया गया जिसमें 64 मरींजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया जिनका ऑपरेशन जबलपुर में नि:शुल्क किया जावेगा तथा दवाइयां तथा काला चश्मा भी नि:शुल्क देंगे। शेष 16 को रेटिना की समस्या, 5 को नाखूना, 3 को अकसूर, बाकी को चश्मा नंबर आदि दिलाया गया। आयोजक श्री गौर ने बताया कि यह शिविर की सफलता का लगातार 15वां वर्ष रहा, जिसमें नीरज सिंह गौर, राजेश धुर्वे, प्रिया सिंह, भक्ति सिंह, अभिषेक, मुकेश, नमन आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# मप्र ट्रांसपोर्ट वर्कर्स की तदर्थ समिति गठित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन इंटक के प्रजातांत्रिक तरीके से निर्वाचन संपन्न कराने हेतु फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष कृपाशंकर वर्मा ने वर्तमान प्रबंधकारिणी समिति को भंग करते हुए मप्र इंटक के अध्यक्ष से फेडरेशन के निष्पक्ष निर्वाचन कराने निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने एवं निर्वाचन होने तक तदर्थ समिति (एडहॉक) गठित करने के अनुरोध पर मप्र इंटक के अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव ने तदर्थ समिति गठित की है। मप्र इंटक कार्यसमिति सदस्य मथुरा प्रसाद दुबे ने बताया कि इंटक अध्यक्ष श्री यादव ने तदर्थ समिति को छह माह के भीतर विधान अनुसार निष्पक्ष निर्वाचन कराकर मप्र इंटक को अवगत कराने का निर्देश दिया है।

# महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय का 30वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**जबलपुर।** महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय का 30वां स्थापना दिवस समारोह विगत दिवस नेताजी सुभाषचन्द्र बोस सभागार जबलपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूपूजन से किया गया, तत्पश्चात दीप प्रज्जवलन कुलाधिपति, ब्रह्मचारी गिरीष चन्द्र वर्मा, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा, कुलगुरू, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर, डॉ. जितेन्द्र जामदार उपाध्यक्ष, म.प्र. जन अभियान परिषद, प्रो. भुवनेश शर्मा, पूर्व कुलगुरू महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, वर्तमान कुलगुरू प्रो. प्रमोद कुमार वर्मा जी द्वारा किया गया। वैदिक पंडितों द्वारा चारों वेदों के पाठ का वाचन किया गया। अतिथियों के स्वागत क्रम में विश्वविद्यालय कुलाधिपति एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष ब्रह्मचारी गिरीष चन्द्र वर्मा का स्वागत कुलगुरू प्रो. प्रमोद वर्मा के द्वारा किया गया, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायधीश प्रतिंकर दिवाकर एवं डॉ. जितेन्द्र जामदार का स्वागत विश्वविद्यालय के प्रशासनिक सलाहकार अरविंद सिंह राजपूत के द्वारा किया गया। नानाजी देशमुखपशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के प्रो (डॉ.) मनदीप शर्मा जी, कुलगुरू एवं विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. भुवनेष शर्मा का स्वागत डॉ. जे.पी. शुक्ला, प्रोफेसर ऑफ प्रेक्टिस म.म.यो.वै.वि. के द्वारा किया गया, विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. प्रमोद वर्मा का स्वागत का डॉ. प्रलय कुमार नंदा, संकायाध्यक्ष म.म.यो.वै.वि, के द्वारा किया गया एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव संदीप शर्मा का स्वागत डॉ. अशोक सिंह चौहान के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविन्द सिंह राजपूत, प्रशासनिक सलाहकार, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, यतीश सक्सेना, निदेशक प्रशासनिक एवं कार्मिक महर्षि विद्या मंदिर समूह, महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य, विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

# नोडल स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

## श्रीराम ग्रुप्स एवं ज्ञान गंगा फार्मेसी कॉलेज ने जीता अपना पहला मैच



**जबलपुर।** श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में आज नोडल स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। दिन का पहला मैच श्रीराम ग्रुप्स कॉलेज और खालसा इंजीनियरिंग कॉलेज के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर श्रीराम ग्रुप्स कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर्स में 3 विकेट खोकर 258 रन बनाए, श्रीराम ग्रुप्स कॉलेज की ओर से रोहित सोनी ने नाबाद 157 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली, इस पारी मैं रोहित ने 18 चौके और 7 छक्के लगाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खालसा इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम मात्र 45 रन पर ऑल आउट हो गई। श्रीराम ग्रुप्स कॉलेज ने यह मैच 213 रनों से जीता। दिन का दूसरा मैच ज्ञान गंगा फार्मेसी कॉलेज और सरस्वती कॉलेज के बीच हुआ सरस्वती कॉलेज ने पहले बैटिंग करते हुए 84 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ज्ञान गंगा फार्मेसी कॉलेज ने यह मैच 7 विकेट से जीता। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्रीराम कॉलेज के चेयरमैन रामेन्द्र करसोलिया, श्रीराम कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. एलके पटेल, नोडल अधिकारी भगवान सिंह, ज्ञान गंगा कॉलेज के खेल अधिकारी नितिन सिंह, श्रीराम कॉलेज के खेल अधिकारी हरविंदर सिंह, भानु सूर्यवंशी उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका अशोक सिंह, रामाराव और आयुष चौधरी ने निभाई।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**
क्रमांक-प्र.का.से. /का.से./ 2025-26 / 735
दिनांक 12/11/2025

प्रति, उप पंजीयक, पंजीयन एवं मुद्रांक, कार्यालय कलेक्टर जबलपुर **विषय:**-कालोनी विकास अनुमति हेतु निष्पादित विकास अनुबंध में विकास कार्यो के विरुद्ध बंधक रखे गये भूखंडों की जानकारी बाबत्।

संभाग क्रमांक - 2 वार्ड क्र. 21 (स्वामी विवेकानन्द वार्ड) अंतर्गत मौजा/ग्राम लक्ष्मीपुर नं.बं. 643 प.ह.नं. 04 नया ( पुराना 25 ) खसरा नं. 64/4 कुल रकबा 4050 वर्गमीटर में से 4018.19 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास (कृष्णा एलीट फेस-2) की अनुमति हेतु विकासकर्ताओं/ कालोनाईजर्स मेसर्स नर्मदा निर्वाना एल एल पी द्वारा पार्टनर्स श्री प्रभात साहू पिता स्व. श्री चिंतामण साहू, श्री असीम पटेल पिता श्री राम गोपाल पटेल एवं श्री दीपांशु सिंह महदेल पिता श्री दीप सिंह महदेल पता- 338, सराफा वार्ड, खटीक मोहल्ला, पोल नं. एल. - 44 -1, जबलपुर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है :- भूखण्ड क्रमांक-15, 16 एवं 19 कुल 03 नग क्षेत्रफल 333.69 वर्गमीटर अतः उक्त संपति विक्रय पंजीयन की कार्यवाही निष्पादित न किये जाने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभारी कालोनी सेल
नगर पालिक निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग**
**क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/164
दिनांक:- 17/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री मनु अग्रवाल पिता श्री घनश्याम अग्रवाल (2) श्रीमती दिव्या सोनी पति श्री मनु अग्रवाल ने मकान नं.-2892/सी-विंग, दु.नं.-16 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 200 व.फु. मैजनाइन 150 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग**
**क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/165
दिनांक:- 17/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सीमा भायजी पति श्री राकेश कुमार भायजी ने मकान नं.-270-1-2/SF-202 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीय तल 1150 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग**
**क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/166
दिनांक:- 17/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आशा नायडू पति स्व. श्री राघवेन्द्र नायडू, हर्षिता नायडू पति अनंत वयानम पिता स्व. श्री राघवेन्द्र नायडू एवं शिवम नायडू ने मकान नं. 977 वार्ड पं. सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 900 व.फु., प्रथम तल 900 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

मध्यप्रदेश, गुजरात, बिहार और आंध्र प्रदेश में साइट ढूंढ रही

# यूनेस्को में लगेगा 700 से 1,600 मेगावाट का बिजली संयंत्र

## एनटीपीसी की बड़ी तैयारीः अनुमोदन में एईआरबी की मंजूरी जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनटीपीसी ने 700, 1,000 और 1,600 मेगावॉट के न्यूक्लियर प्लांट लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी अलग-अलग राज्यों में साइट ढूंढ रही है और जरूरी जमीन के विकल्पों का आकलन कर रही है, जिनमें गुजरात, मध्यप्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश शामिल हैं। कंपनी का लक्ष्य है कि वह 2047 तक देश की प्रस्तावित 100 गीगावॉट परमाणु क्षमता लगभग 30 फीसदी यानी करीब 30 गीगावॉट परमाणु क्षमता ले सकती है।

औद्योगिक अंदाजों के मुताबिक 1 गीगावॉट परमाणु प्लांट में लगभग 15,000-20,000 करोड़ का निवेश लग सकता है और किसी प्रोजेक्ट को योजना से लेकर चालू करने तक आमतौर पर कम से कम तीन साल लग जाते हैं।

एनटीपीसी ने कहा है कि 700 मेगावाट और 1,000 मेगावाट का रिएक्टर है के लिए वह देश में विकसित प्रेशराइज्ड हेवी-वाटर रिएक्टर तकनीक इस्तेमाल करेगी. 1,600मेगावाट के प्रोजेक्ट के लिए कंपनी जरूरत पड़ने पर तकनीकी साझेदारी भी तलाश सकती है। साइट अनुमोदन में परमाणु ऊर्जा नियामक निकाय एईआरबी की मंजूरी जरूरी होगी। एईआरबी जिन साइटों को मंजूर करेगा, एनटीपीसी उन्हीं स्थानों पर आगे का काम करेगी।



ऐसा होगा प्लांट।

कच्चे ईंधन (यूरेनियम) की उपलब्धता के लिए कंपनी विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों की खरीद-खोज भी कर रही है। इस दिशा में एनटीपीसी ने यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ एक ड्राफ्ट समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, ताकि विदेशी यूरेनियम परिसंपत्तियों पर तकनीकी-वाणिज्यिक जांच की जा सके। वर्तमान में एनटीपीसी ग्रुप की कुल इंस्टॉल की हुई क्षमता करीब 84,848 मेगावॉट है, जिसमें कोयला, गैस/तरल ईंधन, जल और सौर ऊर्जा शामिल हैं।

### एनपीसीआईएल के साथ लगा रहा एक परमाणु प्रोजेक्ट

एनटीपीसी पहले ही राजस्थान में एनपीसीआईएल के साथ एक संयुक्त उद्यम के रूप में एक परमाणु प्रोजेक्ट लगा रहा है। इस पर लगभग 42,000 करोड़ का निवेश आंका गया है। इस जेवी में एनपीसीआईएल की हिस्सेदारी 51 फीसदी और एनटीपीसी की 49 फीसदी है.इसके अलावा, इस साल सितंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में 4×700 मेगावाट एमबीआरएपीपी (माही-बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट) की नींव रखी थी। यह प्रोजेक्ट अश्विनी के जरिए विकसित किया जा रहा है।

युवाओं को इनोवेशन और स्टार्टअप में बढ़ावा देने

# मप्र सरकार का टीजीएस-2026 के लिए टाई राजस्थान से समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल टाई समिट- 2026 जो 4 से 6 जनवरी 2026 तक जयपुर में आयोजित होने वाला है के लिए मध्यप्रदेश सरकार और टाई राजस्थान के बीच समझौता हुआ है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की मौजूदगी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे और टाई राजस्थान की ओर से प्रेसिडेंट डॉ.शीनू झंवर ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर एसीएस संजय दुबे ने कहा कि टाई ग्लोबल समिट-2026 मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों पड़ोसी राज्यों में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को इनोवेशन और स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करेगा। हमारी सरकार ने भी मध्यप्रदेश प्रदेश में स्टार्टअप प्रोत्साहन के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं तैयार की हैं। इस समझौते से टाई ग्लोबल समिट प्लेटफॉर्म का मध्यप्रदेश के इनोवेटर्स और स्टार्टअप को भी पूरा लाभ मिलेगा। समिट के संयोजक महावीर प्रसाद शर्मा ने कहाकि टाई राजस्थान और एमपी सरकार के बीच इस समझौते से हम हमारे इनोवेटर, इनवेस्टर्स और स्टार्टअप को वैश्विक मंच उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त कर पाएंगे।

प्रदेशभर में कुल 334 छात्रों ने एंथे 2025 के लिए अर्हता प्राप्त की

# आकाश इंस्टीट्यूट ने आईओक्यूएम और एंथे 2025 के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

*यह परीक्षा छात्रों को 100 फीसदी तक की छात्रवृत्ति और 2.5 करोड़ तक के नकद पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रही है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने भोपाल में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथमेटिक्स 2025 और आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे ) 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

देश की दो सबसे प्रतिष्ठित और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में असाधारण सफलता प्राप्त करने वाले इन मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में एईएसएल की उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी

### शिक्षकों के अटूट सहयोग का परिणाम

यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनके समर्पण, मेहनत और उनके माता-पिता, शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों के अटूट सहयोग का परिणाम है। कार्यक्रम में एंथे की भी व्यापक सराहना हुई, जिसने इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे भोपाल के विद्यार्थियों के बीच इस छात्रवृत्ति परीक्षा की लोकप्रियता को और सुदृढ़ किया। इस वर्ष भी उल्लेखनीय भागीदारी के साथ, यह परीक्षा छात्रों को 100 फीसदी तक की छात्रवृत्ति और 2.5 करोड़ तक के नकद पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर प्रदान कर रही है। यह उत्सव भावनाओं और गर्व से भरा एक मार्मिक क्षण था, जहाँ अभिभावकों और विद्यार्थियों ने अपनी खुशी और कृतज्ञता व्यक्त की।

एंथे 2025 के परिणामों में मध्य प्रदेश के आकाश केंद्रों के छात्रों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेशभर के विभिन्न केंद्रों से कुल 334 छात्रों ने सफलता हासिल कर क्षेत्र की शैक्षणिक क्षमता को मजबूती से स्थापित किया। इस सूची में इंदौर-1 (गीता भवन) केंद्र ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 45 विद्यार्थियों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं जबलपुर - बिलहरी केंद्र से 43 छात्र और जबलपुर–मदन महल केंद्र से 26 छात्र उत्तीर्ण हुए। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के डॉ. एचआर राव, चीफ ऑफ एकेडमिक्स एंड बिजनेस हेड (सीएबीएच) ने कहाकि हमारे विद्यार्थियों ने एक बार फिर हमें गर्व महसूस करवाया है।

# मप्र में गेम डेवलपमेंट ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने एमपीएसईडीसी व जीडीएआई का करार

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएसईडीसी) ने गेम डेवलपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (जीडीएआई ) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कोलब्रेशन का उद्देश्य मध्यप्रदेश में गेमिंग और गेम डेवलपमेंट ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए एक कोलब्रेटिव फ्रेमवर्क तैयार करना है। यह सहयोग मध्यप्रदेश में एक समर्पित गेमिंग इनक्यूबेटर की स्थापना की दिशा में नींव तैयार करेगा, जिसे एमपीएसइडीसी द्वारा सहयोग और जीडीएआई की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता के मार्गदर्शन में संचालित किया जाएगा। यह साझेदारी उभरते स्टूडियोज और गेमिंग स्टार्टअप्स के लिए क्षमता का निर्माण, मेंटरशिप प्रोग्राम, स्किल डेवलपमेंट, मार्केट एक्सेस और इंडस्ट्री कनेक्ट इनिशिएटिव पर भी केंद्रित होगी।संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने कहाकि मध्यप्रदेश उभरती तकनीकों के क्षेत्र में नवाचार को आगे बढ़ाने में हमेशा अग्रणी रहा है। इस साझेदारी के माध्यम से, हम राज्य को गेम डेवलपमेंट टैलेंट और क्रिएटिव उद्यमिता के नए हब के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। एमपीएसईडीसी की इंफ्रास्ट्रक्चर क्षमता और जीडीएआई के इंडस्ट्री लीडर्स के साथ मिलकर, हमें विश्वास है कि हम गेमिंग प्रोफेशनल्स और स्टूडियोज़ की नई पीढ़ी को तैयार कर पाएंगे।

# सेबी पांच साल में शेयर निवेशकों की संख्या दोगुना करेगी : पांडेय

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि बाजार नियामक अगले तीन से पांच साल में शेयर बाजार निवेशकों की संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। पांडेय ने हाल ही में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के निष्कर्षों का हवाला दिया।

यह सर्वेक्षण निवेश के प्रति उत्सुकता को दर्शाता है। सर्वेक्षण में 20 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने कहा कि वे किसी-न-किसी माध्यम से प्रतिभूति बाजार में निवेश करने की योजना बना रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि अगले तीन से पांच वर्षों में उन्हें किस बात से खुशी होगी, पांडेय ने कहा, ''हम निवेशकों की संख्या को दोगुना करने की उम्मीद कर रहे हैं। अगर हम 10 करोड़ और निवेशक जोड़ दें तो यह कई देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होगा।''

भारत में विशिष्ट निवेशकों की कुल संख्या अक्टूबर तक 12.2 करोड़ थी और 2020 में कोविड महामारी के उभरने के बाद से यह संख्या बहुत तेजी से बढ़ी है। पांडेय ने उद्योग मंडल सीआईआई वित्त पोषण शिखर सम्मेलन में कहा कि पूंजी बाजार परिवेश में यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है कि बाजार में अच्छी गुणवत्ता वाली प्रतिभूति आएं जो निवेशकों का ध्यान आकर्षित करें।

पांडेय ने कहा कि भारत की कहानी 'कोई बुलबुले जैसी नहीं' है। निवेशकों की रुचि उच्च आर्थिक वृद्धि, सरकार द्वारा किए गए सुधारों और निवेश और कारोबार सुगमता जैसे पहलुओं से प्रेरित है। सेबी प्रमुख ने कहा, ''घरेलू निवेशक आने वाले झटकों के खिलाफ ढाल बनेंगे।''



### सेबी का एजेंडा नए नियम जोड़ना नहीं

पांडेय ने कहा कि सेबी का एजेंडा नए नियम जोड़ना नहीं है, बल्कि एक बेहतर नियम पुस्तिका तैयार करना है जो समझने में आसान हो। जिन जोखिमों का समाधान करना है उनके अनुपात में हो और नवाचार का समर्थन करे। उन्होंने कहा कि बाजारों में परिपक्वता और लोगों के विश्वास के कई संकेत मिले हैं और इस संदर्भ में उन्होंने कुछ आंकड़े भी दिए।

### वर्ष 2025-26 में इक्विटी पूंजी 2.5 लाख करोड़ के पार हुई

पांडेय ने कहा, ''वित्त वर्ष 2025-26 में, इक्विटी पूंजी 2.5 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई, जबकि कॉरपोरेट बॉन्ड सात महीनों में लगभग 5.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गए...। ये जनता के इस विश्वास को दर्शाते हैं कि सार्वजनिक बाजार दीर्घकालिक वित्तपोषण आवश्यकताओं को कुशलतापूर्वक और विश्वसनीय रूप से पूरा कर सकते हैं।''

# स्टूडियो ग्रीन गोल्ड एनिमेशन ने लांच किया लर्न विथ भीम

**हैदराबाद।** स्टूडियो ग्रीन गोल्ड एनिमेशन ने 2 से 8 साल के बच्चों के लिए डिज़ाइन किए गए इंटरैक्टिव लर्निंग ऐप लर्न विथ भीम के लांच की घोषणा की है। यह ऐप ग्रीन गोल्ड के लिए शैक्षिक तकनीक के क्षेत्र में पहला कदम है, जो लोकप्रिय फ्रेंचाइज़ी के पंसदीदा कैरेक्टर्स के साथ सीखने का अनुभव दिलाते हुए खेल और मज़ेदार गतिविधियों के माध्यम से व्यवस्थित शिक्षा प्राप्ति को रोचक बनाता है। गूगल प्ले स्टोर और एप्पल एप स्टोर दोनों पर वैश्विक स्तर पर उपलब्ध, " लर्न विथ भीम " बच्चों की शुरुआती शिक्षा को आसान, इंटरैक्टिव और मज़ेदार बनाने के उद्देश्य से तैयार किए गए क्यूरेटेड लर्निंग मॉड्यूल्स का सेट प्रदान करता है। इस ऐप को शिक्षकों और बाल विकास विशेषज्ञों की सलाह के साथ डेवलप किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो कि इसका कॉन्टेंट भाषा, गणितीय कौशल, क्रिएटिविटी, स्मृति, तर्कशक्ति और समस्या समाधान जैसी प्रमुख विकासात्मक क्षेत्र सीखने के शुरुआती लक्ष्यों के हिसाब से हो।

# फ्रेडन फार्मा के एबिटडा में 61 फीसदी का उछाल

**मुंबई।** फ्रेडन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम वित्तवर्ष 2026 के दूसरी तिमाही और पहली छमाही के लिए जारी किए हैं। कंपनी जेनरिक्स, कॉस्मास्यूटिकल्स, न्यूट्रास्यूटिकल्स, मोबिलिटी उत्पादों जैसे विविध क्षेत्रों में कार्यरत है।

# ग्लोब के वित्तीय परिणाम घोषित

**जबलपुर।** टेक्सटाईल कंपनी ग्लोब एंटरप्राइजिस (इंडिया) लिमिटेड ने सितंबर-2025 में समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने दूसरी तिमाही (सितंबर-2025) में 15,856.26 लाख की आय दर्ज की है, जो पिछली तिमाही (जून 2025) की 14,844.87 लाख की तुलना में 6.81 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। दूसरी तिमाही (सितंबर-2025) में पीएटी 446.38 लाख रहा, जो पिछली तिमाही (जून 2025) के 139.52 लाख की तुलना में 219.94 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी दिखाता है। यह सुधार बेहतर मार्जिन और उच्च परिचालन दक्षता से संभव हुआ है।

# हिमालया ने की महिला आइस हॉकी टीम से साझेदारी

**इंदौर।** हिमालया वेलनेस ने भारतीय महिला आइस हॉकी टीम के साथ साझेदारी करते हुए अपना नया अभियान स्ट्रांग वुमेन सॉफ्टस्कीन लांच किया है, जिसके तहत ब्रांड ने हिमालया कोकोआ बटर इंटेंसिव सीरम बॉडी लोशन पेश किया है। अपने श्रेणी का पहला, यह इनोवेटिव लोशन सीरम के लाभों और 100 फीसदी प्राकृतिक अवयवों से तैयार किया गया है, जो त्वचा को गहन पोषण और दीर्घकालिक देखभाल प्रदान करता है। यह सहयोग उन महिलाओं का सम्मान करता है जो सीमाओं को लांघकर चुनौतियों का दृढ़ता से सामना करती हैं। कंपनी , बिजनेस डायरेक्टर राजेश कृष्णमूर्ति ने कहाकि भारतीय महिला आइस हॉकी टीम के साथ साझेदारी हमें शक्ति और दृढ़ता जैसे मूल्यों का उत्सव मनाने का अवसर देती है ।

सीईए ने कहा, इससे सार्वजनिक बाजारों की भावना पर असर

# आईपीओ निवेशकों के लिए निकासी का जरिया बन रहा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शेयर बिक्री में तेजी के बीच भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को इस बात पर अफसोस जताया कि आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) किसी उद्यम में शुरुआती निवेशकों के लिए निकासी का जरिया बन रहा है जिससे सार्वजनिक बाजारों की भावना कमजोर हो रही है। यहां सीआईआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में नागेश्वरन ने कहा कि देश के पूंजी बाजारों को 'न केवल पैमाने में, बल्कि उद्देश्य के लिहाज से भी' विकसित होना चाहिए। सीईए ने बाजार पूंजीकरण या वायदा-विकल्प कारोबार की मात्रा जैसे 'गलत मानक' का जश्न मनाने से बचने का भी आग्रह किया। साथ ही यह स्पष्ट किया ये 'वित्तीय परिष्कार' के उपाय नहीं हैं बल्कि ऐसे प्रयासों से 'केवल घरेलू बचत को उत्पादक निवेश से दूर करने का जोखिम उत्पन्न होता है।'

**वित्तपोषण के लिए बैंक ऋण पर निर्भर नहीं रहा जा सकता :** अधिकतर शेयर मौजूदा निवेशकों द्वारा बिक्री के लिए जारी किए गए थे और नए शेयर जारी करने की मात्रा बहुत कम थी जिससे किसी कंपनी को कोई फायदा होता है। उन्होंने कहा कि देश दीर्घकालिक वित्तपोषण के लिए मुख्य रूप से बैंक ऋण पर निर्भर नहीं रह सकता है।




### भारत ने मजबूत व परिष्कृत पूंजी बाजार विकसित किया

नागेश्वरन ने कहा कि हालांकि भारत ने एक मजबूत एवं परिष्कृत पूंजी बाजार विकसित करने में सफलता प्राप्त की है। हालांकि इसने साथ ही '' अल्पकालिक आय प्रबंधन दृष्टिकोण'' में भी योगदान दिया है क्योंकि वे प्रबंधन पारिश्रमिक तथा बाजार पूंजीकरण में वृद्धि से जुड़े हैं। अप्रैल-सितंबर की अवधि में 55 भारतीय कंपनियों ने आईपीओ जारी करके लगभग 65,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

### निजी क्षेत्र को जोखिम से बचने पर्याप्त कारण

सीईए ने दीर्घकालिक उद्देश्यों के वित्तपोषण के लिए गहन बॉन्ड बाजार को ''रणनीतिक आवश्यकता'' करार दिया। शिक्षाविद से नीति निर्माता बने सिंह ने कहा कि भारतीय निजी क्षेत्र को सतर्क रहने और जोखिम से बचने के लिए पर्याप्त कारण मिल गए हैं। निवेश संबंधी निर्णय नहीं लिए जाने चाहिए क्योंकि इससे देश के समक्ष मौजूद रणनीतिक बाधाएं अवसरों में बदल सकती हैं।

### दीर्घकालिक निवेश की जरूरत

सिंह ने स्पष्ट किया, '' महत्वाकांक्षा की आवश्यकता है, जोखिम उठाने और दीर्घकालिक निवेश की आवश्यकता है। अन्यथा भारत, जैसा कि उसने इस वर्ष के दौरान पाया है, रणनीतिक मजबूती के संबंध में खुद को पीछे पाता रहेगा, एक ऐसे विश्व में रणनीतिक अपरिहार्यता का निर्माण करना तो दूर की बात है, जहां हम आने वाले वर्षों में सबसे बड़े खिलाड़ियों में से एक बनना चाहते हैं।''

आवश्यकता

आवश्यकता है - एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास- ग्रेजुएट लड़के_ लड़कियां( 24500064500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड -बोनस।- 8053979338 (रायपुर /20/ नव./25)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन–सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद–परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

## शब्द पहेली - 6051

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | 14 | ■ | |
| ■ | 15 | | 16 | ■ | 17 | 18 | ■ | 19 | 20 | ■ |
| 21 | ■ | 22 | | 23 | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | 27 |
| 28 | 29 | ■ | 30 | | 31 | ■ | 32 | 33 | ■ | |
| ■ | 34 | 35 | ■ | 36 | | 37 | ■ | 38 | 39 | ■ |
| 40 | ■ | 41 | 42 | ■ | 43 | | 44 | ■ | 45 | 46 |
| 47 | 48 | ■ | 49 | 50 | ■ | 51 | | 52 | ■ | |
| ■ | 53 | 54 | ■ | 55 | 56 | ■ | 57 | | 58 | ■ |
| 59 | ■ | 60 | 61 | ■ | 62 | 63 | ■ | 64 | | 65 |
| 66 | | ■ | 67 | | ■ | 68 | | ■ | 69 | |

मंगल सेनाचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टोंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 6050 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | ज्ज | त | दा | र | ■ | क | र | त | ब |
| म | त | ■ | क | ■ | ज | टि | ल | ■ | वा | र |
| न | ■ | क | रा | मा | त | ■ | म | य | ■ | ग |
| भा | गी | दा | र | ■ | प | ल | ■ | म | द | द |
| व | ■ | चा | ■ | अ | ट | ल | | | रा | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | मी | ■ | ■ | र | न | र | ■ | इ | ■ | म |
| अ | न | ल | ■ | क | र | ■ | अ | क | ब | र |
| म | ■ | ता | क | ■ | क | त | र | ना | ■ | ख |
| रु | ह | ■ | ह | ल | वा | ■ | दा | ■ | आ | ना |
| द | म | दा | र | ■ | स | न | स | ना | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6061

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6060 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

हरिभूमि सहेली
जबलपुर, मंगलवार
18 नवंबर 2025



# सोशल बनिए-हैप्पी रहिए लंबी उम्र भी पाइए

आज जिसको देखो वही एक अकेलापन महसूस करता है। इसके पीछे आधुनिक जीवनशैली के साथ व्यक्ति का अपना स्वभाव बहुत मायने रखता है। हम अपनों से दूर होते जा रहे हैं, जबकि शोध बताते हैं, व्यक्ति को सोशल जरूर होना चाहिए, फैमिली मेंबर्स ही नहीं, फ्रेंड्स, रिलेटिव्स से हमेशा जुड़े रहना चाहिए, यह तन-मन के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इस बात पर दुनिया भर के मनोवैज्ञानिक बहुत बल देते हैं।

कवर स्टोरी

**शिखर चंद जैन**

आज के समय में अकेलापन एक बढ़ती हुई चिंता का विषय बन गया है। कहने को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भले ही आपके हजारों फॉलोअर्स और फ्रेंड्स हों, लेकिन रियल लाइफ के सोशल सर्किल और फ्रेंड्स के बिना किसी भी व्यक्ति की जिंदगी अधूरी है। क्योंकि वर्चुअल फ्रेंड कभी काम नहीं आते, हर अच्छे-बुरे समय में हमेशा नजदीकी स्नेही स्वजन ही काम आते हैं। मनोवैज्ञानिक भी मान चुके हैं, जीवन में जिंदादिल लोगों और दोस्तों का होना बेहद जरूरी है। लंबी आयु और शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक अच्छा सामाजिक दायरा और दोस्त बेहद जरूरी हैं। कई अध्ययन हो चुके हैं, जिनमें बताया गया है कि सामाजिक रूप से सक्रिय रहने वाले और मेल-जोल रखने वाले लोग हमेशा प्रसन्न, सफल और स्वस्थ रहते हैं, साथ ही ऐसे लोगों की उम्र भी लंबी होती है।



**थोड़ा-सा मेल-जोल भी लाभकारी:** सवाल यह है कि लंबे समय तक जीने के लिए कितना सामाजिक होना चाहिए। इसके लिए आपको यह समझना होगा, अपने जरूरी काम-काज छोड़कर आपको दोस्तों या समाज के बीच नहीं घूमना है। बहुत ज्यादा नहीं, बस थोड़ा-सा सोशल होना फायदेमंद है। जर्नल ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड कम्युनिटी हेल्थ द्वारा ऑनलाइन प्रकाशित एक बड़े चीनी अध्ययन से इस तथ्य की पुष्टि होती है। वैज्ञानिकों ने 28,000 से अधिक लोगों (औसत आयु 89) के स्वास्थ्य, जीवनशैली की आदतों और सामाजिक गतिविधि का मूल्यांकन किया, जिनके जीवित रहने पर औसतन पांच साल या मृत्यु तक नजर रखी गई थी। पहले पांच वर्षों के भीतर, जितना अधिक लोग सामाजिक थे, वे उतने ही लंबे समय तक जीवित रहे। उक्त समूहों में से प्रत्येक, अपने से पहले वाले से अधिक समय तक जीवित रहा, जो कभी-कभार मासिक, साप्ताहिक या हर दिन सामाजिक होते थे। इनमें से किसी भी समूह के लोग उन लोगों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहे, जो बिल्कुल भी सामाजिक नहीं थे। लेकिन हम जानते हैं कि सामाजिकता के कई महत्वपूर्ण लाभ हैं, जिनमें अकेलापन, अलगाव, डिमेंशिया और दीर्घकालिक बीमारियों के जोखिम का कम होना भी शामिल है। इसलिए अपनी सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित करें, जैसे किसी दोस्त को नियमित फोन करना या उसके साथ मिलना-जुलना।

**बहुत खतरनाक है सामाजिक अलगाव:** वैज्ञानिकों का कहना है कि आप चाहे जितना पौष्टिक भोजन लें, लेकिन अकेले और उदास रहते हैं तो आपको सिर्फ अच्छे खान-पान का ज्यादा फायदा नहीं होने वाला। शोध में पाया गया है कि सामाजिक अलगाव के प्रभाव स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। अकेलेपन के नकारात्मक प्रभाव, प्रतिदिन 15 सिगरेट पीने जितना हानिकारक हो सकते हैं। इससे हृदय रोग, स्ट्रोक और मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अकेलेपन के लक्षण हमें कोशिकीय स्तर तक भी प्रभावित कर सकते हैं। अकेलापन भावनात्मक तनाव को बढ़ा सकता है, जो हमारी कोशिकाओं में ऑक्सीडेटिव तनाव के रूप में प्रकट होता है। यह ऑक्सीडेटिव तनाव, हमारे माइटोकॉन्ड्रिया को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे माइटोकॉन्ड्रियल डिसफंक्शन हो सकता है। इससे उम्र बढ़ने की प्रक्रिया तेज हो जाती है और उम्र से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। अच्छी बात यह है कि केवल सामाजिक संपर्कों को बढ़ावा देने और बनाए रखने से स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है, इससे जीवनकाल बढ़ सकता है। इसके लिए ग्रुप एक्टिविटीज में भाग लेना, ऑनलाइन सोशल सर्किल की खोज करना, आजीवन सीखना और वॉलंटियरिंग करना सक्रिय सामाजिक जीवन को बनाए रखने में मदद कर सकता है। सामाजिक संबंध और मानसिक स्वास्थ्य भी आपस में जुड़े हुए हैं। अकेलापन मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सबब बन जाता है, जिनमें अवसाद, चिंता और संज्ञानात्मक गिरावट शामिल है।

**जीवन भर खुश रखते हैं करीबी रिश्ते:** हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट द्वारा किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि हमारे रिश्ते और हम उनमें कितने खुश हैं, इसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। पैसे या शोहरत से ज्यादा करीबी रिश्ते ही जीवनभर खुश रखते हैं। ये रिश्ते लोगों को जीवन में असंतोष से बचाते हैं, मानसिक और शारीरिक गिरावट को टालने में मदद करते हैं। लोगों से रिश्ते, सामाजिक वर्ग और जीन (वंशानुगत गुणों) की तुलना में भी लंबे और खुशहाल जीवन के बेहतर संकेतक हैं। शोधकर्ताओं ने पाया है कि सुखी और समृद्ध जीवन का, परिवार, दोस्तों और सामाजिक संबंधों के साथ एक मजबूत नाता है। यह भी पाया गया कि लोगों के अपने रिश्तों से संतुष्टि का स्तर उनके कोलेस्ट्रॉल के स्तर की तुलना में शारीरिक स्वास्थ्य का एक बेहतर पैमाना होता है।



## फ्रेंड्स साथ होने के फायदे

**टेंशन से बचाएं:** दोस्तों के साथ वक्त बिताने और हंसी-मजाक करने से स्ट्रेस कम होता है और मूड अच्छा रहता है, यह कई शोध के नतीजों में सामने आ चुका है।

**सफलता दिलाएं:** अपने प्रोफेशनल फील्ड में मित्रों का होना सफलता को आसान और जल्दी संभव कर सकता है। जब आप कुछ करती हैं और आपके मित्रों द्वारा प्रशंसा, मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन मिलता है तो आपकी राह आसान हो जाती है।

**बैड हैबिट्स छुड़ाएं:** मित्र अच्छे हों तो आपको कई बुरी आदतों से बचा सकते हैं। मित्र ही बिंदास होकर पूरे हक से आपको बुरी आदतों के बारे में बता सकते हैं।

**अकेलेपन से बचाएं:** अकेलेपन से मित्र ही मुक्ति दिला सकते हैं। उनसे बातचीत करके न सिर्फ क्वालिटी टाइम बिताया जा सकता है बल्कि मूड भी सही रखा जा सकता है।

**इम्यून सिस्टम अधिक मजबूत रहता है:** स्वस्थ, दीर्घायु और खुश रहने के लिए अच्छी नींद, व्यायाम, सही भोजन तो जरूरी है ही, साथ ही समग्र स्वास्थ्य यानी हमारी वेल बीइंग के लिए मानव संपर्क बहुत जरूरी हैं। शोध बताते हैं, दूसरों से जुड़ा हुआ महसूस करने वालों का इम्यून सिस्टम बाकी लोगों की तुलना में अधिक मजबूत रहता है। लेकिन यह जुड़ाव वर्चुअल नहीं रियल होना चाहिऐ। वैज्ञानिक कहते हैं, चाहे हम खेल रहे हों, खा-पी रहे हों, बात कर रहे हों या प्रियजनों के साथ हंस रहे हों, हम जो संपर्क महसूस करते हैं, वो हमारी जागरूकता को मजबूती से वर्तमान में स्थापित करता है, जबकि अकेले होने पर हम चिंता करते रहते हैं। इसलिए अधिक अकेले समय बिताने से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जबकि मिलते-जुलते रहने से खुशी का स्तर बढ़ता है।

**सामाजिक फिटनेस मूड बूस्टर:** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा 85 वर्ष तक एक शोध किया गया। इसमें किशोरावस्था से बुढ़ापे तक के लोग शामिल किए गए। देखा गया कि मजबूत और अच्छे संबंधों वाले लोग, उनके मुकाबले ज्यादा खुश, स्वस्थ और लंबे समय तक जिए, जिनके पास ऐसे संबंध नहीं थे। a

# मजबूत रिलेशन-बॉन्डिंग के लिए समझें पुरुषों की भावनात्मक जरूरतें

आम धारणा यही है कि महिलाएं, पुरुषों से अधिक इमोशनल होती हैं। इसका यह मतलब नहीं, पुरुषों की कोई भावनात्मक जरूरत नहीं होती। सच तो यह है, रिश्ता कोई भी हो पुरुषों से मजबूत बॉन्डिंग के लिए आपको उनकी इमोशनल जरूरतों को समझना चाहिए।

रिलेशनशिप

**अंजू जैन**



अक्सर पुरुषों के मन में ये सवाल उठते रहते हैं कि कोई हमारे मन की थाह क्यों नहीं लेता? हमारे शरीर में कोई दिल नहीं धड़कता क्या? क्या हमारी कोई भावनाएं नहीं हैं? कोई क्यों नहीं समझता कि हमें भी एक इमोशनल सपोर्ट चाहिए होता है? असल में पुरुषों की भी कुछ भावनात्मक जरूरतें होती हैं, जिन पर कोई बात ही नहीं करना चाहता। विश्व पुरुष दिवस (19 नवंबर) के अवसर पर आपको बता रहे हैं बेहतर रिलेशन के लिए पुरुषों को इमोशनल सपोर्ट देना कितना इंपॉर्टेंट होता है?

**पुरुषों को भी तारीफ चाहिए:** पुरुषों को अकसर टेकेन फॉर ग्रांटेड लिया जाता है। कई महिलाएं मानती हैं कि घर का सामान लाना, कोई भी झंझट, विवाद हो उससे निपटना, जॉब कर घर खर्च चलाना तो उनका कर्तव्य है, इसके लिए उनकी क्या प्रशंसा की जाए? वे एक्स्ट्रा वर्क करके, अपनी जरूरतों को कम करके, त्याग करके भी कुछ करते हैं तो कई मामलों में पत्नी या बच्चे उनको थैंक यू तक बोलना जरूरी नहीं समझते, क्योंकि यह मान लिया गया है कि ये तो उनका फर्ज है। यह कभी न भूलें कि भले ही पुरुष इन्हें अपनी जिम्मेदारी और फर्ज समझकर पूरा करते हैं, फिर भी उनके दिल में चाह रहती है कि कोई उनके लिए तारीफ के दो शब्द अवश्य कहे। जब आप समय-समय पर अपने पुरुष साथी की तारीफ करती हैं, तो इससे उन्हें बहुत दिली सुकून मिलता है।

**पुरुषों के शौक में रुचि दिखाएं:** महिलाओं को सजने-संवरने का, मूवी देखने या घूमने फिरने का शौक होता है, यह सब मान लेते हैं। लेकिन पुरुषों के ऐसे किसी शौक में दिलचस्पी लेने को सहज नहीं माना जाता है। उन्हें अकसर परिवार में टोक दिया जाता है कि अरे ये सब छोड़ो परिवार संभालो या ज्यादा इनकम पर ध्यान दो। अच्छी लाइफ के लिए पुरुषों को भी अपने परिवार और जीवनसाथी से शौक पूरे करने का समर्थन मिलना चाहिए।

**उनकी बातें ध्यान से सुनें:** बाहर से भले ही पुरुष खुद को मजबूत दिखाएं लेकिन वे भी चाहते हैं कि कोई उनके मन की थाह ले। वे अपनी भावनाएं, तकलीफ, समस्याएं किसी के साथ साझा करना चाहते हैं। उनको भी सहानुभूति के बोल चाहिए होते हैं और किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है, जो कह सके कि 'डोंट वरी बी हैप्पी, मैं हूं न।' सुनने का प्रभावी तरीका यह है कि जब वह बोल रहे हों तो आप तब तक खुद को टिप्पणी करने या बोलने से रोक सकती हैं, जब तक वह पूरी बात बोल न लें। बीच में उन्हें न टोकें। इससे उन्हें लगेगा कि आप उनकी बातों को महत्व देती हैं।

**आत्मीय स्पर्श भी है कारगर:** मैथ्यू हसी की पुस्तक 'गेट द गाइ' में वास्तविक और अच्छे पुरुष को खोजने और उसे खुशहाल बनाए रखने के लिए कुछ आवश्यक सुझाव दिए गए हैं। पुस्तक में कहा गया है कि अधिकांश स्त्रियां हमेशा यही सोचती हैं कि प्यार और स्नेह पर उनका ही हक है। जबकि शारीरिक स्पर्श जैसे गले लगाना, हाथ पकड़ना आदि पुरुषों के लिए भी भावनात्मक जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण तरीका हो सकता है। इस तरह का प्यार भरा स्पर्श ऑक्सीटोसिन नामक हार्मोन को स्रावित करता है, जो जुड़ाव की भावना पैदा करता है। a

## उन्हें भी समर्पण चाहिए

**अकसर महिलाएं**, पुरुषों पर बेवफा होने के आरोप लगाती हैं, लेकिन सभी पुरुष या स्त्री एक जैसे नहीं होते। अपने परिवार और रिश्तों से जुड़ा हुआ पुरुष सदैव अपने परिवार और साथी के प्रति विश्वसनीय और प्रतिबद्ध होता है। ऐसे में वह भी अपने नजदीकी लोगों से समर्पण और प्रतिबद्धता चाहता है। किसी पुरुष की भावनात्मक जरूरतों से जुड़ने का एक तरीका है यह भी है कि आपको पुरुष को यह दिखाना होगा कि उसके प्रति आप भी विश्वसनीय हैं। वाई जोएल वोंग और आरोन बी. रोचलेन ने एक शोध अध्ययन के आधार पर 'डेमिस्टिफाइंग मेंस इमोशनल बिहेवियर' नामक पुस्तक में लिखा है कि अच्छी बॉन्डिंग के लिए महिलाओं को अपने पुरुष साथी की भावनात्मक जरूरतों के बारे में अवश्य जानना चाहिए। यह किताब पुरुषों के भावनात्मक व्यवहार पर प्रकाश डालती है।

# बदलते मौसम में जरूरी बालों की पूरी देखभाल

हेयर केयर

**ललिता गोयल**

बदलते मौसम का असर शरीर के साथ-साथ हमारे बालों की सेहत पर भी दिखाई देता है। हवा में नमी के उतार-चढ़ाव और तापमान में बदलाव के कारण बाल कमजोर, रूखे और बेजान हो जाते हैं। ऐसे में बाल झड़ने और टूटने जैसी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। ऐसे मे कुछ आसान घरेलू उपाय अपनाकर आप अपने बालों को मजबूत, शाइनी और हेल्दी बना सकती हैं।

**नियमित करें ऑयल मसाज:** बदलते मौसम में बालों में पोषक तत्व कम होने लगते हैं। इससे बाल ड्राई और वीक होने लगते हैं। ऐसे में हफ्ते में एक या दो बार नारियल, बादाम या आंवला के तेल को हल्का गर्म करके उससे सिर की मालिश करें। इससे स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और बालों को गहराई से पोषण मिलता है।

**कंडीशनर का यूज करें:** हफ्ते में 2-3 बार ही बाल धोएं। हर बार शैंपू के बाद कंडीशनर जरूर लगाएं। कंडीशनर बालों में नमी बनाए रखता है, उन्हें मुलायम करता है और उलझने से रोकता है।



**डाइट का ध्यान रखें:** बालों को मजबूत बनाने के लिए डाइट में प्रोटीन, विटामिन-ई, आयरन और ओमेगा-3 युक्त चीजें शामिल करें। जैसे- अंडे, दालें, नट्स, हरी सब्जियां। जंक फूड और बहुत अधिक तली-भुनी चीजों से दूरी रखें।

**गुनगुने पानी से ही बाल धोएं:** ज्यादा गरम पानी बालों की प्राकृतिक नमी को कम कर देता है। इसलिए बाल धोते समय हमेशा गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें। साथ ही शैंपू के बाद कंडीशनर लगाना न भूलें।

**गीले बालों में कंघी न करें:** गीले बाल बहुत नाजुक हो जाते हैं, इसलिए गीले बालों में कंघी करने से वे ज्यादा टूटने लगते हैं। बालों को थोड़ा सूखने के बाद ही उन पर कंघी का इस्तेमाल करें।

**हीटिंग टूल्स का कम इस्तेमाल करें:** हेयर ड्रायर, स्ट्रेटनर और कर्लर जैसे हीटिंग टूल्स बालों को नुकसान पहुंचाते हैं। बदलते मौसम में जब बाल पहले से ही कमजोर होते हैं, ऐसे में हीटिंग टूल्स का उपयोग करने से बचना चाहिए। ये बालों को और भी ज्यादा ड्राय कर देते हैं।

**हेयर मास्क जरूर लगाएं:** हेयर मास्क बालों को मजबूत और शाइनी बनाते हैं। इसलिए इस मौसम में कुछ अंतराल पर हेयर मास्क जरूर लगाएं। हेयर मास्क बनाने के लिए मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगो दें। सुबह इन्हें पीसकर पेस्ट तैयार करें। इसे स्कैल्प और बालों की जड़ों में लगाएं, 30-40 मिनट बाद बालों को धो लें। यह हेयरफाल को कम करने और बालों को मजबूत बनाने में लाभदायक साबित होता है। a

**(हेयर एक्सपर्ट डॉ. महिमा से बातचीत पर आधारित)**

# इंफेक्शन से होगा बचाव ऐसे करें इम्यूनिटी बूस्ट

बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम और इंफेक्शंस से बचाव के लिए, हमारी इम्यूनिटी का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इसके लिए क्या खाएं, कब और कैसे खाएं, यह जानना आवश्यक है। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

डाइट सजेशन

**डॉ. निधि सहाई**
हेड-डायटेटिक्स एंड न्यूट्रिशन
मैक्स सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल एनसीआर

मौसम बदलते ही सर्दी, जुकाम, खांसी, वायरल बुखार और फ्लू जैसी मौसमी बीमारियां बढ़ने लगती हैं। इसका मुख्य कारण है कमजोर इम्यूनिटी यानी शरीर की कमजोर प्रतिरोधक क्षमता होता है। अगर हमारी इम्यूनिटी मजबूत हो तो ये बीमारियां आसानी से शरीर को प्रभावित नहीं कर पाती हैं। ऐसे में अपनी डाइट और लाइफस्टाइल का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। डाइट में कुछ बदलाव कर बॉडी इम्यूनिटी बूस्ट कर सकते हैं।

**विटामिन-सी युक्त फल:** विटामिन-सी, इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण तत्व होता है। यह शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स को बढ़ाता है और विभिन्न तरह के संक्रमणों से बचाव करता है। विटामिन-सी की जरूरत को पूरा करने के लिए आंवला, संतरा, मौसंबी, नीबू, अमरूद, स्ट्रॉबेरी, पपीता खाना चाहिए।

**सजेशन:** रोज सुबह खाली पेट एक आंवला खाना इम्यूनिटी बढ़ाने का आसान और असरदार तरीका है।



**हरी पत्तेदार सब्जियां:** पालक, मेथी, सरसों का साग, ब्रोकली और चौलाई जैसी हरी सब्जियों में विटामिन-ए, बी, आयरन और फोलेट भरपूर मात्रा में होते हैं। ये शरीर को डिटॉक्स करने के साथ संक्रमण से लड़ने में मदद करती हैं।

**सजेशन:** इन सब्जियों को सूप या स्टर-फ्राई के रूप में शामिल करें, ताकि पोषक तत्व अधिक समय तक सुरक्षित रहें।

**लहसुन-अदरक:** लहसुन और अदरक में एंटी-वायरल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो सर्दी-जुकाम और गले के संक्रमण से बचाते हैं।



**सजेशन:** सुबह गुनगुने पानी में थोड़ा अदरक उबालकर पिएं और भोजन में लहसुन का प्रयोग बढ़ाएं।

**प्रोटीन रिच प्रोडक्ट्स:** प्रोटीन शरीर की कोशिकाओं की मरम्मत करता है और एंटीबॉडीज बनाने में मदद करता है। ये रोगों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**सजेशन:** अंडा, दालें, चना, राजमा, सोया, पनीर और दही का सेवन करें। हर मील में प्रोटीन का एक स्रोत जरूर शामिल करें।

**दही और छाछ:** दही और छाछ में पाए जाने वाले प्रोबायोटिक्स आंतों को स्वस्थ रखते हैं। स्वस्थ आंतें, मजबूत इम्यून सिस्टम की पहचान हैं।

**सजेशन:** लंच में एक कटोरी दही या एक गिलास छाछ शामिल करें।

**मिलेट्स और साबुत अनाज:** बाजरा, ज्वार, रागी और जौ जैसे अनाज फाइबर, आयरन और जिंक से भरपूर होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत रखते हैं और शरीर में ऊर्जा का स्तर बनाए रखते हैं।

**हर्बल चाय या काढ़ा:** तुलसी, दालचीनी, अदरक, काली मिर्च और शहद से बनी हर्बल चाय शरीर को अंदर से गर्म रखती है और संक्रमण से बचाव करती है।

**सजेशन:** बदलते मौसम में दिन में कम से कम एक बार हर्बल टी या काढ़ा अवश्य पिएं।

**पानी पर्याप्त मात्रा में:** पानी की कमी से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है। गुनगुना पानी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है और टॉक्सिंस बाहर निकलते हैं।

**ध्यान रखें:** संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और तनाव को नियंत्रित रखकर आप खुद को फिट रख सकती हैं। a

**प्रस्तुति: निकिता चौहान**



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

# सिनर ने अपने चिर प्रतिद्वंदी अल्काराज को हराकर रखा एटीपी फाइनल्स का खिताब बरकरार

एजेंसी ▶▶| तूरिन

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपने चिर प्रतिद्वंदी और विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज को 7-6 (4), 7-5 से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब बरकरार रखा। यह इस साल पुरुष टेनिस में दबदबा बनाए रखने वाले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच छठी भिड़ंत थी।

इटली के सिनर ने अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने खिताब का बचाव किया, जो इस वर्ष अल्काराज पर उनकी दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने विंबलडन फाइनल में भी इस स्पेनिश खिलाड़ी को हराया था।

## पुरुष टेनिस में दबदबा बनाए रखने वाले दोनों खिलाड़ियों के बीच हुई छठी भिड़ंत

### तीन ग्रैंडस्लैम फाइनल में आमने-सामने रहे दोनों दिग्गज

सिनर और अल्काराज पिछले तीन ग्रैंडस्लैम फाइनल में आमने-सामने रहे हैं। अल्काराज ने सिनर को पांचवें सेट के टाईब्रेकर में हराकर फ्रेंच ओपन जीता। सिनर ने विंबलडन में बदला चुकता किया लेकिन अल्काराज अमेरिकी ओपन के फाइनल में फिर से जीत हासिल करने में सफल रहे।



### युगल फाइनल में जीती हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी

अल्काराज ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आप (सिनर) अगले साल के लिए तैयार रहोगे क्योंकि मैं आपके खिलाफ और अधिक फाइनल खेलने के लिए तैयार रहूंगा।' इस बीच युगल फाइनल में हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 7-5, 6-3 से हराया।

### सिनर से 10-6 से आगे अल्काराज

इस साल दो ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सिनर ने कहा, 'यह सत्र अविश्वसनीय रहा। इटली के अपने प्रशंसकों के सामने इस तरह से इसे समाप्त करना मेरे लिए बहुत खास है।' अल्काराज ने पहले ही वर्ष के अंत में नंबर एक रैंकिंग अपने नाम सुरक्षित कर ली थी। वह वर्ष के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेली गई इस प्रतियोगिता में अपना पहला फाइनल खेल रहे थे। अल्काराज अभी भी सिनर के साथ अपने करियर मुकाबलों में 10-6 से आगे हैं।

### सिया कोलीसी ने अल्काराज-सिन्नर के मुकाबले को बताया ऐतिहासिक

ट्यूरिन में एक तरफ रग्बी के मैदान पर सिया कोलीसी ने दक्षिण अफ्रीका को इटली के खिलाफ 32-14 से जीत दिलाई, वहीं कुछ ही घंटों बाद वे निट्टो एटीपी फाइनल्स में पहुंचे, जहां कार्लोस अल्काराज और सिनर का मुकाबला देखा और इसे ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए बेहद खास रहा है। कोलीसी ने माना कि स्पेनिश खिलाड़ी की ताकत और गति वाकई देखने लायक है। गौरतलब है कि कोलीसी की टेनिस खिलाड़ियों से करीबियां नई बात नहीं है। वे पहले भी रोजर फेडरर के साथ कई कार्यक्रमों में साथ देखे जा चुके हैं। कोलीसी ने बताया कि फेडरर से उन्होंने सबसे ज्यादा यह सीखा है कि खेल में मानसिक दृढ़ता कितनी महत्वपूर्ण होती है। एक पॉइंट खोने के बाद तुरंत अगले पॉइंट पर ध्यान लगाना ही असली चैंपियन की पहचान है।

## खबर संक्षेप




### पाकिस्तान ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 32 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका के बल्लेबाज फिर से अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए और उसकी टीम 45.2 ओवर में 211 रन बनाकर आउट हो गई। सदीरा समरविक्रमा ने 48 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा कप्तान कुशल मेंडिस ने 34 और पवन रत्नायके ने 32 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद वसीम ने तीन विकेट लिए। पाकिस्तान ने 44.4 ओवर में चार विकेट पर 215 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। उसकी तरफ से मोहम्मद रिजवान (नाबाद 61) और फखर जमां (55) ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक जमाए। उनके अलावा बाबर आजम ने 34 रन का योगदान दिया। हुसैन तलत 42 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने पहले एकदिवसीय मैच में छह रन से और दूसरे मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज की थी।

### टेस्ट क्रिकेट को किया जा रहा बर्बाद : हरभजन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ईडन गार्डन्स जैसी कम तैयार और गेंदबाजों के लिए अत्यधिक अनुकूल पिच को 'टेस्ट क्रिकेट का विनाश' करार देते हुए कहा कि इस तरह की स्थिति खिलाड़ियों के वास्तविक विकास में बाधा डालती है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 30 रनों से हार गया और यह मुकाबला तीन दिन के अंदर ही समाप्त हो गया। हरभजन ने कहा, 'उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। टेस्ट क्रिकेट को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।' उन्होंने कहा, ' उन्होंने जिस तरह का काम किया है, जिस तरह की पिचें इतने वर्षों से बनाई जा रही हैं, मैं उसे देखता आ रहा हूं। कोई इसके बारे में बात नहीं करता क्योंकि जब टीम जीत रही होती है तो सब ठीक लगता है।



### ईस्ट बंगाल महिला टीम ने ईरान को हराया



**वुहान।** सिल्की हेमम, फाजिला इक्वापुट और रेस्टी नानजिरी के गोल की बदौलत ईस्ट बंगाल एफसी ने एएफसी महिला चैंपियंस लीग 2025-26 ग्रुप बी के अपने पहले मैच में ईरान की टीम बाम खातून एफसी को 3-1 से शिकस्त दी टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में मिली जीत ईस्ट बंगाल का हौसला बढ़ेगा क्योंकि अब टीम के सामने अगले मैच में गत चैंपियन वुहान जियांगडा महिला एफसी की मुश्किल चुनौती होगी। सिल्की ने मैच के चौथे मिनट में ही ईस्ट बंगाल को बढ़त दिला दी। इक्वापुट ने मैच के 32वें मिनट में अमनाह नाबाबी के मिली शानदार पास को गोल में बदलकर इस बढ़त को दोगुना कर दिया।

## रणजी ट्रॉफी : स्मरण ने चंडीगढ़ के खिलाफ खेली 227 रन की नाबाद पारी

# 22 साल के स्मरण का धमाल, फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बनाई तीसरी बार डबल सेंचुरी

### स्मरण को आईपीएल 2026 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने किया रिटेन

एजेंसी ▶▶| हुबली

रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक के 22 साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज आर स्मरण ने दूसरा दोहरा शतक जड़ दिया। उन्होंने हुबली में ग्रुप बी के मुकाबले में चंडीगढ़ के खिलाफ 227 रन की नाबाद पारी खेली। यह आर स्मरण का इस सीजन में दूसरा दोहरा शतक रहा। उनकी इस पारी से कर्नाटक ने आठ विकेट पर 547 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। स्मरण के अलावा करुण नायर ने 95, श्रेयस गोपाल ने 62 और शिखर शेट्टी ने 59 रन बनाए।

बल्लेबाज स्मरण जब बल्लेबाजी को उतरे तब कर्नाटक की टीम तीन विकेट पर 64 रन के स्कोर पर जूझ रही थी। उन्होंने नायर के साथ 119 रन की साझेदारी की। इससे कर्नाटक की टीम मुकाबले में वापसी हुई। नायर के आउट होने के बाद स्मरण ने एक छोर थाम लिया और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने 343 गेंद में 15 चौकों व एक छक्के की मदद से दोहरा शतक पूरा किया। यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनकी कुल तीसरी डबल सेंचुरी रही।




### स्मरण 12 मैच में ठोक चुके हैं तीन दोहरे शतक

स्मरण ने पिछले सीजन कर्नाटक के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। अभी तक 12 मैच इस फॉर्मेट में खेले हैं और कुल चार शतक व तीन अर्धशतक उनके नाम हैं। चार शतकों में से तीन तो दोहरे शतक हैं। उन्होंने पहली डबल सेंचुरी पंजाब के खिलाफ जनवरी 2025 में लगाई थी। इसके बाद नवंबर 2025 में वर्तमान सीजन के तीसरे राउंड में केरल के खिलाफ नाबाद 220 रन की पारी खेली। अब चंडीगढ़ के खिलाफ पांचवें राउंड में भी दोहरा शतक बनाया। इसमें उन्होंने 16 चौके व दो छक्के लगाए।

### स्मरण को सनराइजर्स ने किया था रिटेन

स्मरण को पिछले आईपीएल सीजन के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद ने इंजरी रिप्लेसमेंट को तौर पर लिया था। हालांकि खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन उन्हें आईपीएल 2026 के लिए रिटेन किया गया है। फ्रेंचाइज के इस दांव को सही कहा जा रहा है क्योंकि स्मरण को काफी प्रतिभाशाली कहा जा रहा है। उनकी टी20 में स्ट्राइक रेट 170 की है। अभी तक इस फॉर्मेट में उन्होंने छह मैच खेले हैं और एक फिफ्टी से 170 रन बनाए हैं।

### गोवा के खिलाफ सौराष्ट्र ने खड़ा किया पहाड़ जैसा स्कोर

रणजी ट्रॉफी के पांचवें चरण के मुकाबले में गोवा के खिलाफ सौराष्ट्र ने पहली पारी में सात विकेट पर 585 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। सौराष्ट्र को इस स्कोर तक पहुंचाने में टीम के बल्लेबाज प्रेरक मांकड़ और समर गज्जर की शतकीय पारी के अलावा गोवा के ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर तथा दर्शन मिसाल का भी बड़ा योगदान रहा। सौराष्ट्र के खिलाफ गोवा के तेज गेंदबाज अर्जुन तेंदुलकर ज्यादा प्रभावी नहीं रहे, जबकि दर्शन मिसाल बल्लेबाजों की रफ्तार पर लगाम लगाने में नाकाम रहे। अर्जुन तेंदुलकर ने जहां 29 ओवर में 145 रन लुटाए। वहीं दर्शन मिसाल ने 46 ओवर में 195 रन दिए। दर्शन मिसाल तो चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजने में भी सफल रहे, जबकि अर्जुन तेंदुलकर सिर्फ एक विकेट ही चटका पाए। गोवा के लिए कौशिक और मोहित रेडकर ने भी एक-एक सफलता हासिल की। सौराष्ट्र के मध्यक्रम के बल्लेबाज प्रेरक ने शानदार पारी खेलते हुए 4 छक्के और 18 चौकों की मदद से 155 रन बनाए। समर गज्जर ने भी 14 चौके और एक छक्के की मदद से 168 गेंद में 116 रन की पारी खेली। हेतविक कोटक 50 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी 119 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। पार्थ भट 26 रन बनाकर आउट हुए। धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने 15 रन बनाकर नाबाद रहे। टीम का स्कोर जब 150 ओवर में 7 विकेट पर 585 रन था, तभी सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने पारी समाप्ति की घोषणा की।

## निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप

# गोल्ड से चूके गुरप्रीत, जीता रजत तीसरे स्थान पर रहा भारत



एजेंसी ▶▶| काहिरा

ओलंपियन गुरप्रीत सिंह पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे लेकिन यहां ओलंपिक निशानेबाजी रेंज में यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 (10 अंक का अंदरुनी हिस्सा) के आधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का दूसरा व्यक्तिगत पदक है। उन्होंने इससे पहले 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में ही रजत पदक जीत था। भारत तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य सहित कुल 13 पदक के साथ चीन और दक्षिण कोरिया के बाद तीसरे स्थान पर रहा। चीन ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल 21 पदक जीते। दक्षिण कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक से दूसरा स्थान हासिल किया।

### गुरुप्रीत ने प्रिसिजन और रेपिड चरणों में जुटाए थे कुल 584 अंक

गुरप्रीत ने दो दिन की प्रतियोगिता में प्रिसिजन और रेपिड चरणों में कुल 584 अंक जुटाए, जिसमें 18 निशाने 10 अंक के अंदरुनी हिस्से में रहे। कोरोस्टाइलोव ने 29 निशाने 10 अंक के अंदरुनी हिस्से में मारे। उन्होंने अंतिम रेपिड दौर में 100 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। गुरप्रीत प्रिसिजन चरण के बाद 288 अंक (95,97,96) के साथ नौवें स्थान पर थे लेकिन दूसरे दिन वापसी करते हुए रेपिड चरण में 296 (98,99,99) का शानदार स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। प्रिसिजन चरण के बाद 291 अंक के साथ शीर्ष रह मौजूद रहे यूक्रेन के निशानेबाज ने रेपिड चरण में 293 अंक हासिल करके गुरप्रीत के स्कोर की बराबरी की और 10 अंक के अंदरुनी हिस्से में अधिक निशाने लगाकर खिताब जीता। प्रिसिजन चरण में हरप्रीत सिंह 291 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए पदक की दौड़ में थे लेकिन रेपिड चरण में 286 अंक ही बना पाए और नौवें स्थान पर रहे।

## बधिर ओलंपिक

# अनुया ने जन्मदिन पर विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, जीता गोल्ड



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा अनुया प्रसाद और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने तोक्यो में चल रहे बधिर ओलंपिक में महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक हासिल किया। अनुया ने अपने जन्मदिन पर बधिर फाइनल विश्व रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया जबकि प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड तोड़कर फाइनल में जगह बनाई थी। पुरुषों की दस मीटर एयर पिस्टल में अभिनव देशवाल ने क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और रजत पदक जीता।

### भारत के निशानेबाजी में सात पदक



भारत के दूसरे दिन निशानेबाजी में सात पदक हो गए हैं। हैदराबाद में ओलंपियन गगन नारंग की अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाले धनुष श्रीकांत ने रविवार को 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। अनुया ने क्वालीफिकेशन दौर में 564 स्कोर करके तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। वहीं प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन में नया रिकॉर्ड बनाते हुए 572 स्कोर किया था। उन्नीस वर्ष की अनुया ने फाइनल में 241.1 स्कोर करके पीला तमगा जीता । इससे पहले हनोवर में पिछले साल उन्होंने बधिर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था। ईरान की माहला सामी को कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग में 2022 बधिर ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव देशवाल ने 235.2 स्कोर करके रजत पदक जीता। कोरिया के ताए यंग किम वोन ने 238.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। क्रोएशिया के बोरिस ग्रामनियाक को कांस्य पदक मिला।

### लक्ष्य और प्रणय पेश करेंगे चुनौती सात्विक-चिराग पर रहेगी निगाह

**सिडनी।** भारत के एकल खिलाड़ी जब अपने प्रदर्शन में निरंतरता हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं तब एक बार फिर सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी रहेगी, जो 18 नवंबर से शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सत्र का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन का पहला मुकाबला चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई से होगा। वहीं चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारत के एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने की कोशिश करेंगे।



**ली यांग से लक्ष्य का पहला मुकाबला :** लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनका पहला मुकाबला चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा। प्रणय की इस टूर्नामेंट में पिछले साल उपविजेता रहे थे लेकिन फिलहाल वह भी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# राजस्थान रॉयल्स के निदेशक संगकारा को मिली मुख्य कोच की भी जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के मुख्य कोच पद से हटने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने श्रीलंका के दिग्गज कुमार संगकारा को 2026 में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया। द्रविड़ ने इस साल अगस्त में फ्रेंचाइजी छोड़ दी थी। संगकारा 2021 से फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक रहे हैं। वह 2021 से 2024 तक मुख्य कोच की भूमिका भी निभा रहे थे।

राजस्थान रॉयल्स ने कहा 'क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा आईपीएल 2026 के लिए मुख्य कोच के रूप में भी कार्यभार संभालेंगे।' पूर्व भारतीय कप्तान द्रविड़ का कार्यकाल अचानक समाप्त हो गया, जो 2025 में लंबी अवधि के अनुबंध के साथ फ्रेंचाइजी में लौटे थे। टी20 विश्व कप विजेता पूर्व राष्ट्रीय कोच ने इस साल की शुरुआत में टीम के खराब प्रदर्शन की 'संरचनात्मक समीक्षा' के बाद पद छोड़ दिया। राजस्थान रॉयल्स का पिछले सत्र में प्रदर्शन बेहद खराब रहा था तथा उसकी टीम 10 टीमों के इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में से केवल चार जीत के साथ नौवें स्थान पर रही थी। राजस्थान रॉयल्स ने पिछले सत्र तक अपने कप्तान रहे संजू सैमसन को चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ट्रेड किया है। इसके बदले में उसने रविंद्र जडेजा को अपनी टीम में शामिल किया है।




## 2026 में अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होगा फीफा विश्व कप

# हालंद ने दिलाया नॉर्वे को 28 साल बाद विश्व कप का टिकट

एजेंसी ▶▶| लिस्बन

एर्लिंग हालंद के दो शानदार गोलों की बदौलत नॉर्वे ने इटली को 4-1 से हराकर 1998 के बाद पहली बार फुटबॉल विश्व कप में जगह बना ली। दूसरी ओर, अफ्रीका में हुए निर्णायक मुकाबले में कांगो ने नाइजीरिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर 2026 विश्व कप की दौड़ से बाहर कर दिया। फीफा विश्व कप 2026 में 48 टीमें हिस्सा

### नॉर्वे ने अपने ग्रुप में जीते सभी मैच, हासिल किए 24 अंक

मिलान के मशहूर मैदान में हुए मुकाबले में नॉर्वे को विश्व कप में पहुंचने के लिए भारी हार से बचना था, लेकिन टीम ने इसके बजाय अपने ग्रुप में सभी मैच जीतकर 24 अंक हासिल किए। हालंद ने 78वें और 79वें मिनट में लगातार दो गोल दागे। अब तक पूरे अभियान में हालंद ने 16 गोल किए, जो यूरोप में सबसे अधिक हैं। नॉर्वे के कोच स्टेल सोलबेक्कन ने कहा, 'हमने अपना काम शानदार तरीके से पूरा किया है, अब आगे की रणनीति तय होगी।' बता दें कि 1998 में जब नॉर्वे विश्व कप खेला था, तब हालंद के पिता टीम का हिस्सा थे।



### इटली को अब प्ले-ऑफ सहारा

इटली के लिए यह हार बेहद निराशाजनक रही। 11वें मिनट में इटली ने गोल किया, लेकिन इसके बाद 63वें मिनट में नुसा ने बराबरी की। उसके बाद हॉलैंड ने दो गोल दागे। इंजरी समय में नॉर्वे के जॉर्गन लार्सन ने चौथा गोल ठोक दिया। इससे इटली लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर होने के कगार पर खड़ा है। टीम 2018 और 2022 में भी फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी।

### अब तक कुल 32 टीमें कर चुकी हैं क्वालिफाई

**मेजबान देश :** कनाडा, मेक्सिको, संयुक्त राज्य अमेरिका
**एशिया :** ऑस्ट्रेलिया, ईरान, जापान, जॉर्डन, कतर, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, उज्बेकिस्तान
**अफ्रीका :** अल्जीरिया, केप वर्ड, मिस्त्र, घाना, आइवरी कोस्ट, मोरक्को, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका, ट्यूनीशिया
**यूरोप :** क्रोएशिया, इंग्लैंड, फ्रांस, नॉर्वे, पुर्तगाल
**ओशिनिया :** न्यूजीलैंड
**दक्षिण अमेरिका :** अर्जेंटीना, ब्राजील, कोलंबिया, इक्वाडोर, पराग्वे, उरुग्वे




1 दिसंबर से होगी समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी

# धान खरीदी हुई एक माह लेट, खुले बाजार में किसान उपज बेचने मजबूर

**जिले में 102 के स्थान पर बने 47 केंद्र, 55 बनना शेष**

मध्य प्रदेश में इस बार धान की खरीदी लेट हो गई है। 1 नवंबर से शुरू होने वाली धान की खरीदी अब 1 दिसंबर से चालू होगी। समर्थन मूल्य पर की जाने वाली धान की खरीदी लेट होने से किसान मंडी में अपनी धान कम दामों में बेचने मजबूर नजर आ रहा है। दरअसल प्रदेश सरकार द्वारा इस बार धान की खरीदी को लेट कर दिया है, पहले धान की खरीदी एक नवंबर से शुरू हो जाती थी परंतु अब इसकी तारीख 1 दिसंबर तय की गई है।

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर जिले में धान और गेहूं का अच्छा खासा रकबा है। धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए लगभग 55 हजार किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। परंतु समय पर तारीख तय नहीं होने से किसानों ने अपनी फसल को खुले बाजार में बेचना प्रारंभ कर दिया है। खुले बाजार में किसानों को प्रति क्विंटल 15 सौ से 18 रुपये तक के दाम मिल रहे हैं। जबकि समर्थन मूल्य की बात करें इस बार 24 रुपये प्रति क्विंटल हैं। जिससे किसानों को प्रति क्विंटल 6 सौ रूपये से लेकर 9 सौ रुपये तक का घाटा हो रहा है।

### 47 केंद्र बने 55 बना शेष

बताया जा रहा है कि 1 दिसंबर से शासन द्वारा धान खरीदी का आदेश आ गया है। जिले में लगभग 55 हजार किसानों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है। जिनसे लगभग 4 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की संभावना है। जिले में 102 खरीदी केंद्र बनना है। जिले में अब 47 खरीदी केंद्र बनाये जा चुके हैं। बाकी के 55 केंद्र स्व सहायता समूह के माध्यम से बनाये जाएगें।

### भुगतान और एफआईआर से डरे वेयर हाउस संचालक

जिले में जितने भी वेयर हाउस संचालक हैं वह धान खरीदी को लेकर भयभीत नजर आ रहे हैं। उनका कहना कि बेवजह हुई एफआईआर के चलते उनके जीवन पर बुरा असर पड़ा है। यही नहीं सामाजिक प्रतिष्ठा भी धूमिल हुई है। एक तो हम लोगों को भुगतान नहीं मिल रहा है, इसके बाद भी एफआईआर होने का दंश हम झेल रहे हैं। हम सभी किसान हैं और किसानों के साथ हैं परंतु इस प्रकार की कार्यवाही होगी तो हम कैसे जी पाएगें।

### अधिग्रहण भी कर सकता है प्रशासन

वेयर हाउस संचालकों की स्थिति को देखते हुए कहा जा रहा है कि इस बार अगर खरीदी के लिए गोदाम उपलब्ध नहीं हो पाई तो प्रशासन वेयर हाउसों का अधिग्रहण कर सकता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह कि बीते तीन साल से वेयर हाउस संचालकों को किराया नहीं दिया



गया है। यही वजह है कि संचालकों ने मंडी प्रांगण में धरना तक दिया था।

### किसान संघ करेगा आंदोलन

समय पर धान की खरीदी नहीं होने से किसानों की परेशानियों को देखते हुए अब राजनीति भी हो सकती है। यहां तक कि जल्द खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई तो संभव है कि किसान संघ आंदोलन भी कर सकता है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि एक तो किसान पहले से ही प्रकृति की मार सह रहा है ऊपर से अब शासन-प्रशासन भी परेशान कर रहा है। ऐसे में किसानों के पास आंदोलन के अलावा कोई और चारा नहीं होगा।

### शीघ्र समस्या हल हागी

- जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के आदेश हो गए हैं। जिले में लगभग 55 हजार किसानों से धान की खरीदी की जाएगी। अभी तक 47 खरीदी केंद्र बनाए जा चुके हैं। 55 और बाकी है जिनका चयन भी शीघ्र कर लिया जाएगा।

**राजधर साकेत**
जिला आपूर्ति नियंत्रक

- हम सब किसानों के साथ लेकिन हम खरीदी में तभी साथ दे सकते हैं जब बेमतलब की एफआईआर न हो, इसके साथ अभी जो धान आ रही है 22 फीसदी तक गीली है, हम 14 फीसदी तक लेने के लिए तैयार हैं। इसके लिए प्रशासन को खरीदने की तारीख को बढ़ाना होगा।

**सुशील शर्मा**
वेयर हाउस संचालक एसोसिएशन जबलपुर

हाईकोर्ट में शिक्षकों की दलील, ई-अटेंडेंस का मामला

# हमारे शिक्षक एप से निजी जानकारी लीक होने का खतरा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस अनिवार्यता के मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ताओं ने डेटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 के कानून के आधार पर कहा कि शिक्षकों के पर्सनल मोबाइल, उनका निजी एकाउंट जो उनके बैंक एकाउंट के साथ पर्सनल उपयोग में लिया जाता है। जून 2025 से विभाग ने हमारे शिक्षक एप को शिक्षकों के पर्सनल मोबाइल पर डाउनलोड कर, दिन भर लोकेशन ओर जीपीएस सिस्टम ऑन करते हुए उपस्थित दर्ज कराने हेतु आदेश जारी किया। पर्सनल मोबाइल पर कोई भी एप डाउनलोड करने तथा उनके पर्सनल मोबाइल पर डेटा सुरक्षा की गारंटी का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया, जबकि लगातार साईबर फ्रॉड के प्रकरण बढ़ते जा रहे हैं। लोकेशन ऑनलाइन करने पर शिक्षकों को सुरक्षा की बड़ी



चिंता है।शपथपत्र को रिकॉर्ड पर लेते हुए जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने सरकार को जवाब पेश करने कहा है। मामले पर अगली सुनवाई 24 नवंबर को होगी।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने दलील दी कि शिक्षकों को ई अटेंडेंस के लिए बने 'हमारे शिक्षक एप' के जरिए से उपस्थित दर्ज कराने में बहुत सी समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है। यह दलील भी दी गई कि कई शिक्षकों के पास अच्छा स्मार्टफोन नहीं है। प्रतिमाह डाटा पैक खरीदना, प्रतिदिन मोबाइल की बैटरी चार्ज रखना,स्कूल में नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं होने की भी समस्याएं हैं। एप को सर्वर की समस्या व चेहरा मिलान की भी समस्याएं हैं। मांग की गई कि या तो बायोमेट्रिक मशीन से या पूर्व की भांति कर्मचारी रजिस्टर में उपस्थित दर्ज कराई जाए।

दरअसल, जबलपुर निवासी मुकेश सिंह वरकड़े, सतना के सत्येंद्र तिवारी सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 27 शिक्षकों ने याचिका दायर कर ई-अटेंडेंस को चुनौती दी है। याचिकाकर्ता शिक्षकों की ओर से हलफनामा प्रस्तुत कर दलील दी गई कि ई-अटेंडेंस दर्ज कराने में कई बार नेटवर्क सहित अन्य तकनीकी समस्याएं आ रही हैं। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने शिक्षकों को हलफनामा पेश कर यह बताने कहा था कि किस-किस दिन उन्होंने ई-अटेंडेंस का प्रयास किया और तकनीकी कारणों से उपस्थिति दर्ज नहीं हुई। वहीं शासन की ओर से तर्क दिया गया कि नेटवर्क की समस्या नहीं है क्योंकि उसी स्कूल में अधिकतर शिक्षक अटेंडेंस लगा रहे हैं।

*भोपाल की अदालत ने जारी किया था तृणमूल सांसद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट, भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र आकाश विजयवर्गीय को नोटिस*

# ममता बनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट पर रोक, हाई कोर्ट का अंतरिम आदेश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश के जरिए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी के विरुद्ध भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगा दी है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र आकाश विजयवर्गीय सहित अन्य को नोटिस जारी किया है मामले की अगली सुनवाई 8 दिसंबर को नियत की गई है।

अभिषेक बनर्जी की ओर से दलील दी गई थी कि वे वर्तमान में टीएमसी सांसद हैं और उनके फरार होने की संभावना नहीं है। उन्होंने



एमपीएमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से राहत प्रदान किए जाने का आवेदन दिया था। किंतु कोर्ट ने उस पर विचार न करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया।

अभिषेक बनर्जी की ओर से दलील दी गई कि मानहानि का मुकदमा अनुचित है। क्योंकि बयान को तोड़ मरोड़ कर समाचार बनाए गए थे। लिहाजा, मामला मानहानि के मुकदमे में अधीनस्थ अदालत द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने बहस पूरी होने के साथ आदेश सुरक्षित कर लिया था।

दरअसल, मानहानि का केस भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र आकाश विजयवर्गीय ने दायर किया है। नवंबर, 2020 में कोलकाता में आयोजित एक सभा में अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय को गुंडा कहा था। इस बयान को लेकर आकाश ने 2021 में मानहानि का मामला दर्ज कराया था। एक मई, 2021 से इस प्रकरण की सुनवाई भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही है, लेकिन अभिषेक बनर्जी पेशी में हाजिर नहीं हुए। इस पर भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट ने अभिषेक बनर्जी के विरुद्ध गत 11 अगस्त और 26 अगस्त, 2025 की तारीखों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अभिषेक बनर्जी ने इस गिरफ्तारी वारंट को चुनौती देते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर स्थित मुख्य पीठ में याचिका दायर की है। इसी याचिका के साथ अंतरिम राहत की मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

**मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी सहित अन्य को नोटिस**

# लोकपाल नियुक्ति के विज्ञापन में अधिवक्ताओं को आमंत्रित न करने को चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने लोकपाल नियुक्ति के विज्ञापन में अधिवक्ताओं को आमंत्रित न करने पर मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी व इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन सहित अन्य को नोटिस जारी किया है। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने चार सप्ताह में जवाब पेश करने निर्देश दिया है।

याचिकाकर्ता टीकमगढ़ निवासी अधिवक्ता कृष्णकांत खरे की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मप्र विद्युत कंपनी के लिए लोकपाल नियुक्ति के संबंध में मध्य प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन द्वारा नौ अक्टूबर, 2025 को जारी विज्ञापन चुनौती के योग्य है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस संबंध में जो नियम राजपत्र में प्रकाशित किए गए हैं, उसमें लोकपाल की नियुक्ति हेतु निर्धारित योग्यता लीगल अफेयर निर्धारित की गई है। इसके बावजूद लीगल अफेयर्स के तहत जिला न्यायाधीश के पद पर कार्य करने की दो वर्ष के अनुभव की अनिवार्यता की गई है, जो कि अवैध है। दरअसल, लीगल अफेयर्स के अंतर्गत अधिवक्ता भी आते हैं। आवेदक के पास जिला न्यायाधीश नियुक्त होने की योग्यता है, इसलिए उक्त पद के विज्ञापन में जिला न्यायाधीश के पद के अनुभव की अनिवार्यता अधिवक्ताओं के अधिकारों का हनन है।

### युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत ग्राम दिघौरा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दिघौरा निवासी 25 वर्षीय राजा गौंड ने किचिन के पंखा के कुंदा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि मृतक गत रात लगभग 9 बजे खाना खाकर परिवार सहित सो गया था।




**गोकलपुर में हादसा, मृतक को पहचानना भी हुआ मुश्किल**

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया युवक जलकर खाक

हरिभूमि, जबलपुर।

रांझी थाना क्षेत्र के गोकलपुर में रविवार देर रात एक भयावह हादसा हो गया, जिसमें एक युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौत हो गई। जिंदा जले युवक को पहचानना भी मुश्किल हो गया। बताया गया है कि बंदर को भगाने के लिए युवक कारखाने की छत पर चढ़ा था। घटना स्थल का दृश्य देखकर हर किसी की रूह कांप उठी। जानकारी के अनुसार गोकलपुर निवासी शिवप्रसाद पटेल का लोअर बनाने का कारखाना है, जहां कजरवारा निवासी 28 वर्षीय संजय कुमार काम करता था। रोज़ की तरह बीती रात वह काम निपटाकर कारखाने की छत पर टहलने चला गया। छत के बिल्कुल नजदीक हाईटेंशन लाइन गुजरती है, और टहलते समय अचानक संजय उसका शिकार बन गया।

संजय जैसे ही लाइन के संपर्क में आया, वह तेज विद्युत झटके से बुरी तरह जल गया। चंद सेकंड में उसकी पूरी देह झुलसकर खाक हो गई। साथी कर्मचारियों ने आवाज सुनकर तुरंत ऊपर जाकर देखा तो अंदर तक हिला देने वाला दृश्य सामने था। उन्होंने तत्काल पुलिस और कारखाना संचालक को सूचना दी।

### पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

सूचना मिलते ही रांझी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जांच पूरी होने के बाद मंगलवार सुबह शव को परिजनों



के सुपुर्द कर दिया गया। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है और यह भी जांचा जा रहा है कि छत के इतने पास हाईटेंशन लाइन होने के बावजूद कोई सुरक्षा प्रबंध क्यों नहीं था।

### हादसा लापरवाही की देन

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में कई जगह घरों और कारखानों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरती है, जो किसी भी समय बड़ा हादसा कर सकती है। बिजली विभाग को पहले ही कई बार लाइन को शिफ्ट करने या कवर लगाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। संजय की दर्दनाक मौत ने इलाके को झकझोर कर रख दिया है। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर कब तक ऐसी लापरवाही जानें लेती रहेगी।

*पुलिस आरक्षक बना देवदूत, एंबुलेंस चालक की मदद से घर पहुंचाया शव*

# मां के शव को घर ले जाने नहीं था पैसा

हरिभूमि, जबलपुर।

रांझी थाना क्षेत्र में रहने वाली 5 बच्चियों की मां गीता वंशकार का गंभीर बीमारी के चलते इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। महिला की मौत के बाद पति और बच्चियों का रो रोकर



बुरा हाल हो गया। गरीब परिस्थितियों के चलते मृतिका के परिवार के पास इतने रुपए भी नही थे की वह एम्बुलेंस कर अपनी मां का शव रांझी झंडा चौक ले जा सके। काफी देर तक बच्चियां और मृतिका का पति शव के पास नम आंखे लिए बैठे रहे की कोई फरिश्ता आये और उनकी मदद करे। बच्चियों में पास में ही बनी पुलिस की प्रीपेड एम्बुलेंस सेवा में पदस्थ पुलिस आरक्षक को अपनी गरीब परिस्थितियों के बारे में बताते हुए बताया कि उनकी मां का निधन हो गया है और उनके पास अपनी मां के शव को घर तक ले जाने के लिए रुपए भी नही है। प्रीपेड एम्बुलेंस सेवा में पदस्थ आरक्षक संजय सनोडिया ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए गरीब परिवार के लिए देवदूत बनकर महिला के शव को घर भिजवाने के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस की व्यवस्था करते हुए पीड़ित परिवार के शव को रवाना किया। जहां बच्चियों ने आरक्षक संजय सनोडिया का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें दुआएं दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240